सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-111 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 28 सितम्बर 2023
12 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com







# कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का एक्सीडेंट, हाथ-पैर में लगी चोट

- काफिले की कार से टकराई फॉर्च्यूनर
- एयरबैग नहीं खुलने से हाथ-पैर में लगी मंत्री को चोट





**प्रयागराज।** योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल की कार का एक्सीडेंट हो गया। एक बाइक सवार को बचाने को बचाने के चक्कर में उनकी गाड़ी काफिले में शामिल दूसरी कार से टकरा गई।

एयरबैग नहीं खुलने से आशीष पटेल के हाथ-पैर में चोट आई है। हादसे के बाद उनको मिर्जापुर ट्रामा सेंटर ले जाया गया। आशीष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पति हैं। अपना दल (एस) में कार्यकारी अध्यक्ष हैं। बुधवार को आशीष पटेल की कार प्रयागराज से मिर्जापुर जाते वक्त मेजा में हादसे का शिकार हुई है। बताया जा रहा है कि हाईवे पर अचानक उनके काफिले के आगे बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के लिए काफिले की पहली गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगाया। पीछे से आशीष पटेल की कार टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि फॉर्च्यूनर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बंपर टूटकर गिर गया। एयरबैग नहीं खुलने से आशीष के हाथ और पैर में चोट आई है। हादसे के बाद तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। आसपास के लोगों ने आशीष को गाड़ी से उतारा। आशीष पटेल को तुरंत दूसरी कार से मिर्जापुर के ट्रामा सेंटर ले जाया गया।

# यूपी में आए 30 करोड़ पर्यटकः योगी

## प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मिलेगी इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा, दी पर्यटन दिवस की शुभकमानाएं

- हेरिटेज टूरिज्म का गोरखपुर को बनाएंगे केंद्र
- रामगढ़ताल में उतरेगा सी प्लेन



**गोरखपुर।** मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, पर्यटन की संभावनाओं के साथ ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-बस और ई रिक्शा) की सेवा उपलब्ध कराई जाए। वहां डीजल-पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का संचलन न हो। इसके लिए निजी ऑपरेटर्स को प्रोत्साहित किया जाएगा।

सीएम योगी बुधवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित प्रर्दशनी का उद्घाटन, उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित ए टू जेड पुस्तिका का विमोचन, युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को किट वितरण और उत्तर प्रदेश के अग्रणी पर्यटन उद्यमियो का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा, इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की थीम है टूरिज्म एंड ग्रीन इन्वेस्टमेंट। प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा से लोगों को एक बहुत अच्छा वातावरण मिलेगा। वहां पर अपने आप एक आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण मिलेगा। विश्व पर्यटन दिवस की सबको शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पर्यटन हम सबके जीवन में एक नया परिवर्तन करते हुए जीवन को जीने की एक नई विधा प्रस्तुत करता है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक के जीवन में उत्साह और उमंग की भावना का संचार करने के लिए पर्यटन की ढेर सारी संभावनाओं को सामने लाने की आवश्यकता है।



### बच्चों के टूरिस्ट बस को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर से बच्चों से भरी पर्यटक बस को कुशीनगर के लिए रवाना किया। ये बस बच्चों को कुशीनगर ले जाकर वहां भ्रमण कराएगी। बच्चों को भगवान बुद्ध का परिनिर्वाण स्थल के साथ ही अन्य मंदिरों पर ले जाया जाएगा और फिर पथिक निवास में उनका जलपान कराया जाएगा।

## गुजरात दौरे पर पीएम मोदी ने किया रोड शो, विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

# मेरे नाम से कोई घर नहींः मोदी

- 5200 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया
- मैंने लाखों बेटियों को घर का मालिक बना दिया



**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों गुजरात दौरे पर हैं। यहां वडोदरा में उन्होंने रोड शो किया। इस दौरान उनके साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। रोड शो के बाद पीएम नारी शक्ति वंदन अभिनदंन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया।

महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने के लिए सम्मानित करने के कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा- विपक्ष ने तीन दशक तक इसे रोके रखा पर अब उनकी सरकार ने महिला आरक्षण को हकीकत बना दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनके नाम पर कोई घर नहीं है, लेकिन उनकी सरकार ने देश की लाखों बेटियों को घर का मालिक बना दिया। मंगलवार से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आए मोदी गुजरात के आदिवासी बहुल छोटा उदेपुर जिले के बोडेली शहर में शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 4,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं सहित 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, चूंकि मैंने आपके साथ महत्वपूर्ण समय बिताया है, मैं गरीब लोगों के सामने आने वाले मुद्दों को जानता हूं और मैंने हमेशा उन मुद्दों को हल करने की कोशिश की है। आज मैं संतुष्ट हूं क्योंकि मेरी सरकार ने देश भर में लोगों के लिए चार करोड़ घर बनाए हैं। पिछली सरकारों के विपरीत, गरीबों के लिए एक घर हमारे लिए सिर्फ एक संख्या नहीं है। हम गरीबों के लिए घर बनाकर उन्हें सम्मान प्रदान करने का काम करते हैं। हम गरीबों की जरूरतों के अनुसार घर बना रहे हैं, वह भी बिना किसी बिचौलिये के। लाखों घर बनाए गए और हमारी महिलाओं के नाम पर पंजीकृत किए गए। हालांकि मेरे नाम पर घर नहीं है, लेकिन मेरी सरकार ने लाखों बेटियों को घर का मालिक बना दिया। मोदी ने यह भी कहा कि विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा गांधीनगर में गुजरात शिक्षा विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उनसे देश भर में ऐसे केंद्र शुरू करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, विश्व बैंक के अध्यक्ष (अजय बंगा) ने हाल ही में (गांधीनगर में) विद्या समीक्षा केंद्र का दौरा किया। बैठक के दौरान उन्होंने मुझसे भारत के सभी जिलों में ऐसे केंद्र शुरू करने का आग्रह किया और कहा कि विश्व बैंक इस परियोजना का हिस्सा बनने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), जो तीन दशकों तक अधर में लटकी रही, आखिरकार उनकी सरकार द्वारा पेश की गई।

# आवास के रेनोवेशन मामले की सीबीआई करेगी जांच

- केजरीवाल की बढ़ेंगी मुश्किले
- सरकारी बंगले पर करोड़ों खर्च के जांच का है मामला



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आवास के रेनोवेशन मामले में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। इसको लेकर सीबीआई ने केस भी दर्ज किया है। इससे पहले उपराज्यपाल ने भी मुख्यमंत्री आवास सौंदर्यीकरण में हुए खर्च को संज्ञान में लिया था। सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्रारंभिक जांच पर आम आदमी पार्टी का भी बयान सामने आया है। आप ने कहा है कि दिल्ली की 2 करोड़ जनता का आशीर्वाद अरविंद केजरीवाल के साथ है। इस जांच से कुछ नहीं निकलेगा। उपराज्यपाल इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने मुख्य सचिव को पूरे मामले में सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिए थे। साथ ही इस पूरे मामले में रिपोर्ट पेश करने को कहा था। वहीं भाजपा ने दावा किया था कि नवीनीकरण नहीं बल्कि पुराने की जगह नया ढांचा तैयार किया गया। इसमें उनका कैंप कार्यालय भी है। साथ ही भाजपा ने दावा किया था कि इस मामले में दस्तावेज से पता चलता है कि 43.70 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि के बजाय सिविल लाइंस के 6 फ्लैट, स्टाफ रोड स्थित केजरीवाल के सरकारी आवास की शक्ल बदलने पर 44.78 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। दस्तावेज में 9 सितंबर, 2020 से जून, 2022 के बीच 6 बार में राशि खर्च की गई।

### कैग जांच की भी हुई थी सिफारिश

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग द्वारा मामले की जांच कराने के लिए केंद्र सरकार ने सिफारिश की थी। राजभवन की ओर से जांच के आदेश की जानकारी दी गई थी। राजभवन की ओर से कहा गया था कि गृह मंत्रालय को 24 मई को एक पत्र मिलने के बाद स्पेशल कैग ऑडिट की सिफारिश की गई थी। यह पत्र एलजी ऑफिस की ओर से मिला था।

# उज्जैन में 12 साल की बच्ची से रेप

- खून से सनी लड़की आधे-अधूरे कपड़ों में ढाई घंटे भटकती रही



**इंदौर।** उज्जैन में 12 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। महाकाल थाना इलाके में बड़नगर रोड पर दांडी आश्रम के पास बच्ची सोमवार शाम घायल हालत में मिली थी। उसके कपड़े खून से सने थे। बच्ची आधे-अधूरे कपड़ों में सांवराखेड़ी सिंहस्थ बाइपास की कॉलोनियों में ढाई घंटे तक भटकती रही। इसके सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने खोजे हैं। वह पूरे आठ किलोमीटर चलती गई। उसके प्राइवेट पार्ट्स में गंभीर चोटें हैं। उसने पुलिस को बताया- उसकी मां के साथ भी गलत काम हुआ है, लेकिन उसकी मां कहां है और वह उज्जैन तक कैसे आई इस बारे में कुछ भी नहीं बता पा रही है। ज्यादा खून बह जाने के कारण बच्ची को इंदौर के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वहां उसे खून चढ़ाया गया, बच्ची अब खतरे से बाहर है। डॉक्टरों ने रेप की पुष्टि की। उज्जैन एसपी सचिन शर्मा ने बताया कि बच्ची शायद प्रयागराज की रहने वाली है। बच्ची ठीक से ज्यादा कुछ बता नहीं पा रही है कि घटना कहां हुई।

# एनआईए की सात राज्यों में छापेमारी

- खालिस्तानी आतंकियों को कारतूस सप्लाई करने की सूचना पर की कार्रवाई
- दून के गन डीलर को पहले भी गिरफ्तार कर चुकी है दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने गैंगस्टर टेरर नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड और दिल्ली-एनसीआर समेत छह राज्यों में एक साथ रेड मारी जा रही है।

एनआईए कुल मिलाकर 51 जगहों पर रेड कर रही है. पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों में छिपकर बैठे गैंगस्टर्स के संबंध खालिस्तानी आतंकियों संग होने के सबूत मिले हैं. माना जा रहा है कि इसे ही ध्यान में रखते हुए ये रेड हो रही है। एनआईए ने बताया है कि वह 6 राज्यों में 3 मामलों में लॉरेंस बंबीहा और अर्श डल्ला गिरोह के सहयोगियों से संबंधित 51 स्थानों पर छापेमारी कर रही है। पंजाब के भठिंडा और मोगा में एनआईए की टीम मौजूद है. पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद से ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग और बंबीहा गैंग चर्चा में थे. कहा जाता है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग को टक्कर देने के लिए बंबीहा गैंग ने पाकिस्तान की मदद भी ली। वहीं, अर्श डल्ला विदेश में छिपकर बैठा है और वहां से ही अपने अपराध को अंजाम दे रहा है। भारत-कनाडा के बीच चल रहे कूटनीतिक खींचतान के बीच एनआईए की तरफ से ये बड़ी कार्रवाई की गई है। एनआईए ने पंजाब में 30 जगहों, राजस्थान में 13 जगहों, हरियाणा में 4 जगहों, उत्तराखंड में 2 जगहों, दिल्ली और यूपी में एक-एक जगहों पर छापेमारी की है। इसे प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स के ऊपर सबसे बड़ा प्रहार माना जा रहा है। अर्शदीप डल्ला के पंजाब और अन्य राज्यों में नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। डल्ला के करीबी हैरी मौर, गुरप्रीत सिंह गुरी और गुरमैल सिंह के ठिकानों पर पंजाब में रेड मारी गई है। सूत्रों के मुताबिक विदेशों में बैठे खालिस्तानी और गैंगस्टर भारत मे ओवर ग्राउंड वर्कर को हवाला चैनल से ड्रग्स और हथियार के लिए फंडिंग कर रहे हैं।

### हिरासत में लेकर दिल्ली लौटी एनआइए की टीम

बुधवार सुबह उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर बाजपुर में एनआइए की टीम ने गन डीलर शकील के घर और गन हाउस पर छापेमारी की। जबकि देहरादून के टर्नर रोड क्षेत्र में गन डीलर परीक्षित नेगी के घर पर भी घंटों पूछताछ की गई। दोनों ही स्थानों पर एनआइए लंबी पूछताछ और पड़ताल के बाद आरोपितों को हिरासत में लेकर दिल्ली लौट गई। दून का गन डीलर परिक्षित नेगी के पूर्व में भी आतंकियों से संपर्क की सूचना मिली थी।

# कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहींः धनखड़



**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक युगांतकारी बताते हुए बुधवार को कहा कि जब तक 50 प्रतिशत मानवता के लिए न्याय सुनिश्चित नहीं किया जाता तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आज राजस्थान में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में एक तिहाई आरक्षण देने के विधेयक का उल्लेख करते हुए कहा कि यह महिलाओं के अधिकारों की मान्यता और उनके अधिकार की पुष्टि है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। उन्होंने नागरिकों से 'हमारे संस्थानों को कलंकित करने, बदनाम करने और कमजोर करने वाले भारत विरोधी वक्तव्यों का सक्रिय रूप से मुकाबला करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा को सबसे प्रभावी और प्रभावशाली यंत्र बताया और कहा कि इससे भारत के विकास में तेजी आएगी।

# भाजपा राजस्थान में 30 फीसदी विधायकों के काटेगी टिकट

- संघ की हरी झंडी मिलते ही जारी होगी पहली सूची
- शाह-नड्डा करेंगे बैठक, संघ से भी लेंगे राय




**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा के बाद भाजपा ने राजस्थान में फोकस बढ़ा दिया है। पार्टी पहली लिस्ट जारी करने के जोड़ तोड़ में जुट गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इसे लेकर जयपुर पहुंच रहे हैं। पार्टी के भीतर चर्चा है कि इस बार कुछ मौजूदा विधायकों के टिकट कट सकते हैं। इनकी संख्या 30 से 35 फीसदी बताई जा रही है। इसके अलावा मध्यप्रदेश की तर्ज पर कुछ सांसदों को भी चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। दरअसल, भाजपा कोई जोखिम नहीं लेना चाहती, इसलिए प्रत्याशियों के चयन में काफी सावधानी बरत रही है। जिन विधायकों के टिकट कट सकते हैं, उन्हें लेकर प्रदेश में काफी हलचल मची हुई है। इस बीच महिला आरक्षण के बिल प्रस्तुत करने के बाद भाजपा महिला उम्मीदवारों के लिए भी अलग से विचार कर रही है। जबकि कई नाम ऐसे हैं जिन पर भाजपा चुनाव समिति की राय लगभग तय हो चुकी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार सुबह भाजपा-संघ के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में विधानसभा चुनावों में टिकट बंटवारे व चुनावों में संघ की भूमिका को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# स्मार्ट सिटी में यूपी को तीसरा स्थान

- आगरा देश का तीसरा सबसे स्मार्ट शहर
- यूपी के शहरों को स्मार्ट और सेफ बनाने में जुटी योगी सरकार के प्रयासों का है फल



**वाराणसी।** केन्द्र की स्मार्ट सिटी योजना में देश के 100 शहरों में यूपी ने तीसरा स्थान तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, ताज नगरी आगरा को देश का तीसरे स्मार्ट सिटी का खिताब दिया गया है। जबकि नार्थ जोन पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी के तौर पर पुरस्कृत किया गया है। प्रदेश को विभिन्न श्रेणियों में 10 पुरस्कार हासिल हुए हैं।

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा इंदौर में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कन्क्लेव में प्रदेश सरकार की तरफ से प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात व स्मार्ट सिटी मिशन डायरेक्टर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूपी को सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में तीसरे स्थान पर आने पर पुरस्कृत किया। देश की सौ स्मार्ट सिटी के बीच विभिन्न श्रेणियों में यह प्रतियोगिता थी। समारोह में प्रदेश के अन्य शहरों को भी अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत प्रदेश के 10 शहर आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी शामिल हैं। इन शहरों में 9313.45 करोड़ रुपये की लागत से स्वच्छता, जलापूर्ति, पथ-प्रकाश, सीवरेज जैसी नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ स्मार्ट मार्ग, स्मार्ट पार्किंग, पार्कों व वॉटर बॉडीज की कुल 670 परियोजएं प्रस्तावित हैं। अबतक 5889.14 करोड़ रुपये की 456 परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है। सभी नगर निगमों में स्मार्ट सिटी के साथ-साथ सेफ सिटी बनाये जाने का कार्य तेजी से हो रहा है। इनमें इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर, आईटी के विभिन्न कम्पोनेंट, सीसीटीवी इत्यादि तथा महिलाओं, वृद्धों, दिव्यांगों व बच्चों के लिए जरूरी सुविधायें और सेवाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। इन प्रयासों का परिणाम स्वरूप स्मार्ट स्मार्ट सिटी शहरों की रैकिंग में प्रदेश के 2 शहर आगरा व वाराणसी निरन्तर प्रथम 10 शहरों व तीन शहर आगरा, वाराणसी व कानपुर प्रथम 20 शहरों में शामिल रहे हैं। **यूपी को इन श्रेणियों में मिला पुरस्कारः** बेस्ट स्टेट की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को तृतीय स्थान, इकोनॉमी श्रेणी में रोजगार ट्रेनिंग सेंटर के लिए लखनऊ का तीसरा स्थान, सिटी अवॉर्ड कैटेगरी में नार्थ जोन के 10 लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों में वाराणसी पहला स्थान, प्रॉजेक्ट अवॉर्ड के बिल्ड एन्वायरमेंट श्रेणी में कानपुर को पालिका स्पोर्ट स्टेडियम के आधुनिकीकरण व विकास कार्य के लिए तीसरा स्थान मिला।

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई

इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में यूपी के शहरों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री योगी ने बधाई दी है। एक्स पर दिए गए बधाई संदेश में सीएम ने कहा प्रदेश के नागरिकों के जीवन को सरल व सुगम बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसे नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को प्रकट करती उपलब्धि बताया है।

# एक हफ्ते में जारी हो आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, नहीं तो नपेंगे लेखपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में एडीएम संजय सिंह सहित सभी एसडीएम के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर पर विस्तृत बैठक की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।डीएम ने क्रमश पराली प्रबन्धन, आयए जाति, निवास, हैसियत प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल निर्गत करने राजस्व न्यायालय संबंधी कार्यों एवं पत्रावलियों की समीक्षा, गोवंश संरक्षण, गौशालाओं का प्रबन्धन, धान खरीद की तैयारी, आईजीआरएस, जनसुनवाई, विशेषकर अभिलेखागार (अग्निशमन यंत्रों की क्रियाशीलता, डस्ट क्लीनर्स की उपलब्धता), शासन की विभिन्न लाभार्थापरक योजनाओं से संबंधित आवेदनों का समयान्तर्गत सत्यापन कार्यए कानून एवं व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर पर गहन समीक्षा की।

## राजस्व न्यायालयों के लंबित वादों का कराए त्वरित निस्तारण, एसडीएम स्वयं करें रिव्यू

डीएम ने निर्देश दिए कि ने ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं आय, जाति, निवास व हैसियत प्रमाण पत्र एवं खतौनी नकल उक्त सभी परिपत्र तय समय सीमा के अंदर ही निर्गत किए जाए। एसडीएम सभी लेखपालों की बैठक लेकर निर्देशित करे कि किसी के पटल पर उक्त प्रमाण पत्र लंबित न रहें। तहसीलदार, नायब तहसीलदार लेखपालों की नियमित समीक्षा करें तथा पॉजिटिव परिणाम प्राप्त न होने और तय समय सीमा के बाद लंबित मामलों पर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही करें। राजस्व न्यायालयों के लंबित वादों के त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराए। लंबित वादों की एक सूची बनायें, अधिक समय से लंबित वादों की पत्रावलियाँ एसडीएमए तहसीलदार, एनटी स्वयं देखे, प्राथमिकता पर उनके निस्तारण का हर संभव प्रयास करे। डीएम ने निर्देशित किया कि एसडीएम अपने तहसील क्षेत्र में अधीनस्थ कार्मिकों के जरिए सुनिश्चित कराए कि शासन की विभिन्न विकास परक, लाभार्थीपरक कार्यक्रमों एवं योजनाओं (कृषक दुर्घटना बीमा योजनाए विभिन्न लाभार्थीपरक पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना इत्यादि) का समय अंतर्गत सत्यापन कार्य सुनिश्चित कराए।

## अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर न हो कम्बाइन का संचालन, कराए सुनिश्चित: डीएम

डीएम ने निर्देश दिए कि फसल की कटाई से रबी की बुवाई तक मानीटरिंग की कार्यवाही व्यापक स्तर पर की जाए। फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्र का उपयोग किया जाना जरूरी होगा। यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त व्यवस्था बगैर कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई न करने पाये। यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रारेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुयी पायी जाये तो उसको तत्काल सीज करते हुये कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा. मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाये।

## सप्ताह में दो परिषदीय विद्यालयों का करें निरीक्षण करे अफसरः डीएम

डीएम ने निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों में पठन पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सप्ताह में दो-दो विद्यालयों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करे। उसकी निरीक्षण रिपोर्ट बीएसए को भेजें।

### धान बेचने में किसानों को न हो असुविधा, सुनिश्चित कराए अफसर, सत्यापन में लाए तेजीः डीएम'

डीएम ने धान बेचने में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा ना होए इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराए। समस्त तहसीलों में कृषकों द्वारा बोए गए रकबे का सत्यापन द्रुतगति से सत्यापन किये जाने के लिए निर्देशित किया। अधिक से अधिक किसानों को धान बेचने के लिए पंजीकरण करने के लिए फैसिलिटेट करें। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल ;आईजीआरएसद्ध के प्रकरणों को प्रत्येक दशा में समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित कराएए जिसमे आख्या सारगर्मित हो। एसडीएम अभिलेखागारों का नियमित निरीक्षण करे। अग्निशामक यंत्र चलताऊ अवस्था में होए डस्ट क्लीनर होए पत्रावलियाँ सुरक्षित व साफ हों।

# धीरे-धीरे दम तोड़ती नज़र आ रही है मोहम्मदी को जिला बनाओ की मांग

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी को जिला बनाओ की मांग धीरे-धीरे दम तोड़ती नज़र आ रही है। उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े जिला खीरी की तहसील जिसे कभी जिले का दर्जा प्राप्त था को अंग्रेजो के खौफ के कारण तहसील में बदल दिया गया। मोहम्मदी तहसील अब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। मोहम्मदी तहसील से जिला मुख्यालय 65 किलोमीटर दूर होने के कारण आम जनमानस जिन्हे अपना काम जिले से करवाना होता है को खासी दुश्वारियो का सामना करना पड़ता है। यहां जिला मुख्यालय को जाने के लिये कोई उचित व्यवस्था भी नहीं है। जिस कारण आम जनमानस को डग्गामार वाहनो का सहारा लेना पड़ता है। बताते चले कि मोहम्मदी को जिला बनाओ की मांग काफी अरसे से चली आ रही है और इसी मांग का फायदा उठाते हुए कि अगर हमारी सरकार बनी तो सबसे पहले मोहम्मदी को जिला बनाने का काम करेंगी का लालीपांप देकर राजनीतिक पार्टियां अपना विधायक और सांसद भी बना लेती है। इसी प्रकार वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के मुखिया भी मोहम्मदी की भोली-भाली जनता से वादा करके गये थे कि तुम हमे विधायक दो हम तुम्हे जिला देंगे। तब मोहम्मदी की भोली-भाली जनता ने भाजपा का विधायक बना दिया और प्रदेश में भाजपा की सरकार भी बन गयी परन्तु मोहम्मदी जिला नहीं बन सका। आम जन की इस मांग को वकीलो का भी साथ मिला और मोहम्मदी बार एसोसियेशन द्वारा प्रत्येक शनिवार को मोहम्मदी को जिला बनाओ की मांग कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया जाता रहा परन्तु उनके ज्ञापन भी रद्दी की टोकरी के हवाले होते गये। अब मोहम्मदी की भोली-भाली जनता ने मोहम्मदी के जिला बनने को सपना मान लिया जो कभी पूरे नहीं होते।

# धान खरीद, प्रत्येक क्रय केन्द्र पर डीएम ने नियुक्त किए कनिष्ठ व वरिष्ठ नोडल अफसर

**लखीमपुर खीरी।** जिले में एक अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जनपद में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत धान खरीद वर्ष 2023-24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिले में स्थित सभी 169 धान क्रय केन्द्रों पर नियमित रूप से किसानों द्वारा धान के विक्रय की प्रक्रिया को सुगम, पारदर्शी रूप से सम्पादित करने के लिए प्रत्येक धान क्रय केन्द्र पर कनिष्ठ/वरिष्ठ नोडल अधिकारियों डयूटी लगायी है।

### तहसील क्षेत्र में धान क्रय प्रक्रिया के प्रभारी होगे एसडीएम, कराएंगे कृषकों की धान विक्रय की समस्याओं के समाधान

डीएम ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत स्थिति धान क्रय प्रक्रिया के प्रभारी रहेंगे तथा नियमित, सघन अनुश्रवण करेंगे। प्रत्येक केन्द्र पर तहसील के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी लगाते हुए शासन की मंशा के अनुरूप धान क्रय के लक्ष्य को सुगमतापूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग करेंगे। पर्यवेक्षणीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण नियमित रूप से पूरे क्रय सत्र में (01 अक्टूबर, 2023 से 31 जनवरी, 2024 तक) क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। शासनादेश व निर्धारित मानकों के अनुरूप किसानों से निर्वाध रूप से धान क्रय कराया जाना सुनिश्चित कराते हुए कृषकों की धान विक्रय की समस्याओं के समाधान कराना सुनिश्चित करेंगे तथा निरीक्षण के कोई प्रतिकूल तथ्य / विशिष्ठ सुझाव से उन्हें एवं एडीएम व डिप्टी आरएमओ को त्वरित रूप से अवगत करायेंगे।

## पर्यवेक्षण अफसर 29 को करेंगे क्रय केंद्र का निरीक्षण, सोपेंगे अपनी रिपोर्ट

धान क्रय केन्द्रों की क्रियाशीलता, व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित वरिष्ठ पर्यवेक्षणीय अधिकारी 29 सितंबर को धान एवं मक्का क्रय केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर 30 सितम्बर को अपरान्ह 01 बजे तक निरीक्षण आख्या/ओ.के. रिपोर्ट निर्धारित संलग्न प्रारूप पर डिप्टी आरएमओ को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

### मक्का क्रय केंद्र के नोडल होंगे एसडीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विपणन शाखा के कुल अनुमोदित 04 मक्का क्रय केन्द्रों लखीमपुर मण्डी/गोला मण्डी/पलिया मण्डी एवं तिकुनिया मण्डी के नोडल अधिकारी सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी को बनाया, जो नियमितरूप से मक्का क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए शासनादेश में निर्धारित मानकों के अनुसार किसानों से निर्बाध रूप से मक्का क्रय कराना सुनिश्चित करेंगे।

# सपा के प्रदेश महासचिव एवं विधायक अताउर रहमान ने लखीमपुर सदर विधान सभा के बूथ कमेटियों की समीक्षा की

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव एवम् विधायक अताउर रहमान ने लखीमपुर सदर विधान सभा के बूथ कमेटियों की समीक्षा शहर के तथागत हॉल में की। समीक्षा बैठक का संचालन सपा के




सदर विधान सभा के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने किया। बूथ कमेटियों की समीक्षा के बाद प्रदेश महासचिव अताउर रहमान ने बूथ एवम् जोन कमेटियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने बूथ के कार्यकर्ताओ की चुनाव में अहम भूमिका होती है बूथ का प्रबंधन जितना मजबूत होगा उतनी ही बड़ी जीत हासिल होगी। उन्होंने पूर्व सदर विधायक उत्कर्ष वर्मा की मज़बूत बूथ प्रबंधन के लिए तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि इन मज़बूत बूथों के बल पर समाजवादी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार लोक तंत्र को खत्म करने का कार्य कर रही है जबकि सपा सहित इण्डिया गठबंधन के अन्य दल लोकतंत्र की जडों को मजबूत करने के लिए संर्घष कर रहे है। घोसी विधानसभा उपचुनाव में सपा के वोटरों को धमकाने के बावजूद वहां पर 42000 वोटों से ज्यादा सपा उम्मीदवार जीता पूरे देश में भाजपा विरोधी लहर चल रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में इण्डिया गठबंधन भरी बहुमत से जीतेगा और केन्द्र में सरकार बनाएगा। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पूर्व सदर विधायक उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि गत विधान सभा चुनावों में बूथों के प्रबंधन में जो कमियां पाई गईं थीं उन्हें दुरुस्त कर मज़बूत बूथ कमेटिया बना दी गईं है। वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव बड़ी मजबूती से लड़ा जाएगा, कार्यकर्ताओ को समाजवादी पार्टी के प्रभारी जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व विधायक मंत्री रफ़ी अहमद उस्मानी, सपा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र यादव, जिला प्रवक्ता जाहिद ख़ान एडवोकेट, सदर विधान सभा अध्यक्ष अशोक वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगदीश वर्मा, सपा के वरिष्ठ नेता शकील यूसुफी, नाजिम अंसारी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष अशोक कश्यप, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के ज़िला अध्यक्ष अमित वर्मा, सपा नगर अध्यक्ष खीरी टाऊन सोहराब गौरी, नगर पंचायत खीरी के सभासद सईद अंसारी, पशुपति नाथ शुक्ला, सखावत अली, शफीक कुरैशी, त्रिभुवन सिंह सेंगर सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वास्थ्य केंद्र पर कन्याओं का जन्मदिन मनाया

**सीतापुर।** पीएचसी सदर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजना के तहत नवजात कन्याओं का कन्या जन्मोत्सव केक काटकर व बेबी किट एवम लड्डू बांटकर मनाया गया। इस मौके पर 33 नवजात कन्याओं का कन्या जन्मोत्सव मनाया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, पीएससी अधीक्षक डॉक्टर शानू कुमार वर्मा, दीपिका नाग, कुसुम ने नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कन्याओं के प्रति सकारात्मक सोच रखने हेतु माताओं को सम्मानित किया। बताया कि महिलाओं व पुरूषों को बेटा-बेटी में किसी प्रकार का भेद-भाव नही करना चाहिये। बालिकाओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया जाना चाहिये। बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद, व्यवसाय, राजनीति, पत्रकारिता, साहित्य आदि क्षेत्रो में भी आगे बढाने का प्रयास करना चाहिये।

## लूट के 60,000 रू0, 03 मोबाइल व 01 मोटरसाईकिल बरामद कर 05 नफर अभियुक्तो को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये क्षेत्राधिकारी ने बताया कि थाना खीरी पर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जगसण निवासी रामप्रताप पुत्र मोहनलाल (वादी राकेश, बीसी संचालक के चचेरे भाई) के साथ इन्डियन बैंक ( शाखा नकहा ) से 1,13,000 रुपये मोटरसाइकिल से अपने घर लाते समय थाना खीरी क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर थाना खीरी पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खीरी पर मु0अ0सं0 384/23 धारा 394 भादवि पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करने के पश्चात घटना के शीघ्र अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था विवेचना के क्रम में सुरागरसी/पतारसी, ह्यूमन इंटेलिजेन्स एवं मोबाइल सर्विलांस के आधार पर दिनांक 26/27.09.2023 की रात्रि को पुलिस टीमों द्वारा थाना खीरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रमही पुल के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान घटना में संलिप्त 05 नफर अभियुक्तों फिरोज अहमद, अशफाक, अयान, मुकेश व अंशु तिवारी को लूट के 60,000 रुपये व घटना में प्रयुक्त 03 अदद मोबाइल फोन व 01 अदद मोटरसाइकिल व लूट के रुपयों से खरीदी गई 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त अंशु तिवारी घायल हो गया था, जिसका उपचार जिला अस्पताल में कराया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अंशु तिवारी के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया, जिसके संबंध में थाना खीरी पर मु0अ0सं0 436/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल बांटी

सीतापुर। बुधवार को कृषक इंटर कॉलेज महोली के मैदान में ट्राइसाइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां का बखान किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि विकलांगों की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इसमें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने अपना सराहनीय योगदान करते हुए ट्राइसाइकिल वितरण करवाया है। ट्राइसाइकिल पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी अभिनव कुमार यादव, मनोज कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य प्रफुल्ल कुमार मिश्रा, कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की

*अवधनामा संवाददाता*



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न - परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य कराये जा रहे हैं। उन कार्यों में भौतिक प्रगति लायी जाये एवं सभी कार्य गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण किये जायें। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरमथुरा में कराये जा रहे कार्य की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की एवं ठेकेदार को कार्यों में अनियमिताओं एवं धीमी प्रगति पर ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश संबंधित को दिये। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रधानाचार्य एवं टाइप वन आवास के कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस को दिये तथा विद्युत कनेक्शन भी करा दिया जाये। उन्होंने चक्रतीर्थ में कराये जा रहे कार्यों की स्थिति की जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप ही कराये जायें तथा कुंड का पानी बैक फ्लो न हो, इसके लिये स्लाप सही करायी जाये ताकि पानी फ्लो के साथ निकले। कार्यदायी संस्था से बनाये जा रहे पुलो की जानकारी लेते हुये कहा कि कैंची पुल के पास जो नया पुल बन रहा है, उसमें तेजी लायी जाये। पुल मजबूती के साथ बनाया जाये, क्यों कि वहां से भारी वाहन का आवागमन रहेगा।

## ड्रग्स माफिया से संपर्क रखनवाले व्यक्ति विन्नी के खिलाफ थाना बादल पुर ने नही करी कार्यवाही



**गौतम बुद्ध नगर।** दुरियाईं बादल पुर जनपद गौतम बुद्ध नगर के निवासी मनोज डबास व उनके परिवार के काफी लोग कमिशनर लक्ष्मी सिंह जी के यहां रोते बिलखते पहुंचे शिकायत करने थाना प्रभारी बादल पुर के खिलाफ। वहा पर उन्होंने बताया कि मेरे एक ही पोता गौरव को नसे की लत लगा दी गांव का ही रहने वाला विन्नी पुत्र सुशील। कई महीने से ड्रग्स पिला रहा था मेरे फूल से बच्चे को । फिर धीरे धीरे उससे सोने के सामान मंगवाने लगा, कई सोने का सामान उसने लूट लिया। जब मुझे अपने पोते गौरव की तबियत बिगड़ी तो मैं डॉक्टर के पास गया तो डॉक्टर ने बताया की इस लडके को ड्रग्स की डोज कई दिनों से दी गई हैं। मैने थाना बादल पुर में प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं किया। गुप्त सूत्रों द्वारा जानकारी मिली हैं कि विन्नी ड्रग्स माफिया व कई होटलों से जुड़ा हुआ है। अगर पुलिस विन्नी को अरेस्ट कर पूछताछ करे तो कई बड़े ड्रग्स माफिया के नाम सामने आयेंगे।

# शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने के लिए बैठक

*अवधनामा संवाददाता*



**सीतापुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कसमंडा पर बुधवार को शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ की। बैठक में विद्यालय की साफ सफाई पर चर्चा की गई। प्रेरणा पोर्टल पर छात्रों की फोटो अपलोड करने की स्थित के बारे में जाना। शिक्षक अभिभावक मीटिंग के क्रियान्वयन की समस्या सत्र 2023- 24, एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत अकादमिक गतिविधियों व सूची तालिका प्रदर्शन के क्रियान्वयन पर चर्चा की। विद्यालय में निरीक्षण पंजिका की उपलब्धता पर चर्चा की गई। छात्र उपस्थित बढ़ाने को लेकर प्रयासों पर चर्चा की गई। 5 सर्वाधिक उपस्थित वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रस्तुतीकरण मानव संपदा पोर्टल पर अवकाश अपडेट रखने पर चर्चा की गई। बड़े बच्चो से छोटे बच्चो में मैपिग के माध्यम से भाषा पठन व गणितीय संक्रियाओं पर करने का प्रस्ताव रखा। निपुण लक्ष्य को सफल बनाने एवं रद्दी अखबार से बच्चों को पठन कराने की शपथ दिलाई। दीक्षा एप एवं निपुण लक्ष्य पर चर्चा सितंबर माह में आयोजित नेट वन परीक्षा में सत प्रतिशत छात्र उपस्थिति वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। माह में अधिकतम छात्र उपस्थिति वाले पांच टॉप विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया। बैठक में एआरपी हिमांशु शुक्ला, प्रभात दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## 10 हजार के ईनामी गिरफ्तार

**सीतापुर।** खैराबाद थाना पुलिस ने कस्बे के निकट रेलवे अंडरपास के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने खैराबाद कस्बा के मोहल्ला पटाव निवासी शजान उर्फ सहजान पुत्र हसन व मोहल्ला मियां सरांय निवासी कल्लू उर्फ नसीम पुत्र बन्दे अली को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर अपराधी हैं। इनके विरुद्ध गैंग बनाकर आपराधिक कृत्य करने के संबंध अभियोग पंजीकृत हैं। ये दोनों गैंगेस्ट एक्ट में वांछित चल रहे थे। इनकी गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपये का ईनाम घोषित था। दोनों आरोपियों की अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

## कथा सुनने को जुटे श्रद्धालु

**सीतापुर।** महोली के महसुनिया गंज में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर अंधकार छा जाता है। तब प्रभु मनुष्य के कष्ट निवारण के लिए कोई न कोई रूप धारण कर अवतरित होते हैं। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य को धर्म मार्ग पर चलने के लिए साधु संतों की शरण में जाना अति आवश्यक है। तभी हमें ज्ञान की प्राप्ति होगी। जब ज्ञान की प्राप्ति होगी, तो भगवान की प्राप्ति आसान हो जाएगी। कथा के बाद आरती और प्रसाद वितरित किया गया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सीतापुर।** हरदोई जिले के अहिरौरी निवासी बबलू पुत्र रमेश बाइक से अपनी ससुराल महोली के ग्राम कचूरी जा रहा था। रास्ते में पिसावा थाना क्षेत्र के ग्राम जल्लापुर चौराहे के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया।

# महिला की लखनऊ अस्पताल में हुई मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के वार्ड नंबर 9 की रहने वाली एक महिला की लखनऊ के एक नामी गिरामी अस्पताल में हुई मौत का मामला तूल पकड़ रहा है। एक ओर परिजन जहां उसकी मौत की वजह डेंगू से होना बता रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग महराजगंज इससे इनकार कर रहा है। उनका कहना है कि, अधिकृत रूप से किसी मेडिकल संस्था या चिकित्सालय द्वारा इस बात की पुष्टि करने के कोई तथ्य नहीं मिले हैं। आपको बता दें कि, वार्ड संख्या 9 में मच्छरों की भरमार होने के कारण कई लोगों को बुखार आया। इनमें कई लोग अभी भी अपना इलाज कर रहे हैं। दूसरी ओर इसी वार्ड के रहने वाले माली की पत्नी मधु जो गर्भवती थी। परिजनों के मुताबिक पहले उसे तेज बुखार आया, फिर शरीर में अकड़न हुई तो उसे रायबरेली के एक निजी डॉक्टर को दिखाया गया। वहां फायदा नहीं हुआ तो उसे लखनऊ के क्वीन मैरी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां कल दोपहर बाद उसकी मौत हो गई। मौत होने के बाद उसके परिवार ही नहीं पूरे मोहल्ले में कोहराम मच गया। परिवारी जनों का कहना है कि, मधु की मौत गंदगी युक्त वातावरण में मच्छरों के काट लेने से डेंगू हो जाने की वजह से हुई है। वह रायबरेली की एक पैथोलॉजी की जांच रिपोर्ट का जिक्र करते हैं, जिसमें लेकिन महराजगंज उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर एसपी सिंह का कहना है कि, डेंगू के लक्षण की पुष्टि किसी अस्पताल द्वारा नहीं की गई है। च्यूंकि गर्भवती अवस्था में उसे क्वीन मैरी ले जाया गया, जहां प्रसुताओं का इलाज होता है। अधीक्षक डॉक्टर एसपी सिंह ने यह भी बताया कि, सीएचसी महराजगंज में सितंबर माह में हुई जांचों में एक भी मरीज के अंदर डेंगू के लक्षण नहीं मिले है। मधु की आकस्मिक हुई मौत पर पूरे मोहल्ले में कोहराम मचा है। लोगों ने जिलाधिकारी से कीटनाशक का छिड़काव और नियमित फॉगिंग कराए जाने की मांग की है।

# शातिर लुटेरे गिरफ्तार, लूट का कैश बरामद रामकोट थाना क्षेत्र में हुई थी बुजुर्ग से लूट



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम बंडिया निवासी छंगालाल बाजपेयी से मंगलवार को रामकोट कस्बे के करीब लूट हुई थी। छंगालाल बाजपेयी रामकोट कस्बा स्थित इंडियन बैंक से 1 लाख 37 हजार रुपए निकाल कर घर जा रहे थे, इसी दौरान उनसे लूट हुई थी।

रामकोट कस्बे के करीब ही बाइक सवार बदमाशों ने रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। इस मामले में एसपी चक्रेश मिश्रा ने अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने चेकिंग के साथ ही रामकोट कस्बे के करीब मधवापुर रोड रेलवे क्रासिंग के निकट नाकेबंदी की। यहीं पर पुलिस ने लूट करके भाग रहे बदमाशों को दबोच लिया। वारदात के संबंध में एएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान शमशेर पुत्र गुरुनाम सिंह निवासी झाला रेलवे क्रासिंग थाना रामकोट, मनीष पुत्र छोटकू व सुनीत पुत्र स्वर्गीय जगजीवन निवासी ग्राम बबुरी थाना रामकोट के रूप में हुई है। बदमाशों के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के, घटना मे प्रयुक्त एक मोटर साइकिल तथा छंगा लाल बाजपेयी से लूटी गयी धनराशि 1,37,000 रुपए, पैन कार्ड, आधार कार्ड व बैक पासबुक मय झोला के बरामद किया। एएसपी ने बताया कि बदममाशों की अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

## शातिर बदमाश गिरफ्तार

**सीतापुर।** सकरन थाना पुलिस ने नासिर पुत्र जुल्फ़क़ार निवासी ग्राम जोधपुर थाना फूलबेहड़ - लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने चोरी का माल खरीदा था। इस मामले में वह फरार चल रहा था। काफी तलाश के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी नासिर को न्यायालय में पेश किया है।

## अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना तालगांव पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अंकित पुत्र रामराज निवासी ग्राम नेवादा कैमहरा थाना तालगांव सीतापुर को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उसके पास से अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ तालगांव थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

# ग्राम प्रधान ने प्रदर्शन की चेतावनी दी

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज, रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव ज्योना में बीते सोमवार को हुए कोटा चयन के मामले में ग्राम प्रधान ने धांधली का आरोप लगाते हुए एक पक्षीय तरीके से कोटेदार का निर्धारण करने की बात कही है, और दर्जनों ग्रामीणों के साथ उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए खुली बैठक कराकर चुनाव प्रक्रिया कराए जाने की मांग की है, अन्यथा की स्थिति में ग्राम प्रधान ने प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

ज्योना ग्राम प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू ने बताया कि उनके गांव में 25 तारीख को कोटा के चयन की तिथि निर्धारित थी किंतु 23 तारीख को अचानक गांव में राम बहादुर पाल की हत्या हो गई थी दूसरे दिन 24 तारीख को देर शाम तक अंतिम संस्कार करने की प्रक्रिया चलती रही ग्राम पंचायत में हत्या के कारण माहौल तनावपूर्ण था इसलिए कोटा चयन प्रक्रिया 25 तारीख को हो पाना संभव नहीं था जिसको लेकर उन्होंने ने एसडीएम बीडीओ एडीओ पंचायत एडीओ आईएसबी को पत्र देकर कोटा चयन की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की थी जिस पर एसडीएम द्वारा आश्वासन भी दिया गया था यही बात ग्राम वासियों को बताई गई की कोटा चयन प्रक्रिया को टालने का आश्वासन एसडीएम द्वारा दिया गया है,और बैठक कैंसिल हो जाएगी किंतु अगले ही दिन मनमाने तरीके से प्रधान की गैर मौजूदगी में बैठक बुलाकर कोटेदार का चयन एक पक्षीय रूप से कर दिया गया है, प्रधान ने पुनः खुली बैठक की तिथि निर्धारित करते हुए चुनाव प्रक्रिया कराए जाने की मांग की अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

### धांधली के घेरे में कोटा चयन चुनाव प्रक्रिया

जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी में ज्योना पंचायत भवन में कराई गई कोटा चयन प्रक्रिया संदेह के घेरे में है, एक प्रत्याशी रवि प्रजापति को 413 लोगों का समर्थन मिलना वहीं दूसरे प्रत्याशी को सिर्फ अपनी वोट मिलना पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को कटघरे में खड़ी करती है,और सवालिया निशान लगना स्वाभाविक है। मामले में उप जिलाधिकारी राजितराम गुप्ता ने बताया कि ज्ञापन मिला है, पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

## न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में भी छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विविध कार्यक्रम समय समय पर होते रहते हैं । न्याय पंचायत मुंडेरा के प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर मुंडेरा में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई , जिसमें 12 विद्यालय के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के प्रभारी नोडल शिक्षक संकुल दिनेश नारायण सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दौड़ ,लंबी कूद, कबड्डी, खो खो, समूह गान, सांस्कृतिक कार्यक्रम ,सुलेख प्रतियोगिता संपन्न हुई। निर्णायक दिनेश चौरसिया और आनन्द कुमार की देखरेख में हुई 50 मीटर दौड़ में इतिहास प्रथम, शिवांश द्वितीय ,आनंद तृतीय और सोनाली प्रथम ,रितिका द्वितीय, खुशी तृतीय, 100मीटर दौड़ में प्रियांशु यादव प्रथम, शिवम यादव द्वितीय, रौनक सिंह तृतीय तथा सोनम प्रथम, मानसी द्वितीय ,अंशिका तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में अंकित कुमार प्रथम ,इतिहास द्वितीय, कृष्णा तृतीय एवम गुलशन अंजुम प्रथम ,रितिका द्वितीय ,सृष्टि तृतीय रहे। लम्बी कूद में प्रियांशु प्रथम अंकित कुमार द्वितीय ,इतिहास तृतीय एवम सोनम प्रथम, रितिका द्वितीय, गुलफशाअंजुम तृतीय रहे।कबड्डी में बालक वर्ग में प्रा0वि0 रसूलपुर मुंडेरा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर द्वितीय , बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर मुंडेरा प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर मुंडेरा द्वितीय स्थान पर रहे। समूह गान एवं सांस्कृतिक का कम में प्राथमिक विद्यालय रामपुर बेनीपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताएं संपन्न हो जाने के पश्चात विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें लाल जीत राजेश कुमार मौर्य, बाबूराम यादव, सन्तोष कुमार,निसार अहमद,अभिषेक दुबे, सुमित सिंह, गौतम, राकेश मिश्र, प्रवीण पांडे, दीपक वर्मा,अमित कुमार,मुलायम यादव, श्रीमती शाहीन बानो, आरती गौतम ,सादिया खातून आदि ने सहयोग किया।



# राज्यमंत्री ने पोषण माह सितम्बर का फीता काटकर किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा बुधवार को जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में विकास भवन में राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2023 का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

इस दौरान बाल विकास विभाग द्वारा लगायी गयी पोषण से सम्बंधित सामग्री एवं रंगोली का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात राज्यमंत्री एवं अतिथियों द्वारा अम्बेडकर सभागार में आशा, आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। राज्यमंत्री ने आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्रियों से पोषण से सम्बंधित संवाद किया।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी नारी सशक्तिकरण के प्रति बेहद गम्भीर हैं उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से उनके अधिकार एवं उनको सशक्त बनाने के लिए चलाया है। पोषाहार सभी लाभार्थियों को पहुंच जायेगा तभी हम देश को कुपोषण मुक्त बना सकते हैं। पोषण अभियान में श्री अन्न को भी शामिल करें और लोगों को इसके बारे में बतायें। राज्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेकर उनको विकसित करने की अपील की गयी। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा सभी को पोषण अभियान के लिए शपथ दिलाया गया। कन्या जन्मोत्सव के तहत केक काटकर बच्चियों का जन्मदिन मनाया गया और उनको वेवी किट प्रदान किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा 06 माह के बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। सैम बच्चों को पोषाहार पोटली वितरित किया गया। पोषण कार्यक्रम में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली

**आशा, आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से किया संवाद**

17 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 10 बच्चों, कन्या सुमंगला योजना के 11 लाभार्थियों तथा 03 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने राज्यमंत्री को अवगत कराया कि जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों को कायाकल्प के लिए चिन्हित किया गया है आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण वाटिका भी विकसित किया गया है। इस अवसर पर जिला प्रोवेशन अधिकारी विनोद राय, डीसीएन आरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्री एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आदि उपस्थित रहीं।

## गणेश जन्मोत्सव व बारह रबी अव्वल के मद्देनजर पीस कमेटी की हुई बैठक



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** गणेश जन्मोत्सव एवं बारावफात के मद्देनजर स्थानीय कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक एस डी एम सुनील कुमार की अध्यक्षता एवं नवागत कोतवाल जयप्रकाश सिंह के संचालन में सम्पन्न हुई। शांति कमेटी की बैठक में क्षेत्र के विशिष्ठजन मौजूद रहे। बैठक में मौजूद सीओ देवेंद्र कुमार मोर्या ने कहा कि 12 रबीउल अव्वल को काजीपुरा स्थित फैजान ग्राउंड से निकलने वाला जुलूस-ए-मुहम्मदी मुहल्लों का भ्रमण करता हुआ पश्चिम तरफ पहुंचेगा जो वाजिदपुर से जमालपुर चौराहा होकर पक्के पुल के नीचे से पुनः काजीपुरा पहुंच कर समाप्त होगा। गणेश जन्मोत्सव को लेकर लोगों में काफ़ी उत्साह है। बारावफात का पर्व एक साथ पड़ने के कारण बारावफात की सजावट सराय चौक, उस्मानपुर के रास्ते में सड़क किनारे सजावट किए जाने पर सहमति बनी। 28 सितंबर को गणेश जन्मोत्सव पर सराय चौक, नगपुर गली से उस्मानपुर के रास्ते पक्का घाट तमसा नदी में मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। एसडीएम ने लोगों से क्षेत्र में गंगा जमुना संस्कृति को कायम रखने की गुजारिश की। उक्त अवसर पर हाजी अंसार अहमद, मानिक चंद सोनी, इब्ने अली जाफरी, बेचन पांडेय, मोहन जयसवाल, कारी गयासुद्दीन, संदीप अग्रहरी, अकील अब्बास, आतिफ अंसारी, अहसन रज़ा मीसम, सुहैल अहमद शारिब, देवेश मिश्रा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया मुशायरे का 29 को होगा आयोजन

**जलालपुर (अम्बेडकरनगर)।** शाह फरीद मेमोरियल ट्रस्ट वाजिदपुर जलालपुर की जानिब से लगातार 56 सालों से होता आया आल इंडिया नातिया मुशायरा व जश्न ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम इस वर्ष आगामी 29 सितम्बर को आयोजित होगा जिस की तैयारियां अंतिम दौर में है। आयोजक मंडल के सरपरस्त मुफ्ती इमादुद्दीन ने बताया कि आलइंडिया मुशायरे में मुल्क के नामचीन शायरों का जमावड़ा होगा जिस का संचालन मशहूर मंच संचालक अकरम जलालपुरी करेंगे जब कि शायर जैनुल आब्दीन कानपुरी, मोहम्मद अली फैजी सिद्धार्थनगर, फरहान बरकाती, ऐमन मोहम्मदाबाद समेत एक दर्जन से अधिक शायर अपनी शायरी व आवाज का जादू बिखेरेंगे। कार्यक्रम हाफिज मोहम्मद अरशद की तिलावते कलाम से शुरू होगा जिसमें हाजी मो. मुकद्दसीन, कारी गुलाम यासीन खान नूरी, मो. असलम, शकील अहमद, मो. शमीम, वकील अहमद, मो. सालेह समेत कई सियासी व समाजी शख्सियत मौजूद रहेगी।

## एसडीएम ने खेसरहा थाने का किया निरीक्षण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एसडीएम बांसी ने बुधवार को थाना खेसरहा का निरीक्षण अभिलेखों के रखरखाव, साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों की व्यवस्था सही मिलने पर थाने के स्टाप की सराहना किया। एसडीएम प्रमोद कुमार बुधवार को खेसरहा थाने पर पहुंचे कार्यालय में पहुंच कर अभिलेख देखे इसके अलावा शस्त्र कक्ष का भी निरीक्षण किया। शस्त्र व्यवस्थित तरीके से रखें मिले जिसका एसडीएम ने तारीफ की। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव ठीक से करने का निर्देश दिए। थाना परिसर में भी एसडीएम धूमे और आंशिक कमियों को दूर करने हेतु थानाध्यक्ष को निर्देश दिए।

## शिकायत पत्र देकर किया जांच की मांग

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायतो में पैसा खर्च होने के बाद भी काम पूरा न होने व प्रधानमंत्री आवास , सामुदायिक सौचालय, खडंजा, अमृत सरोवर,के शिकायत को लेकर एवं जिला पं अधिकारी के पत्र के बाद भी ब्लॉक द्वारा कार्यावाही एवं जन सूचना न देने के सम्बंध मे किसान यूनियन (अम्बावत) गुट के तहसील अध्यक्ष अनिल राव व ब्लॉक अध्यक्ष छेदी प्रसाद लोधी ने खण्ड विकास अधिकारी को बुधवार को एक पत्र दिया है। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा अमृत सरोवर पर कार्य पूर्ण नही हुवा है उसके बावजूद पैसा निकाल लिया गया है। ऐसे ही हर विन्दुओं पर जाँच करके कार्यवाही की मांग की गयी है।

## शाहजहांपुर जेल में बंद कैमुना क्रेडिटको-ऑपरेटिव सोसाइटी के एमडी जेएम बांसी के समक्ष हुए पेश

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बुधवार को स्थानीय मुंसफ कोर्ट सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी तहसील में स्थिति जे एम न्यायालय में कैमुना क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के एमडी अतुल कुमार कुलश्रेष्ठ पेश हुए। उक्त मामले में मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2010 में उक्त सोसाइटी का गठन हुआ था जिसमें उपभोक्ताओं को अधिक ब्याज का लालच देकर पैसा जमा करवाया जाता रहा कुछ वर्षो तक तो कंपनी का तो सब कुछ ठीक-ठाक चला किंतु बाद में भुगतान को लेकर बढ़ते दबाव और जमाकर्ताओं के बढ़ते आक्रोश के कारण उसके मुख्य सीएमडी प्रदीप कुमार अस्थाना सहित सभी उच्च अधिकारी भूमिगत से हो गए थे। इसके बाद विभिन्न जनपदों में उक्त कंपनी के खिलाफ मुकदमे दर्ज होने शुरू हो गए। विभिन्न जनपदों में चल रहे मुकदमो के बीच बांसी में संस्था के अधिकारियों के खिलाफ जो शिकायत दर्ज कराई गई थी उसमें पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता के धारा 420, 406,511 के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू किया गया था । उसके बाद चार्ज शीट को न्यायालय बांसी में दाखिल किया गया जिस क्रम में आज शाहजहांपुर जेल में बंद एम डी अतुल अतुल कुमार कुलश्रेष्ठ जे एम बांसी के समक्ष पेश हुए। सूत्रों से




मिली जानकारी के अनुसार अपने बचाव में बेचैन दिखते हुए एमडी ने कंपनी में भ्रष्टाचार का हवाला देते हुए अपने बचाव का प्रयास किया। ऐसे में आने वाले दिनों में कोर्ट द्वारा लिए जाने वाले निर्णय पर उपभोक्ताओं की निगाह टिक गई है बताते चले की उक्त मामले में कंपनी के सीएमडी प्रदीप कुमार अस्थाना की पेशी पूर्व में हो चुकी है। इस बीच कोर्ट में जमाकर्तोओ का जमावड़ा देखा गया तथा एम डी पत्रकारों और जमाकर्तोओ से बचते दिखे। इस मौके पर जमाकर्ता दिवाकर उपाध्याय, मंगेश दुबे अभिषेक कुमार, अमित, राम निवास राय, अजय सिंह, रफीक, रामकरण पटवा, राजन कुमार, दीपक राज, सुनील, रवि कुमार आदि न्यायालय परिसर के पास मौजूद रहे।

## डीजे, डीएम व एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला जज संजय कुमार मलिक, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा बुधवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए तथा जिला कारागार में आने वाले प्रत्येक नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

## स्वच्छता को लेकर महर्षि बाल्मीकि में हुआ कार्यक्रम



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ द्वारा मंगलवार को अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने वार्ड नंबर 5 महर्षि बाल्मीकि नगर के सभासद शिवशंकर की उपस्थिति में स्वच्छता पखवाडा अभियान के अंतर्गत कंपोजिट कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नीबी दोहनी के वार्ड न.5 महर्षि बाल्मीकि नगर के छात्र, छात्राओं द्वारा स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, इस दौरान मोहम्मद रफीक, (ई0स0आ0), भूमिका द्विवेदी (स0आ0), शशि कपूर गौतम (स0आ0), शिव कुमार (शि0मि0), यशपाल (अनुदेशक) नगर पंचायत शोहरतगढ़ कार्यालय के लिपिक राजेश कुमार त्रिपाठी, बीडी कसौधन, राजू गिरी, सुरेश गुप्ता, सोनू महतो, आशीष, आदि मौजूद रहे।

## पेंट्स की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**फर्रुखाबाद।** संदिग्ध परिस्थितियों में पेंट की दुकान मेंआग लगने से लगभग सात लाख रुपए का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड गाड़ी के देर से पहुंचने पर सारा सामान जलकर राख हो गया। कोतवाली कायमगंज के सेंट्रल बैंक के सामने पेंट्स की एक दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख व्यापारी सुधांशु की बन्द पेंट की दुकान से धुआं निकलता देख पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी द्यजब दुकान मालिक ने दुकान को खोला तो दुकान के अंदर आग लगी हुई थी द्य दुकान मालिक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी द्यफायर ब्रिगेड को सूचना दे ने के बाद भी समय पर गाड़ी नहीं पहुची द्य दुकान मालिक ने समर चला आग बुझाने का प्रयास किया जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुची तब तक सामान जलकर राख हो गया था द्य फायर ब्रिगेड अधिकारी विजय प्रकाश का कहना है कि दुकान में इन्वरटर रखा हुआ है।

# सीसी रोड और नाली निर्माण में हो रहा मानक विपरीत कार्य

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र मिठवल के ग्राम पंचायत अक्सरा में हो रहे विकास कार्यो में मानक विपरीत कार्य किया जा रहा। ग्राम पंचायत अक्सरा माफी में बन रहे सीसी रोड और नाली निर्माण के साथ इंटर लाकिंग का कार्य किया जा रहा जहां पुराने बने नाली पर जहां तहां नये ईंट लगा कर नाली बनाया जा रहा देखने से लगता है आने वाले महीने में नाली की दशा फिर पहले जैसा हो जाएगा। वहीं पंचायत भवन का बाउंड्री और गेट गिर चुका है।

मौके पर ताला जडा पाया गया न तो वहां पंचायत सहायक मौजूद थे। वहीं पंचायत भवन पर जाने का रास्ता भी दुरुस्त नहीं है। इंटर लाकिंग और सीसी रोड में भी मानक अनुसार कार्य नहीं दिखलाई पड़ता जेई की मिलीभगत से एमबी और अन्य मानक कागजों में पूर्ण कर जेई साहब भी अपना हिस्सा लेकर विकास की लकीर अपने कलम से खींच दे रहे हैं ऐसे दशा में सरकार द्वारा पंचायतों में आ रहे धन एवं ग्रामीण जीवन बेहतर करने का प्रयास निचले पायदान पर सिफर हो जाता है। सूत्रों की मानें तो विकास कार्यों में खर्च बन रहे नाली इंटर लाकिंग और सीसी रोड के बजट का प्रतिशत कमीशन जेई से लेकर सचिव और खण्ड विकास अधिकारी तक तय होता है ऐसे दशा में ग्राम पंचायत में



प्रधानों को भी सब सेंटप कर कार्य को अंजाम देना पड़ता है जिसका खामियाजा ग्राम पंचायत में मानक विहिन कार्य कर भुगतान हो जाता है और बनते ही सब टूटने लगता और फिर वहीं समस्या बनी रहती है जिम्मेदारों की जिम्मेदारी में कहीं न कहीं हिस्से दारी विकास कार्यों में झोल बन कर रह जाता है और सरकार द्वारा मिले जनता के टैक्स के पैसे का बंदर बांट होकर पुनः ग्रामीण उसी कीचड़ भरी नालियों और टूटे फूटे रास्ते और गलियों में जीवन कि गांडी खिंचकर फिर भविष्य की तलास करते रहते है। सीडीओ जयेन्द्र कुमार से इस संबंध में पुछने पर उन्होंने कहा कि अभी मै बैठक में हूँ और बात करनें मे असमर्थ हूँ।

## मुख्यमंत्री योगी को पत्र देकर कमाल ने जनपद वासियों का टोल माफ करने की मांग की

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी युवाजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा नेता कमाल अहमद खान जिनके द्वारा तमाम सरहनीय कार्य किया जा रहा है, जहां प्रदेश मुख्यालय पर लोगों का इलाज करवा रहें हैं वहीं बांसी-बस्ती मार्ग पर टोल प्लाजा एनएच 233 बेलगड़ी द्वारा बांसी सिद्धार्थनगर में लोकल वासियों को एवं जनपदवासियों का टोल टैक्स माफ किये जाने के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र देकरअनुरोध है, कि जनपद सिद्धार्थनगर तहसील बांसी के अंतर्गत बेलगड़ा एनएच 233 टोल प्लाजा के द्वारा लोकल स्कूल की बसें, विधानसभा बांसी और जनपदवासियों को अपने निजी कार्यों एवं स्कूली बच्चों को लाने ले जाने और व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने हेतु कई बार लोगों को टोल प्लाजा क्रास करना पड़ता है तथा टोल प्लाजा के मैनेजर



एवं कर्मचारियों के द्वारा टोल पर रसीद कटवाने हेतु बाध्य करते हैं और इनका व्यवहार भी बेहतर नही रहता है जिससे जनपद सिद्धार्थनगर और बांसी विधानसभा के निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि जनपद सिर्द्धार्थनगर के बेलगडा स्थित एनएच 233 टोल प्लाजा पर लोकल एवं जनपदवासियों एवं स्कूल वाहनों का टोल टैक्स माफ करने हेतु संबंधित जनपद के अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग कमाल खान ने किया है।

## बार्डर डेब्लपमेन्ट सड़क निर्माण न होने से राहगीर परेशान

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नेपाल सिमा के करीब स्थित ग्राम धरमौली व ग्राम भुसौला अदाई के बीच 100 मीटर सड़क निर्माण न होने से ग्रामीण बेहद परेशान है हालात यह है की चौपहिया तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो गया है ग्राम भुसौला अदाई निवासी दिनेश लाल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर अवगत कराया है कि कपिलवस्तु ककरहा से आकर भुसौला अदाई होते हुए महराजगंज जिले को यह सड़क गयी है। बार्ड डेब्लपमेन्ट योजना के तहत नेपाल सिमा के करीब पक्की सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है। परन्तु धरमौली व भुसौला अदाई के बीच मे सड़क न बनने से राहगीरो को परेशानी हो रही है गांव का एक व्यक्ति अस्थगन आदेश न्यायालय से लेकर सड़क निर्माण रुकवा दिया है जब की इस व्यक्ति की मृत्यु भी हो चुकी है और सड़क निर्माण कार्य रुका हुआ है जांच कर सड़क बनाई जाये। अन्यथा दो अक्टूबर से ग्रामीणों के साथ अमरण अनशन होगा।



# मुठभेड़ के दौरान पशु तस्करी में लिप्त टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** बसखारी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पशु तस्करी में लिप्त टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बसखारी पुलिस को यह सफलता बीती रात 12:30 के करीब मुखबिर के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर मिली।

बीती रात बसखारी थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह, उप निरीक्षक विनय सिंह, कांस्टेबल विनोद मिश्रा, श्याम गुप्ता, रणधीर सिंह, अभिषेक सिंह, रणधीर, रविकांत दुबे के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मुकम्मल करने के लिए गस्त पर निकले हुए थे। इसी बीच क्षेत्र के बीबीपुर प्राथमिक विद्यालय के आगे नहर पर दो-तीन व्यक्तियों के द्वारा गोकशी के लिए गोवंशों को ले जाने की सूचना पुलिस को मुखबिर के द्वारा मिली। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह ने अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ



मौके पर पहुंचकर गोवंशों को ले जा रहे गोकशी में लिप्त तस्करों को रोकने का प्रयास किया। जिसपर गो तस्करों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। हालांकि पुलिस के ऊपर हुई फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में आरोपी घायल हो गया।जबकि इसके साथ मौजूद दूसरे साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पकड़े गए आरोपों के पैर में गोली लगी है। जिसे इलाज के लिए बसखारी सीएससी पर भर्ती कराया गया। पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी की पहचान जिले के टॉप टेन अपराधी वालीउल्लाह उर्फ अजमेरी पुत्र कलामतुल्लाह निवासी निषाद नगर किछौछा के रूप में हुई है। बसखारी पुलिस ने गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से एक देसी तमंचा 315 बोर व 315 बोर एक कारतूस का खोखा बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त के विरुद्ध आईपीसी की धारा 307 व 3/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में बुधवार को जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराये तथा जिन लाभार्थियों को प्रथम किस्त एवं द्वितीय किस्त का भुगतान नहीं हुआ है उसको शीघ्र ही उनके खाते में भेजा जाये। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले सहायक विकास अधिकारी पंचायत के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये। व्यक्तिगत शौचालय का जियो टैग कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालय के निर्माण की प्रगति धीमी होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर सामुदायिक शौचालय, दिव्यांग शौचालय बन गये है उनका संचालन सुनिश्चित कराये। समय से खुले एवं साफ-सफाई व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कायाकल्प के अन्तर्गत परिषदीय स्कूलों का कायाकल्प कराने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत के मिनी सचिवालय भी समय से खुले तथा वहां पर आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। आर.आर.सी. सेन्टर के निर्माण के प्रगति धीमी होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी आर.आर.सी. सेन्टर को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके अग्रवाल, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 राहुल गुप्ता, अमित श्रीवास्तव सहित समस्त एडीओ पंचायत आदि उपस्थित रहे।

## सीएसआर के माध्यम से होगा विपश्यना पार्क का विकास, सहमति पत्र पर सीडीओ द्वारा हुआ हस्ताक्षर



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के कपिलवस्तु में विपश्यना पार्क के विकास हेतु सीएसआर के माध्यम से कराने हेतु पेट्रोनेट एवं जिला सिविल सोशल रिस्पांशिबिलिटी एसोसिएशन, सिद्धार्थनगर के मध्य कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं पेट्रोनेट के प्रतिनिधि के रूप में दीपांजन, मैनेजर की उपस्थिति में सहमति पत्र पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया गया। पेट्रोने द्वारा विपश्यना पार्क के विकास हेतु रू0 932.06 लाख वित्त पोषित किया जायेगा। पेट्रानेट द्वारा पार्क का निर्माण पूर्ण होने के उपरान्त रखरखाव एवं संचालन हेतु भी अलग से वित्त की व्यवस्था की जायेगी। पार्क के विकसित होने पर जनपद में निश्चित रूप से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान बीएस. यादव जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, रंजीत कुमार, अपर सॉख्यिकीय अधिकारी, वीरेन्द्र सिंह, अपर सॉख्यिकीय अधिकारी एवं राजन पाल प्रतिनिधि सांसद डुमरियागंज उपस्थित रहें।

## सभी बच्चों को मिले स्कूली शिक्षा

हाल ही में स्कूली शिक्षा से जुड़े विचलित करने वाले कुछ आंकड़े सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि दुनिया के 25 करोड़ बच्चे आज भी स्कूली शिक्षा से वंचित हैं। इसके बारे में संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने अपनी नई रिपोर्ट 'एसडीजी मिडटर्म प्रोग्रेस रिव्यू' में जानकारी दी है कि 2021 से अब तक स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या कम होने की जगह बढ़ रही है और यह आंकड़ा पिछले दो वर्षों में 60 लाख की बढ़ोतरी के साथ 25 करोड़ पर पहुंच गया है। 2023 में यूनेस्को द्वारा जारी ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट से पता चला है कि 2015 के बाद से प्राथमिक शिक्षा पूरी करने वाले बच्चों की संख्या में केवल तीन फीसदी का इजाफा हुआ है, जिसके बाद यह आंकड़ा 87 फीसदी पर पहुंच गया है। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा पूरी करने वाले युवाओं के आंकड़े में केवल पांच फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके बाद यह आंकड़ा बढ़कर 58 फीसदी पर ही पहुंचा है। यूनेस्को के महानिदेशक ने सभी राष्ट्रों से त्वरित कार्रवाई का आह्वान करते हुए कहा है कि, 'लाखों बच्चों का भविष्य आपके हाथों में है।' संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि स्कूलों से बाहर रहने वाले बच्चों के आंकड़े में हुई इस बढ़ोतरी के लिए मुख्य रूप से अफगानिस्तान में महिलाओं व बच्चियों को शिक्षा से वंचित रखे जाने का बहुत बड़ा हाथ है। मगर इस बढ़ोतरी के लिए कहीं न कहीं दुनिया भर में शिक्षा की उपलब्धता में आया व्यापक ठहराव भी जिम्मेवार है। अपने यहां आज भी एक अनुमान के मुताबिक 15 करोड़ बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित हैं।

आजादी के बाद हुई जनगणना के आंकड़ों को देखें तो उस समय 19 फीसदी आबादी साक्षर थी। आजादी के 75 साल बाद 80 प्रतिशत आबादी साक्षर हो चुकी है, लेकिन अभी भी 20 फीसदी यानी 25 करोड़ के आसपास लोग निरक्षर हैं। पूरी दुनिया में बच्चों की शिक्षा को महत्व दिया जाता है। इसके बावजूद विश्व भर में शिक्षा के विकास के लिए दी जा रही मदद का केवल एक फीसदी से भी कम हिस्सा प्री-प्राइमरी एजुकेशन के लिए दिया जा रहा है। यदि इस लिहाज से देखें तो हर बच्चे की प्री-प्राइमरी एजुकेशन पर हर वर्ष करीब 25 रुपए की मदद दी जा रही है। ऐसे में दुनिया भर में प्री-प्राइमरी एजुकेशन की क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा आप खुद ही लगा सकते हैं। यही वजह है कि गरीब और कमजोर तबके से संबंध रखने वाले करीब 80 फीसदी बच्चे आज भी प्री-प्राइमरी एजुकेशन से वंचित हैं। इस मुद्दे पर हमें भी आत्म दर्शन की जरूरत है। बेहतर हो कि सभी राज्यों में बुनियादी स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान की जाए और उन्हें शिक्षा के लूप में शामिल करने के लिए कदम उठाए जाएं। झारखंड में शिक्षा की बदहाल स्थिति को लेकर हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसके मुताबिक झारखंड के एक-तिहाई प्राथमिक स्कूल केवल एक ही टीचर के भरोसे चल रहे हैं। गौरतलब है कि इन स्कूलों में 90 फीसदी बच्चे दलित और आदिवासी परिवारों से आते हैं। ऐसे में पहले ही अनगिनत कठिनाइयों का सामना कर रहे इन बच्चों का भविष्य कैसा होगा, इसकी कल्पना भी विचलित कर देती है। इस बिंदु को लेकर देश के अन्य राज्यों की क्या स्थिति है, यह पता लगाना आवश्यक है। हाल ही में देश में स्कूलों पर किए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि देश के अनेक स्कूलों में शौचालय और बिजली, यहां तक कि पीने के पानी की सुविधा भी नहीं है।

## संघ-प्रमुख भागवतजी से संवाद!

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवतजी का इस बार का लखनऊ प्रवास (गत सप्ताह) बड़ा यादगार रहेगा। यूं तो वे कई बार अवध प्रांत आ चुके हैं। बहुधा भेंट और चर्चा भी हुयी है। पर इस यात्रा पर उनका खास बल समरसता पर अधिक था। उनका चिंतन, सोच, उदगार और धारणा खूब बोधगम्य रही। समावेशी और सर्वहितकारी भी। शायद यही मूल रहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सूत्र का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। अर्थात एक भी भारतवासी छूटेगा नहीं।



के. विक्रम राव

भागवतजी लखनऊ में चार दिन रहे। वैचारिक समागम, बल्कि संवाद, बृहद् पैमाने पर था। समाज के लगभग हर तबके के लोगों से मिले। अंतिम दिवस (25 सितंबर 2023) की बैठक में सरसंघचालकजी लखनऊ के विशिष्ट नागरिकों से मिले। इनमें शिक्षा, चिकित्सा, समाजसेवा, मीडिया आदि के लोग आहूत थे। मुझे भी मौका मिला, संवाद का। यूं तो भागवतजी ने बड़े साफ तौर पर कह दिया कि विदेश नीति अथवा किसी भी विषय पर भारत सरकार को सलाह देने का इरादा संघ का कभी भी नहीं रहा। मगर मेरे प्रश्न पूछे जाने पर कि भारत के टूटे-कटे भूभाग में हो रहे जनविद्रोह पर उनकी कैसी अवधारणा रही? मैं जानना चाहता था कि पाक-अधिकृत कश्मीर की जनता भारतीय कश्मीर में शामिल होना चाहती है। वहां की जनता की मांग है कि कारगिल का मार्ग खोल दिया जाए। विभाजित कश्मीर का एकीकरण हो सके। इसी भांति बलूचिस्तान में भी इस्लामी पंजाबी सत्ता के खिलाफ विद्रोह चल रहा है। ये बलूची लोग आजादी चाहते हैं। इस बीच अफगन पठान भी डूरंड सीमा को पार कर पाकिस्तान से भूभाग मांग रहे हैं। उन सबका पाकिस्तानी सेना क्रूर दमन कर रही है। इस मुद्दे पर भागवतजी की उक्ति स्पष्ट थी उत्पीड़ित राष्ट्रों और जनता की भारत को निस्संदेह सहायता करनी चाहिए। संघ प्रमुख ने तर्क देते हुये कहा कि स्वाधीनता-संघर्षरत पूर्वी पाकिस्तान की जनता के हित में भारत सरकार ने 1971 में अपनी सेना भेजी थी। बांग्लादेश की जनता को मुक्ति दिलाई थी। यही नीति फिर लागू होनी चाहिए। यूं तो डॉ. मोहनराव मधुकर भागवतजी से मेरी भेंट 1976 से है। तब मैं नागपुर में टाइम्स आफ इंडिया के ब्यूरो में बड़ौदा से भेजा गया था। इंदिरा गांधी काबीना के सूचना मंत्री विद्याचरण शुक्ल ने मेरा तबादला कराया था। गुजरात में जनता मोर्चा सरकार थी। महाराष्ट्र में कांग्रेसी। वहीं से मुझे जेल ले जाया गया। उस अंधेरे दौर (इमरजेंसी) में कई राजनेताओं, अधिकतर भूमिगत, से भेंट होती रही। भागवतजी भी भूमिगत थे। वे वेटिनेरी पशु चिकित्सा की डिग्री को अधूरा छोड़कर पूर्णकालिक स्वयंसेवक बन गए थे। सर्वाधिक कम उम्र के थे।

परंपरागत विचार और मान्यतायें को नए युग में परिमार्जित करना ही उनका लक्ष्य रहा। उदाहरणार्थ उन्हींने बंच ऑफ़ थॉट्स (रचयिता स्व. माधव सदाशिव गोलवलकर) को संशोधित किया। हिन्दु समाज में जातीय असमानताओं के सवाल पर भागवतजी ने कहा है कि अस्पृश्यता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

कुछ मायने में भागवतजी का कार्यकाल संघ के इतिहास में युगांतरकारी कहलाएगा क्योंकि कई पुराने अभिमत, आशय, मान्यताएं और पैमानों को वर्तमान रोशनी में उनके द्वारा मूल्यांकन हो रहा है। उनका दौर युगांतकारी भी है क्योंकि नयी सोच और नूतन परिभाषाओं को वे गढ़ रहे हैं। नई इनिंग्स का आगाज है। शायद जनरव और युगधर्म का तकादा है। मेरे निजी आंकलन में भागवतजी ने संघ की चिंतन-मनन शैली को षडकोणीय बना दिया है। उनके पहले यह मात्र त्रिकोणीय थी। आज विचार की सीमा वृहद, संवरित, संवलित और ज्यादा सामंजस्यपूर्ण है। उदाहरणार्थ बहुधा मुसलमानों के प्रति संघ के रवैये पर प्रश्न उठते रहते हैं। भागवतजी ने बड़े जोरदार और सटीक ढंग से इस मिथक पर प्रहार किया। इसी परिवेश में उनसे मेरा सवाल था कि उन्हें 'राष्ट्र ऋषि' कहा था अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी ने। आरएसएस प्रमुख ने इलियासी से नई दिल्ली में कस्तूरबा गांधी (केजी) मार्ग पर एक मस्जिद में मुलाकात की थी। एक चैनल को दिए इंटरव्यू में भागवतजी ने कुछ समय पहले कहा था भारत के हिंदू और मुसलमान का डीएनए एक है और मुसलमान के बिना हिंदुस्तान पूरा नहीं होता। भागवत जी का खुला विचार है कि भारत में मुसलमान पराए नहीं हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com**

भारतीय समाज में नारी का बहुत श्रद्धा और सम्मान का स्थान रहा है। यह ऐसी परंपरा है, जो अनगिनत पीढ़ियों से चली आ रही है। हालांकि,पिछले कुछ वर्षों में, बार-बार होने वाले हमलों ने हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं में निहित इस स्त्री महत्व को खत्म कर दिया है। नतीजतन, आधुनिक भारत में, राजनीतिक प्रतिबद्धता और पहल की कमी के कारण विधायिकाओं (संघ और राज्य दोनों) में महिलाओं का प्रतिनिधित्व स्पष्ट रूप से पिछड़ गया है। 2014 के बाद से, मोदीजी ने भारत की लैंगिक समानता को फिर से व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया है।

# भारत की अमृत यात्रा : महिला नेतृत्व वाली यात्रा!

जैसे ही ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन अधिनियम संसद में पेश किया गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके पारित होने को सांसदों के लिए अग्नि परीक्षा कहा। यह वास्तव में अग्नि परीक्षा है समानता और संतुलन के आधार पर भारत के पारंपरिक गौरव को बहाल करने के लिए अग्नि परीक्षा; अग्निपरीक्षा उस सर्वोच्च स्थान को पुनः प्राप्त करने के लिए जिसका लाभ प्राचीन काल से महिलाओं को मिलता आया है; और राजनीतिक गलतफहमियों से ऊपर उठकर नारी शक्ति के लिए एक साथ खड़े होने के लिए अग्नि परीक्षा। आधुनिक लोकतांत्रिक भारत के मंदिर, संसद कोअर्धनारीश्वर की भावना का प्रतीक होना चाहिए,जो महिलाओं के लिए समानता और पूर्ण संतुलन का परिचायक है।



जी किशन रेड्डी

लैंगिक असमानता और अन्याय से जूझ रही दुनिया में, भारत महिलाओं के प्रति ऐतिहासिक श्रद्धा के प्रतीक के रूप में स्थित है। सदियों से, भारतीय संस्कृति ने महिलाओं को शक्ति के अवतार का रूप दिया है तथा विदुषियों, वीरांगनाओं, रानियों और नेताओं के रूप में उनकी अपार क्षमता को पहचाना है।आध्यात्मिक क्षेत्र में भी महिलाओं को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रकट करने वाली त्रिदेवी के रूपमें सम्मानित किया जाता है। चाहे विदुषियों द्वारा रचित मंत्रों/ श्लोकों सहित वेदों एवं उपनिषदों जैसे प्राचीन ग्रंथों की रचना हो या प्रारंभिक सभ्यताएं हों या चाहे वीरांगना रानियों द्वारा अपने राज्यों को जीत और समृद्धि की ओर अग्रसर करना हो, महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन भारत में महिलाएं न केवल शिक्षित थीं बल्कि दार्शनिक चर्चाओं और धार्मिक समारोहों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। भारत ने गार्गी, लोपामुद्रा और मैत्रेयी जैसी प्रसिद्ध दार्शनिकों और विदुषिओं, वीरांगना रानी पद्मिनी, रानी दुर्गावती, रानी रुद्रमादेवी, रानी अहिल्याबाई होल्कर और ऐसी कई महान महिलाओं का मान बढ़ाया है। आधुनिक दुनिया ने सदियों पहले ही उन्हें मतदान का अधिकार भी दे दिया था।

रामायण और महाभारत में सीता माता, द्रौपदी और कुंती जैसी दृढ़ प्रतिज्ञ व प्रभावशाली महिलाओं को दर्शाया गया है, जिन्होंने इन महाकाव्यों की गाथाओं और घटनाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं के प्रतिसम्मान पारिवारिक परिवेश में उनकी भूमिकाओं तक भी फैला हुआ है। वह सह धर्मचारिणी है, जिसका अर्थ है कि वह गृहस्थ धर्म में एक समान भागीदार है, जहां वे अपने पति के साथ, घर का नेतृत्व करती रही हैं, सभ्यता को धर्म के मार्ग पर ले जाती हैं। यह अनोखी बात है कि सनातन धर्म में शक्ति की परंपरा के तहत दिव्यस्त्री के प्रति विशेष आस्था मिलती है, जिसे शक्ति या दिव्य मां के रूप में दर्शाया गया है। इन सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिध्वनित करते हुए, एक संस्कृत उद्धरण में महिलाओं की भूमिका को समाज के वास्तुकार के रूप में सुंदरता से व्यक्त किया गया है।



**'नारीसमाजस्य कुशलवास्तुकारः' :** उल्लेखनीय है कि भारतीय समाज में नारी का बहुत श्रद्धा और सम्मान का स्थान रहा है। यह ऐसी परंपरा है, जो अनगिनत पीढ़ियों से चली आ रही है। हालांकि,पिछले कुछ वर्षों में, बार-बार होने वाले हमलों ने हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं में निहित इस स्त्री महत्व को खत्म कर दिया है। नतीजतन, आधुनिक भारत में, राजनीतिक प्रतिबद्धता और पहल की कमी के कारण विधायिकाओं (संघ और राज्य दोनों) में महिलाओं का प्रतिनिधित्व स्पष्ट रूप से पिछड़ गया है। 2014 के बाद से, मोदीजी ने भारत की लैंगिक समानता को फिर से व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया है। इसकी शुरुआत महिला विकास को महिला-नेतृत्व वाले विकास के मिशन में बदलने के साथ हुई। भारत की विकास यात्रा के मूल में ÷नारी शक्ति÷ को रखा गया है। चाहे महिलाओं को उनके सशक्तीकरण में सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को दूर करने में सहायता करना हो या यह सुनिश्चित करना हो कि वे मजबूती से आगे बढ़ें, इसके लिए एक ऐसी ईको-प्रणाली विकसित की जा रही है, जहां भारत की 50 प्रतिशत आबादी यानी महिलाओं को अपनी क्षमता को पूरी तरह से प्रकट करने के समान अवसर मिलते हैं। खंड-खंड में कल्याणकारी उपायों वाले पिछले व्यवहारों के विपरीत,सरकार ने, 2014 के बाद, एक महिला के जीवनचक्र और जरूरतों के कई चरणों में नीतिगत हस्तक्षेप द्वारा एक रणनीतिक जीवनचक्र दृष्टिकोण अपनाया। उनमें से सबसे बुनियादी बात यह सुनिश्चित करना है कि महिलाएं सम्मान और सुरक्षा का जीवन जिएं। उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ धुआं-मुक्त रसोई की रचना की गई,जिसने न केवल लाखों महिलाओं को जीवनयापन में आसानी प्रदान की है,बल्कि उन्हें सांस की बीमारियों से भी बचाया है। इसके अलावा स्वच्छ भारत योजना के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाये गये,जिसने महिलाओं को अपने घरों में शौचालयों तक सुरक्षित और सम्मानजनक पहुंच प्रदान की, सुरक्षा के बारे में चिंताओं को दूर किया और उनकी गरिमा को संरक्षित किया। इसी तरह जलजीवन मिशन के तहत 12करोड़ कनेक्शनों द्वारा नल से जल उपलब्ध कराया गया। इन सभी उपायों ने महिलाओं को कठिन परिश्रम और दुष्कर जीवनसे छुटकारा दिलाया है।

तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि दशकों से अनदेखा सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सदियों पुरानी सामाजिक बेड़ियों को तोड़ दिया गया। चाहे वह महिलाओं की विवाह योग्य आयु को 18वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करना हो, मातृत्व अवकाश की अवधि को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना हो, या तीन तलाक की अनुचित प्रथा पर प्रतिबंध लगाना हो। इसी तरह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन पूरे जोर-शोर से चलाया गया। लड़कियों के विरुद्ध घृणित सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ अभियान, और परिणामस्वरूप, एनएफएचएस-5 द्वारा 1,020महिलाओं (प्रति 1000पुरुषों) के सकारात्मक लिंग अनुपात की जानकारी इसकी एक बानगी है। वास्तव में,मोदीजी नारी शक्ति के साथ खड़े रहे हैं, क्योंकि यह शक्ति के अवतार के रूप में अपनी श्रेष्ठता दोबारा प्राप्त करने के लिए दृढ़ है।

जैसा कि स्पष्ट है, मोदी जी के महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण के तहत महिलाओं को जन्म से ही मिलने वाली चुनौतियों के समाधान को रखा गया है। इसके लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण के रूप में अपनाया गया हैः पोषण, स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, करियर और रोजगार, पारिवारिक और मातृ जीवन, राष्ट्र की सेवा और नेतृत्व की भूमिका निभाना। महिला आरक्षण विधेयक उन इरादों पर दी गई शक्ति की मुहर है, एक शंखनाद है कि शक्ति जाग उठी है और हमारे महान राष्ट्र की बागडोर संभालने के लिए तैयार है। महिला आरक्षण विधेयक एक आधुनिक समय के प्रतीक के रूप में उभरा है, जो इस सभ्यता में महिलाओं को दिए गए प्राचीन सम्मान और समानता को दर्शाता है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस संशोधन विधेयक और कई अन्य पहलों के साथ, हम ऐतिहासिक दिशा में सुधार कर रहे हैं, एक ऐसी यात्रा जो भारत के मूल गौरव की ओर हमारे कदमों को सही मार्ग पर ले जा रही है एक ऐसी भूमि जहां महिलाओं की आवाज़ सुनी जाती थी, उनकी भूमिकाओं का मान किया जाता था और उनके योगदान को महत्व दिया जाता था।

# वहीदा रहमान के उत्कृष्ट अभिनय का कायल है जमाना

वहीदा रहमान की अदाओं का हिन्दी फिल्मों के बड़े पर्दे के दर्शक तो कायल रहे ही हैं, लेकिन तेलुगु, तमिल और बंगाली फिल्मों के दर्शकों पर भी उन्होंने राज किया है। वह 1950, 1960 और 1970 के दशकों की फिल्मों की विभिन्न शैलियों में अपने योगदान के लिए जानी जाती हैं।

एक परम्परागत भारतीय स्त्री को जिन मानवीय मूल्यों के साथ देखा जाता रहा है, हिन्दी फिल्मों में वहीदा रहमान स्त्री के उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती रही हैं। वे एक नायाब नायिका, जिन्होंने पांच दशकों तक यादगार एवं अविस्मरणीय भूमिकाओं को निभाते हुए हिन्दी सिनेमा को न केवल उच्च शिखर दिये बल्कि मनोरंजन के अनेक दरवाजों को खोला। इस महान् अदाकार को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय भारत सरकार ने ऐसे समय में लिया है, जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वन्दन अधिनियम संसद में पारित किया गया है।



ललित गर्ग

वहीदा रहमान करोड़ो दर्शकों पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी यादगार एवं संवेदनशील भूमिकाओं से विचरण करती रही है। जिनका अभिनय, प्रेम की तरह मन के एक सुरक्षित कोने में संजोया जा सकता है। वे दर्शकों के मन में इस तरह पैठ गयी है कि मन का वजन पहले से कई गुणा भारी हो उठता है। उनकी मोहक छवि, भंगिमाएं, नृत्य की बारीकियां दर्शकों को एकबारगी जड़ कर देती है। तब पर्दे पर यह विलक्षण एवं अद्भुत नायिका, प्रकृति की सबसे सुन्दर कृति के रूप में नजर आती रही है। उन्होंने अपने प्रभावशाली अभिनय से असंख्य दर्शकों का जो स्नेह-सम्मान पाया है, वह अद्भुत है, आज तक उनके अभिनय की गहनता को कोई अभिनेत्री छू नहीं सकी हैं। अपने अभिनय कौशल से किरदारों को संवेदनशील और अदम्य गरिमा प्रदान करने वाली वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय ऊंची पसन्द के दिलों को गौरवान्वित करने की घटना है।

निश्चित ही यह एक सुखद संयोग है कि देश जब हरदिल अजीज अभिनेता देव आनंद की जन्मशती मना रहा है, उसी दौरान उनकी कालजयी फिल्म गाइड की नायिका वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा का शिखर सम्मान की घोषणा की गई। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि वहीदा रहमान और देव साहब की जोड़ी रूपहले परदे पर लंबे समय तक छाई रही। दोनों ने सात फिल्में साथ-साथ की थीं, जिनमें से पांच जबर्दस्त हिट रहीं। वहीदा रहमान की शख्सियत का सबसे आकर्षक पहलू यह है कि फिल्मी करियर की शुरूआत से लेकर अब तक उन्होंने अपनी शर्तों पर ही काम किया और इसमें उनकी परवरिश का बड़ा योगदान रहा। बचपन में जब वह भारत नाट्यम सीख रही थीं, उनके जिला मजिस्ट्रेट पिता से किसी रिश्तेदार ने शिकायती अंदाज में कहा था, मुसलमान होकर बेटी को नचाओगे? तरक्की पसंद पिता का जवाब था, कला कोई बुरी चीज नहीं होती, इंसान की सोच बुरी होती हैं।

वहीदा रहमान की अदाओं का हिन्दी फिल्मों के बड़े पर्दे के दर्शक तो कायल रहे ही हैं, लेकिन तेलुगु, तमिल और बंगाली फिल्मों के दर्शकों पर भी उन्होंने राज किया है। वह 1950, 1960 और 1970 के दशकों की फिल्मों की विभिन्न शैलियों में अपने योगदान के लिए जानी जाती हैं। 3 फरवरी 1936 को जन्मी यह महान् कलाकार अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणओं का समवाय रही हैं। हिंदी सिनेमा की सबसे निपुण अभिनेत्रियों में से एक मानी जाने वाली वहीदाजी को एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और तीन फिल्मफेयर पुरस्कार मिले हैं। रहमान को 1972 में भारत सरकार ने पद्मश्री और 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 90 से अधिक फिल्मों में काम किया है। करियर के इस पड़ाव पर रहमान ने अनेक चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं के साथ प्रयोग करना शुरू कर दिया। उन्होंने फागुन (1973) में जया भादुड़ी की मां की भूमिका निभाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।



70 के दशक की नई पारी में वहीदा रहमान की सफल फिल्मों में कभी-कभी (1976), त्रिशूल (1978), ज्वालामुखी (1980), नसीब (1981), नमकीन (1982), धरम कांटा (1982), नमक हलाल (1982) शामिल हैं। कुली (1983), मशाल (1984), चांदनी (1989) और लम्हे (1991)। कभी-कभी, नमकीन, चांदनी और लम्हे ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकन प्राप्त किया। लम्हे (1991) में अपनी उपस्थिति के बाद, उन्होंने फिल्म उद्योग से विश्राम की घोषणा की। 85 साल की उम्र में जैसे वहीदा रहमान अपनी जिंदगी जी रही हैं वो सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है, जीने का अनूठा एवं सार्थक अंदाज है। अक्सर इस उम्र में महिलाएं किसी बीमारी से घिर जाती हैं या जीने की आस छोड़ देती हैं लेकिन वहीदा रहमान ने इस उम्र में फोटोग्राफी और स्कूबा डाइविंग के जरिए अपने प्रशंसकों को प्रेरित किया वह काबिल-ए-तारीफ है। ऐसे में वह इस उम्र में भी अपनी उम्र की बाकी महिलाओं के लिए एक मिसाल हैं।

आधी सदी से लंबे कालखण्ड में पसरे अभिनय करियर में कई फिल्मों के लिए वहीदा हमेशा सराही एवं याद की जाएंगी, मगर उनके अभिनय के पूरे वितान को तीन फिल्मों- गाइड, तीसरी कसम और खामोशी से समझा जा सकता है। गाइड की 'रोजी' का किरदार तो जैसे स्त्री मुक्ति का उद्घोष है। तरह-तरह की पाबंदियों और वर्जनाओं को तोड़ने की उत्कंठा किस दौर की स्त्री की नहीं रही? जब वहीदा ने परदे पर आज फिर जीने की तमन्ना है, आज फिर मरने का इरादा है को चरितार्थ किया, तो जैसे समूचे नारी समाज की दमित इच्छा को अभिव्यक्ति मिल गई थी। आज जब स्त्री मुक्ति का विमर्श नए-नए रूपों में हमारे सामने है, बल्कि कई बार यह बेहद अशोभनीय रूप में सामने आता है, तब रोजी का किरदार हमें एक शालीन राह दिखाता है। 'तीसरी कसम' की हीराबाई असम्मानजनक पेशे में होने पर भी वहीदा के पवित्र सौंदर्य, निश्छल अनुभूति, अव्यक्त पीड़ा और भोले मीठे स्वर से सम्माननीय और प्रिय लगने लगती है। 'प्यासा' की गुलाबों वेश्या है, पर उसकी संवेदनशील भावमुद्राएं भी कुशल एवं उत्कृष्ट अभिनयशैली के कारण मासूम और सहज लगती है। 'साहब, बीवी और गुलाम' में वहीदा की शोखी और चुलबुली अदाएं दर्शकों को मधुर अहसास में डुबो गई और वे उनके साथ ही गुनगुना उठे 'भंवरा बड़ा नादान है...।' 'चौदहवीं का चांद' में पति को भरपूर चाहने वाली पारंपरिक और समर्पित वहीदा जैसी पत्नी किस युवा मन ने नहीं संजोई होगी। निश्चित ही वहीदा अलग है, उनकी वेशभूषा और श्रृंगार भी खास, शालीन एवं मर्यादित होता था। एक दुर्लभ प्रतिभा, मृदुभाषी महिला, जिसे दुनिया के महान् हस्तियों ने ऐसी शानदार कलाकार की संज्ञा दी है, जिसकी आत्मा कवि जैसी निर्मल और संवेदनशील है। सादा फैशन में लिपटी वहीदा रहमान, जिनके निभाए किरदार भी अपनी दृढ़ता और साफगोई के लिये जाने जाते हैं। यश चोपड़ा, प्रकाश मेहरा, मनमोहन देसाई, महेश भट्ट, राज खोसला और गुलजार जैसे फिल्मकारों की पसंदीदा अभिनेत्री वहीदा उस एक मुकाम पर खड़ी है, जहां आज की अभिनेत्रियां पहुंचने के ख्याल भर से हांफने लगती हैं। वे नवोदित अभिनेत्रियों के लिये एक प्रेरणा है, दीपशिखा है। अब इतने वर्षों के बाद भी 'गाइड' की चमक बढ़ती जा रही है। 'टाइम मैगजीन' ने हिंदी सिनेमा का गहन विश्लेषण करते हुए इस क्लासिक फिल्म की चर्चा कर भारतीय सिनेमा के महत्व को नया आकाश दिया है।

# भाषा और संवाद के गिरते स्तर से आहत संसद


रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली के धर्म को लेकर जिन शब्दों का उपयोग किया उन्हें असंसदीय मानकर कार्यवाही से निकाल दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला ने रमेश बिधूड़ी को कड़ी चेतावनी दी, वहीं भाजपा अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा ने 15 दिन में जवाब मांगा है। बिधूड़ी ने गत दिवस पार्टी अध्यक्ष को अपना जवाब सौंप दिया है।

संसद का विशेष् सत्र कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। इस सत्र में नयी संसद में कामकाज की शुरूआत हुई तो वहीं बरसों से अटका पड़ा महिला आरक्षण विधेयक भारी बहुमत से पास हुआ। लेकिन इस सत्र में एक घटना ने लोकतंत्र के मंदिर की पवित्रता को भंग करने का काम किया। असल में दक्षिण दिल्ली के भाजपा सांसद रमेश बिधुड़ी ने उत्तर प्रदेश के बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के लिए जिन अपशब्दों का प्रयोग किया है, वह व्यवहार पूरी तरह अक्षम्य है। बिधूड़ी ने भाषा और संवाद की मर्यादा को तार-तार किया। इस मामले में जमकर राजनीति भी हो रही है। राहुल गांधी और अन्य दलों के नेता दानिष अली के समर्थन में सामने आए। कई विपक्षी सांसदों ने इसे श्विशेषाधिकार के उल्लंघन का मामला बताते हुए स्पीकर से कार्रवाई की मांग रखी। इसी बीच, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बसपा सांसद दानिश अली सहित कई अन्य विपक्षी सांसदों के व्यवहार को गलत बताते हुए स्पीकर को पत्र लिख दिया। उन्होंने पूरे मामले की जांच के लिए एक 'जांच समिति' बनाने की मांग की है। बीजेपी सांसद निषिकांत दुबे का कहना है कि 'बिधूड़ी के पूरे भाषण के दौरान, उस दिन दानिश अली लगातार रनिंग कमेंट्री कर रहे थे और बिधूड़ी को परेशान करने और उन्हें उकसाने के उद्देश्य से सभी के प्रति अभद्र टिप्पणियां भी कर रहे थे, जिससे उनकी शांति और संयम खो जाए और वह सदन में सही तरीके से अपने विचार व्यक्त न कर पाएं।' दुबे ने पत्र में कहा है, 'उन्होंने (दानिश अली) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और निंदनीय टिप्पणी की, जिसे सुनकर कोई भी देशभक्त जनप्रतिनिधि अपनी शांति खोकर और उनके जाल में फंसकर अप्रिय बोल सकता था और उस दिन ऐसा ही हुआ।'



राजेश माहेश्वरी

बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली के धर्म को लेकर जिन शब्दों का उपयोग किया उन्हें असंसदीय मानकर कार्यवाही से निकाल दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला ने रमेश बिधूड़ी को कड़ी चेतावनी दी, वहीं भाजपा अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा ने 15 दिन में जवाब मांगा है। बिधूड़ी ने गत दिवस पार्टी अध्यक्ष को अपना जवाब सौंप दिया है। संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी पार्टी के सांसद के अशोभनीय बयान के लिए माफी मांगने की सौजन्यता भी दिखाई। वहीं दानिश अली ने अध्यक्ष से मामले को विशेषाधिकार समिति में भेजने की अपील के साथ चेतावनी दी कि न्याय न मिलने पर वे सदस्यता छोड़ देंगे। लेकिन अब तक जो होता आया है उसके अनुसार मामला विशेषाधिकार समिति में जाएगा और रमेश बिधूड़ी के माफी मांग लेने पर उसका पटाक्षेप हो जाएगा। हाल ही में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चैधरी द्वारा प्रधानमंत्री के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के संदर्भ में भी यही देखने मिला। बावजूद इसके संसद या उसके बाहर ऐसी बातें कहने का



अधिकार किसी को भी नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 105 (2) के मुताबिक, संसद में कही गई बात को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

इस निरंकुशता में भी संशोधन किया जाना चाहिए। शायद स्पीकर इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजें, लेकिन ऐसे गालीबाज सांसद को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए था। जब कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चैधरी और विपक्ष के अन्य सांसदों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, तो तुरंत फैसला लिया गया। क्या रमेश बिधुड़ी को सत्ता पक्ष का सांसद होने के नाते ढील दी गई है और मुद्दे को शांत और ठंडा होने दिया जा रहा है? कारण कुछ भी हो, संसद के भीतर ये गालियां स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।

भाजपा सांसद के एक मुस्लिम सांसद के प्रति धर्मसूचक शब्द का इस्तेमाल करने से पूरा राजनीतिक जगत हिल गया। ऐसे में तमिलनाडु सरकार के मंत्री द्वारा भारत के 80 फीसदी लोगों के धर्म को डेंगू, मलेरिया, कोरोना बताकर समूल नष्ट करने की बात कहने और लगातार दोहराए जाने के बाद तो पूरे देश को आंदोलित होना चाहिए था। बजाय इसके कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे तक ने सनातन विरोधी बयान का समर्थन कर डाला। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य रामचरित मानस के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के बावजूद पार्टी के पद पर हैं। बीते कुछ दिनों से वे हिंदू शब्द की बेहद निम्न स्तरीय व्याख्या कर रहे हैं किंतु समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस या अन्य किसी को उसमें कोई बुराई नजर नहीं आ रही। स्वामी प्रसाद की देखा सीखी बिहार में नीतीश सरकार के कुछ मंत्री भी निरंतर रामचरितमानस और सनातन धर्म पर घटिया टिप्पणियां कर रहे हैं, जिनको न मुख्यमंत्री रोक रहे हैं और न ही लालू प्रसाद यादव। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 2019 के चुनाव में चौकीदार चोर का नारा किसके लिए लगवाते थे, ये सब जानते हैं। सभी मोदी चोर हैं जैसी टिप्पणी के लिए तो वे मानहानि के दोषी तक करार दिए गए। इसके अलावा वीर सावरकर के बारे में उनके सार्वजनिक बयान क्या एक राष्ट्रीय नेता की प्रतिष्ठा के अनुरूप थे? यह विचारणीय विषय है कि ऐसी टिप्पणियां करके ये नेता राज्य की जनता को क्या संदेश दे रहे हैं? शायद नेता भूल गए कि आम जनता राजनीतिक नेतृत्व को रोल मॉडल मानती है। अपने सदाचरण के लिए महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता, पं.जवाहर लाल नेहरू को चाचा नेहरू तथा कई अन्य राजनेताओं को इसी तर्ज पर आत्मीय संबोधन मिले, लेकिन मौजूदा दौर में कोई नेता आम आदमी से ऐसी आत्मीयता का हकदार नहीं दिखता। इसकी एकमात्र वजह नेताओं का आचरण और जीवनशैली है। इन्हीं हालात के चलते राजनीतिक क्षेत्र में दबंगों, कारोबारियों और अपराधियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है क्योंकि अच्छी सोच रखने वाले लोग राजनीति को अपने लिए सही स्थान नहीं मानते। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह अच्छा संकेत नहीं है।

देश के प्रधानमंत्री मोदी के लिए कांग्रेस नेताओं ने अनेक गालियों का इस्तेमाल किया है और वे अपशब्द इनसे भी ज्यादा अभद्र और अश्लील रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। इधर भाजपा सांसद ने बसपा सांसद को गालियां दीं, उधर हरियाणा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने अकारण ही प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री के लिए घोर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। क्या राजनीति इसी आधार पर की जा सकती है? इस हम्माम में सभी दलों के नेता डूबे हैं। उनके खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, लिहाजा शक होता है कि बिधुड़ी के खिलाफ भी कुछ किया जाएगा। सनातन धर्म के बारे में द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन के बेटे उदयनिधि द्वारा की जा रही अनर्गल टिप्पणियां यदि किसी अन्य धर्म के बारे में की गई होती तो उनका जीना दूभर हो जाता। कहने का आशय ये है कि अशालीन और अपमानजनक टिप्पणियों के विरुद्ध एक जैसी राय रखी जानी चाहिए। इसमें राजनीतिक लाभ और हानि की बजाय गुण-दोष के आधार पर फैसला किया जाना जरूरी है। जो गलत है वो गलत है, फिर चाहे उदयनिधि हों, स्वामी प्रसाद हों या फिर रमेश बिधूड़ी।

# अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों को लाभान्वित करने हेतु नियमावली में संशोधन

■ मेरिट के आधार पर वरीयता प्रणाली लागू
■ अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकाधिक छात्र राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे: धर्मपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग द्वारा संचालित राज्य छात्रवृत्ति योजनाओं में पारदर्शिता, प्रक्रियाओं का सरलीकरण एवं उच्च मेधा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रचलित नियमावलियों में यथा आवश्यक संशोधन किये गये हैं।

उ0प्र0 के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने अवगत कराया है कि प्रदेश के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में पूर्व दशम कक्षाओं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति योजना की नियमावली वर्ष 2016 में प्रख्यापित की गयी थी, जिसमें दो बार संशोधन किया गया तथा दशमोत्तर कक्षाओं की योजना हेतु वर्ष 2012 में छात्रवृत्ति नियमावली प्रख्यापित की गयी थी, जिसमें छः बार संशोधन किया गया। इन संशोधनों को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप समावेशित करते हुए नवीन समेकित एवं संशोधित नियमावलियाँ विभाग द्वारा हाल ही में प्रख्यापित की गयी है। इनमें मेरिट बेस्ड वरीयता प्रणाली लागू की जा रही है, आधार प्रमाणीकरण एवं आधार बेस्ट पेमेण्ट सिस्टम/डी0बी0टी0 प्रणाली द्वारा भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गई है, शिक्षण संस्थाओं हेतु ।ैप्म् ध्न्क्ैप्म् बवकम की अनिवार्यता की गई है तथा दशमोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रम समूहों हेतु बजट का अनुपातिक रूप से निर्धारण किया गया है, ताकि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को अधिक संख्या में लाभान्वित किया जा सके। पूर्व में प्रचलित व्यवस्था में नवीनीकरण श्रेणी के आवेदकों को प्राथमिकता एवं वरीयता दिये जाने के कारण उच्चतर मेधा वाले नवीन श्रेणी के आवेदक योजनान्तर्गत लाभान्वित होने से वंचित रह जाते थे। नवीन नियमावली में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों की उच्च मेधा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मेरिट आधारित प्रणाली को लागू किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों के चयन में पारदर्शिता भी आएगी।

श्री सिंह ने बताया कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति केवल पात्र व्यक्तियों को ही प्राप्त हो, इसके लिए आवेदक का आधार प्रमाणीकरण कराते हुए।ठैध्क्ठज् प्रणाली द्वारा भुगतान अभ्यर्थियों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में ही अन्तरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। फर्जी, अस्तित्वहीन एवं असंचालित शिक्षण संस्थानों द्वारा योजना का अनुचित लाभ न लिया जाए, इसके लिए सभी शिक्षण संस्थानों हेतु ।ैप्म् ध्न्क्ैप्म् बवकम की अनिवार्यता की गई है।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि योजनान्तर्गत पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा उत्तरदायित्व निर्धारित करने के उद्देश्य से शिक्षण संस्थाओं के भ्मंक व प्देजपजनजम एवं प्देजपजनजम छवकंस वििपबमत द्वारा अपने डिजिटल सिग्नेचर से अभ्यर्थियों का सत्यापन किया जायेगा तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा डिस्ट्रिक्ट नोडल आफिसर के रूप में सत्यापन उपरान्त उन्हें जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पूर्व व्यवस्था के अन्तर्गत दशमोत्तर कक्षाओं हेतु बजट का प्राविधान एकमुश्त किया जाता था।

## भाषा विश्वविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

**लखनऊ।** कुलपति प्रो. एन.बी.सिंह के निर्देशन में ख्वाज़ा मोईनुद्दीन चिस्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकरिता एवं जनसंचार विभाग और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान भाषा विश्विधालय और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी के बीच हुए पूर्व में एक एम.ओ.यू के तहत कराया गया था। जिसमें भास्कर इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कौशल त्रिपाठी ने डेवलपमेंट कम्युनिकेशन को समझाते हुए छात्र छात्रों को बताया कि हैव्स एंड हैव्स नॉट की यात्रा में कोई भी देश कैसे हैव्स नॉट से हैव्स की तरफ जाता है। साथ ही साथ विकास को लेकर उन्होंने हरप्पा सभ्यता से लेकर भारत की आज़ादी के बाद तक का अनुभव साझा किया। अपने लेक्चर में उन्होंने छात्रों से अनुरोध करते हुए बताया कि एक पत्रकार के लिए किसी भी देश को अंडर डिवेलप से लेकर डेवलपिंग और डेवलप्ड बनाने में क्या भूमिका दे सकता है।

# भाषा विश्वविद्यालय में जैविक खाद बनाने पर हुई प्रायोगिक कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो एन बी सिंह के निर्देशन में एन एस एस यूनिट 1 ने ÷हैंड्स ऑन वर्कशॉप ऑन स्किल रिलेटेड टू क्वालिटी मैनेजमेंट ऑफ आर्गेनिक मेन्युर एंड इट्स इकोनॉमिक वैल्यू÷ विषय पर एक प्रायोगिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन भाषा विश्वविद्यालय तथा एहसास फॉउंडेशन के मध्य हुए एम ओ यू के तहत संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में एहसास फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती सची सिंह और मुख्य वक्ता श्री राघवेन्द्र श्रीवास्तव रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को न सिर्फ जैव खाद बनाने के गुर सिखाए बल्कि उनको उसकी पूरी प्रक्रिया करके भी दिखाई। इसके पारिस्थितिक एवं आर्थिक फायदे बताते हुए श्री राघवेंद्र ने बताया कि कैसे कूड़ा समझे जाने वाले फूल पत्तियों को आप एक सफल व्यवसाय में बदल सकते हैं। ÷रसोई घर के सभी सामान उपयोग करने लायक है और कुछ भी व्यर्थ नही होता÷ श्रीमती सची सिंह की यह बात विद्यार्थियों के लिए बहुत प्रेरणादायी रही। इस कार्यशाला का मुख्य आकर्षण प्रश्नोत्तरी रहा जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम एन एस एस के यूनिट एक के विद्यार्थियों ने आयोजित किया। उनका मार्गदर्शन कुलनुशाशक एवं एम ओ यू नोडल अधिकारी डॉ नीरज शुक्ल, एन एस एस प्रोग्राम अधिकारी एवं एम ओ यू समन्वयक डॉ ममता शुक्ला तथा एन एस एस समन्वयक डॉ नलिनी मिश्र ने किया। पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी समझते हुए कार्यशाला में विद्यार्थियों को चयनित करके आगे इस कार्य को करके खाद को अगले दो महीनों में तैयार करने का सुअवसर प्रदान किया गया है। इस अवसर पर एन एस एस प्रोग्राम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण का विशेष सहयोग रहा। तथा श्री अप्रतिम, डॉ मनीष, डॉ सचिन, डॉ नसीब इत्यादि भी उपस्थित थे। इसमे 100से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# एक अक्टूबर को भाजपा जिलाध्यक्ष का सम्मान



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति ने बैठक कर निर्णय लिया कि भारतीय जनता पार्टी के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष का एक अक्टूबर की शाम छह बजे लोधीगंज स्थित स्टेडियम के सामने भव्य स्वागत किया जाएगा। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की एक बैठक कैंप कार्यालय पीलू तले चौराहा पर जिलाध्यक्ष नारायण बाबू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल का महासमिति द्वारा एक अक्टूबर दिन रविवार लोधीगंज स्थित स्टेडियम के सामने धूमधाम से किया जाएगा। समाज के लोगों द्वारा नवमनोनीत जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत होगा। संचालन करते हुए महासमिति के जिला महामंत्री साजन गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के उद्देश्य से सभी पदाधिकारी अभी से संपर्क अभियान में जुड़ जाए और कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह करें। बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, सुशील गुप्ता उर्फफौजी, सुधीर गुप्ता, मनीष गुप्ता, आनंद गुप्ता, गौरी शंकर गुप्ता सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# होमगार्ड जवानों की शतप्रतिशत ड्यूटी लगायें

## सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में बढ़चढ़ कर लें हिस्सा : धर्मवीर प्रजापति

■ अधिकारी अपने स्तर से समीक्षा बैठक कर समस्या का करें निराकरण

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मवीर प्रजापति ने आज होमगार्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में मण्डलीय एवं जिला कमाण्डेंट रैंक के अधिकारियों संग विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न मदों के भुगतान से संबंधित पेंडेंसी, ऑनलाइन मस्टररोल, आईजीआरएस संबंधी शिकायतें, कैशलेस कार्ड एवं विभागीय शासनादेशों के संबंध में वित्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लम्बित प्रकरणों को अपने स्तर से तत्काल समाधान करें। सभी मण्डलीय स्तर के अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला कमाण्डेंटों के साथ महीने में एक बार अवश्य बैठक करें। बैठकों के माध्यम से समस्या की पहचान व निराकरण में आसानी होती है। इसी प्रकार जिला कमाण्डेंट भी अपने अधीनस्थों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनें और उन समस्याओं का निराकरण करें।

श्री प्रजापति ने कहा कि भुगतान संबंधी किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नहीं होनी चाहिए। यदि कोई भी पेंडेंसी शेष हो तो उसे यथाशीघ्र मुख्यालय भेजवाएं। उन्होंने कहा कि शतप्रतिशत ड्यूटी मस्टररोल पर ही लगनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में ड्यूटी ऑटोफॉरवर्ड न करें। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिला कमाण्डेंटों को फटकार भी लगायी। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरहाल में 15 अक्टूबर तक अभियान के तहत कैशलेश कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

श्री प्रजापति ने उपस्थित अधिकारियों से विभागीय शासनादेश के बारे में पूंछताछ की एवं उन्हें निर्देशित किया कि जो भी शासनादेश मुख्यालय से निर्गत हों उसे ध्यान से पढ़े। शासनादेश में दिए गए प्राविधानों के तहत ही पीड़ितों की समस्याओं का निराकरण करें। बहुत जरूरी प्रकरणों में ही पीड़ित को मुख्यालय भेंजे, जिससे कि किसी भी पीड़ित को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि होमगार्ड जवानों के बीच अच्छी वर्दी पहनने को लेकर स्पर्धा का आयोजन करने पर भी विचार करें और स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कृत भी किया जाए। इससे जवानों में अच्छी वर्दी पहनने की प्रतिस्पर्धा का जन्म होगा।

श्री प्रजापति ने निर्देश दिया कि पर्यावरण सुरक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण जैसे सामाजिक गतिविधियों में अधिक से अधिक सहभाग करें। उन्होंने कहा कि सरकारी दायित्वों के अतिरिक्त देश की रक्षा एवं सुरक्षा व देश की संपदा को भी सुरक्षित एवं संवर्धित करना हम सबका नैतिक दायित्व है।

# मोह दुख का कारण : ब्रह्मचारी श्रीपाल



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इन्दिरानगर जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण पर्व के नवें दिन उत्तम आकिंचन धर्म की पूजा की गई। आकिंचन अर्थात ममत्व परिग्रह का त्याग। परिग्रह के प्रति जब राग भाव छूट जाता है तभी उत्तम आकिंचन धर्म प्रकट होता है।

भोपाल से आये ब्रह्मचारी श्रीपाल ने बताया की परिग्रह चौबीस प्रकार का होता है । हमारे जीवन मे सबसे बड़ा दुख का कारण भी परिग्रह ही होता है। एक लंगोटी के चाहत भी चिंता को बढ़ाने वाली होती है । इससे पूर्व जैन मंदिर मे भगवान की अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग अरुण जैन एवं सागर जैन को प्राप्त हुआ। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया की कल भगवान वासुपूज्य स्वामी का मोक्ष कल्याणक बड़ी ही धूम धाम से मनाया जाएगा।

# योग प्रतियोगिता में सीएमएस टीम चैम्पियन

अवधनामा संवाददाता



■ सब-जूनियर कैटेगरी में ध्रुवी एवं छवि ने क्रमशः सिल्वर एवं ब्रांज मेडल अर्जित किये

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस की छात्र टीम ने डिस्ट्रिक्ट योगासना चैम्पियनशिप में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। चैम्पियनशिप के अन्तर्गत जहाँ एक ओर सब-जूनियर कैटेगरी में सी.एम.एस. चौक कैम्पस की छात्रा वारिशा ने गोल्ड मेडल जीता तो वहीं दूसरी ओर रिदमिक पेयर सब-जूनियर कैटगरी का गोल्ड मेडल दिव्यानी एवं मरियम ने अपने नाम किया। इसी प्रकार, आर्टिस्टिक कैटेगरी (सब-जूनियर) का गोल्ड मेडल छवि एवं ध्रुवी ने अपने नाम किया। इसके अलावा, जूनियर कैटगरी में एंजल आनंद ने दो सिल्वर मेडल जबकि सब-जूनियर कैटेगरी में ध्रुवी एवं छवि ने क्रमशः सिल्वर एवं ब्रांज मेडल अर्जित किये। चैम्पियनशिप का आयोजन डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्टस, लखनऊ के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि चैम्पियनशिप में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर योग कौशल व दमखम का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. चौक कैम्पस के होनहार छात्रों ने विभिन्न योगासनों, यौगिक क्रियाओं एवं शारीरिक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर चैम्पियनशिप ट्राफी पर कब्जा जमाया। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इन प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी छात्रों को योग करने की सलाह दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु सदैव प्रोत्साहित करता है और यही कारण है कि सी.एम.एस. के छात्र शैक्षणिक क्षेत्र के अलावा भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्रा को

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) की प्रतिभाशाली छात्रा वाची सिंह ने अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब के संयोजकत्व में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने देशभक्ति से परिपूर्ण अपने सुमधुर गायन का शानदार प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने वाची के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के साथ ही जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है।

# मंत्रों के साथ हुआ गजानन का महाअभिषेक

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में चल रहे गणेशोत्सव मे बुधवार को दिन में भगवान गणेश का वैदिक मंत्रों के साथ महाअभिषेक किया गया। दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, गंगाजल, पांच फलो के जूस से 1008 नामों के साथ महाभिषेक हुआ। इस अभिषेक में कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता अपने पूरे परिवार के साथ अभिषेक में शामिल हुये। इसके अलावा अभिषेक करने के लिए आम जनता को भी मौका दिया गया। सैकड़ों लोगां ने भगवान गणेश के दर्शन और अभिषेक किया। शाम को भगवान को समर्पित महामोदक मुख्य आकर्षण बना रहा। इसमें 108 किलो का महामोदक कमेटी के भारत भूषण गुप्ता, घनश्याम दास अग्रवाल, योगेश बंसल, संजय सिंह गांधी, रंजीत सिंह महिलाओं में संध्या बंसल, रुक्मिणी देवी, बिन्नी बंसल, नीरजा सिंह, अंशु बंसल, अंजू गुप्ता, आंचल गोयल परिवार के साथ मनौतियों के राजा को महामोदक भेंट किया। उस दौरान कोलकाता से आये संजय शर्मा ने एक सुन्दर सा भजन '108 किलो का लड्डू तेरे लिए ले आये, बप्पा क्यो न भोग लगाये' सुनाया तो पूरा माहौल भक्ति से सराबोर हो गया। उसके बाद बप्पा के दरबार मे फूलों की होली खेली गई।

### आज निकलेगी मनौतियों के राजा की शोभा यात्रा

श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से चल रहे गणेशोत्सव का समापन कल गुरुवार को विसर्जन शोभा यात्रा के साथ होगा। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि शोभा यात्रा माध्यान्ह 12 बजे कार्यक्रम स्थल झूलेलाल वाटिका से प्रारम्भ होकर विश्वविद्यालय मार्ग, आईटी चौराहा, रामकृष्ण मठ, शंकरनगर चैराहा, नजीरगंज, डालीगंज होते हुये झूलेलाल घाट पर शाम को प्रतिमा का भू विसर्जन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में दर्जनों झांकियां, बग्घी, रथ, घोड़ा, बैण्ड शामिल होंगे। यात्रा के सबसे पीछे भगवान सिद्धविनायक के रुप में विराजमान भगवान गणेश का फूलों से सजा सुन्दर रथ चलेगा।

# जी-20 में 1.5 करोड़ नागरिकों की प्रत्यक्ष भागीदारी रही: पीके मिश्र

अवधनामा संवाददाता

**जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के भव्य भारत मंडपम में मंगलवार को जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्र ने कहा कि जी20 में भारत की प्रेसीडेंसी ने खुद को विभिन्न मायनों में अद्वितीय साबित किया है। भारत की प्रेसीडेंसी जनभागीदारी पर थी और 1.5 करोड़ लोगों ने जी20 से जुड़ी गतिविधियों में सीधे तौर पर सहभागिता निभाई है। उन्होंने कहा कि जागरूकता रैलियों, स्मारकों के साथ सेल्फी प्रतियोगिता, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं, मैराथन, स्वच्छता अभियान, युवा संवाद जैसे कार्यक्रमों के साथ, जी20 के उद्देश्यों को आखिरी पायदान तक ले जाया गया है।

श्री मिश्र ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री का विजन था कि जी20 का कार्यक्रम अखिल भारतीय आयोजन होना चाहिए और यह आयोजन हर राज्य और हर केन्द्रशासित प्रदेश में होना चाहिए। उनके विजन के अनुरूप जी20 को विकेंद्रीकृत और लोकतांत्रिक बनाया गया और देश के कोने-कोने में इसकी बैठकों का आयोजन किया गया। हर राज्य ने बाहर से आए प्रतिनिधियों के मन पर अपनी अनूठी सांस्कृतिक छाप छोड़ी। इस सांस्कृतिक छाप से दुनिया को भारत की विविधता के बारे में जानकारी मिली। प्रधान सचिव श्री पी के मिश्र ने आगे यह भी कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता के कार्यकाल की एक प्रमुख प्राथमिकता ऐसी दुनिया का निर्माण करना था जो अधिक समावेशी हो और जहां ग्लोबल साउथ की आवाज को अब नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को भारत के प्रस्ताव पर सदस्यता दी गई।

# दो दर्जन श्रावक-श्राविकाएं हुए सम्मानित

■ तृतीय कलश से कुशाग्र जैन और चतुर्थ स्वर्ण कलश से संस्कार जैन को अभिषेक करने का मिला सौभाग्य

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में दशलक्षण महामहोत्सव के दौरान पूरे 10 उपवास रखने वाले दो दर्जन लोगों- डॉ. संजय जैन, सर्वज्ञ, धार्मिक, चेतन, सौम्य, अमन, वैभव पोंडी, वैभव, दर्श, सार्थक, प्रयास, आयुष, अतिशय, आराध्य, वेदिता, कोमल, हितेश, आदित्य, आस्था आदि को कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन और सुश्री नंदिनी जैन ने सम्मानित किया। इस मौके पर ब्रहमचारिणी कल्पना दीदी की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। उत्तम आकिंचन धर्म दिवस पर समुच्चय पूजा, सोलहकारण पूजन, दशलक्षण पूजा, रत्नत्रय पूजा विधि-विधान से की गई। रिद्धि-सिद्धि भवन में श्रीजी का प्रथम स्वर्ण कलश से श्रेय जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश से अनंत चौधरी, तृतीय कलश से कुशाग्र जैन और चतुर्थ स्वर्ण कलश से संस्कार जैन को अभिषेक करने का सौभाग्य मिला। श्रीजी की स्वर्ण कलश से शांतिधारा करने का सौभाग्य सर्वज्ञ, अमन, धार्मिक और संस्कार जबकि रजत कलश से शांति धारा करने का सौभाग्य वैभव, आगम, अर्पित, यश, अंशुल, इति और अभि जैन को मिला। साथ ही अष्ट प्रातिहार्य का सौभाग्य अष्ट कन्याओं- आकांक्षा जैन, स्वस्ति, हर्षिता, कुनिका, नैना, श्रेया, आशी और निशि जैन ने प्राप्त किया। ये सभी धार्मिक अनुष्ठान प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में हुए। दूसरी ओर ऑडी में डेंटल कॉलेज के स्टुडेंट्स की ओर से णमोकार मंत्र...और जैन ब्रेथलेस पर मंगलाचरण से सांस्कृतिक सांझ की शुरूआत की। इसके बाद ओ पालनहारी निर्गुण और न्यारे....,कौन कहता है भगवान आते नहीं...., जिन शासन प्रभु...... जैसे भक्तिमय भजनों की मनमोहनी प्रस्तुति दी। स्टुडेंट्स ने णमोकार मंत्र की महिमा नामक नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति के जरिए णमोकार मंत्र की महिमा को बताया। दिशा जैन तुलिका ने नरेटर की भूमिका निभाई। भगवान नेमिनाथ और राजुल की नाटिका नृत्य के रूप में प्रस्तुत की गई। डेंटल फाइनल ईयर के छात्रों की ओर से आयो रे शुभ-शुभ दिन आयो रे..., संसार की वृद्धि रथ नू.....आदि पर नृत्य की प्रस्तुति दी। फर्स्ट ईयर के स्टुडेंट्स ने घूमर.., वह गुरुवर है..., उड़ी-उड़ी जाए... पर नृत्य किया। नमो-नमो जैनवीरा..., हम सब जैन... पर भी नवागंतुक छात्रों ने सुदंर नृत्य किया। अंत में डेंटल के अंतिम वर्ष के छात्रों को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनीष गोयल, मेडिकल कॉलेज के प्रो. एसके जैन, एचआर निदेशक श्री मनोज जैन, डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन, प्रो. आरके जैन, डायरेक्टर हॉस्पिटल पीएंडडी श्री विपिन जैन, डॉ. अंकिता जैन ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कल्चरल ईवनिंग का श्रीगणेश किया। संचालन डॉ. अनुष्का जैन और आशी जैन ने किया।

# महिलाओं को नया बिजली कनेक्शन की दर में रिबेट दिया जाए

■ कॉस्ट डाटा बुक में नया प्रावधान करने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** संसद के दोनों सदनों से महिलाओं के लिए 33प्रतिसत आरक्षण का बिल पास होने के बाद उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश की बिजली कंपनियों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत हो के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद जो इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड पुनर्विलोकन पैनल का सदस्य है के नाते आज उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में विद्युत वितरण संहिता 2005 की धारा 1.3(1) के तहत विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाई जा रही नई कॉस्ट डाटा बुक में एक नया प्रावधान जोड़ने के लिए प्रदेश के उपभोक्ताओं के व्यापक हित में एक प्रस्ताव दाखिल किया गया उपभोक्ता परिषद की तरफ से विद्युत नियामक आयोग में दाखिल प्रस्ताव में यह मुद्दा उठाया गया की वर्तमान में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया अध्याय जोडने के लिए पूरे प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में नया बिजली कनेक्शन लेने वाली महिलाओं को नया बिजली कनेक्शन की दर में रिबेट दिया जाए उपभोक्ता परिषद द्वारा दाखिल प्रस्ताव में ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं को किसी भी प्रकार का नया कनेक्शन लेने पर कनेक्शन फीस में 33 प्रतिसत की रिबेट और शहरी क्षेत्र में किसी भी महिला के नाम नया कनेक्शन लिए जाने पर 15 प्रतिसत की रिबेट दिए जाने हेतु कॉस्ट डाटा बुक में नया प्रावधान करने की मांग उठाई। जैसे ही उत्तर प्रदेश में इस प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग अपनी मोहर लगाएगी और प्रस्ताव पास होगा उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन जाएगा जो महिलाओं को विद्युत का नए बिजली कनेक्शन देने पर छूट देगा।

# युवा पर्यटक क्लब की बस को भ्रमण के लिए किया रवाना

**विश्व पर्यटन दिवस**

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में युवा पर्यटन क्लब के छात्र-छात्राओं को जनपद के पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से भ्रमण के लिए युवा पर्यटक क्लब की बस को विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फ्लैग आफ करके भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

''विश्व पर्यटन दिवस''के अवसर पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा जनपद में गठित केन्द्रीय विद्यालय, राजकीय इण्टर कालेजों, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, जवाहर नवोदय विद्यालय सनातन धर्म इण्टर कालेज में''युवा पर्यटन क्लब''के सदस्यों को ईको टूरिज्म गंतव्य इटावा लायन सफारी पार्क एवं वृन्दा हर्बल पार्क, बहेडा महेवा पर शैक्षिक भ्रमण कराया गया। युवा पर्यटन क्लब की स्थापना का उद्देश्य भारतीय पर्यटन के युवा प्रतिनिधियों का विकास करना है। जिसके द्वारा विचार, शब्द और कार्य के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो सतत विकास के अनुरूप हो। पर्यटन क्लब का गठन देश के बहुआयामी विकास के श्रोत के रूप में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योकि इसका उद्देश्य कल के नागरिको को पूर्व में घटित घटनाओं एवं उनसे जुड़े घटनाक्रम के बारे में शिक्षित करना है। पर्यटन आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित विषयों की समझ विकसित करने में मदद करता है। आने वाले भविष्य में ये सभी छात्र पर्यटन क्षेत्र के उत्थान व विकास में भागीदार होंगे। ये अपने संपर्क में आने वाले अन्य छात्रों को भी पर्यटन के विषय में जागरूक करने में सहायक होगे। जनपद में पर्यटन की सम्भावनाओं से परिपूर्ण अनेक स्थल है। इटावा लायन सफारी पार्क एंव वृन्दा हर्बल पार्क, बहेडा ईको टूरिज्म की सम्भावनाओं से परिपूर्ण एक महत्वपूर्ण भ्रमण स्थल हैं।

उक्त भ्रमण कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय, राजकीय इण्टरकालेजों, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, जवाहर नवोदय विद्यालय सनातन धर्म इण्टर कालेज के कक्षा 7 से 12 तक की कुल 50 छात्र व छात्राओं एवं प्रति विद्यालय दो नोडल शिक्षको का चयन किया गया है। युवा पर्यटन क्लब की छात्र-छात्राओं को इटावा लायन सफारी पार्क एंव वृन्दा हर्बल पार्क, बहेडा महेवा का भ्रमण कराकर विभाग व प्रबंधक के अधिकारियों के माध्यम से छात्र व छात्राओं को भ्रमण स्थल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वन्य प्राणी सप्ताहः इटावा सफारी पार्क में दिनांक 1 से 7 अक्टूबर तक

**इटावा।** वनों एवं वन्यजीव के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जन जागृति उत्पन्न करने के लिये विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वन्य प्राणी सप्ताह का आयोजन दिनांक 01.10.2023 से 07.10. 2023 तक इटावा सफारी पार्क में किया जायेगा। घटते वन क्षेत्र एवं वन्यजीवों की असुरक्षा से पर्यावरण में भोजन श्रृंखला पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, जिससे पर्यावरणीय असंतुलन की समस्या जटिल होती जा रही है। इस समस्या के समाधान में भावी पीढ़ी की अहम भूमिका हो सकती है। वन्य प्राणी सप्ताह 2023 पर स्कूली छात्र-छात्राओं के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनमानस में वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है।


## सौरभ पटेल फ़िल्म देवकाली में कर रहे हैं अभिनय

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** युवा किसान के रूप में सीधे बिग बॉस सीजन -12 में जबरदस्त एंट्री पाने वाले सौरभ पटेल पृथ्वी सिंघानिया के निर्देशन में बन रही फ़िल्म द सीक्रेट ऑफ देवकाली में हीरो नीरज चौहान, महेश मांजरेकर, संजय मिश्रा, प्रशान्त नारायण के साथ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। इस समय फ़िल्म की शूटिंग ब्रज की विभिन्न लोकेशन पर चल रही है। शूटिंग के दौरान हुई विशेष बातचीत में सौरभ ने बताया कि बिगबॉस सीजन-12 में आने से पहले वह अपनी खेतीबाड़ी में व्यस्त थे। सौरभ ने बताया कि एमपी जबलपुर के बड़े किसान होने के नाते ही उन्हें बिग बॉस में शानदार एंट्री मिली। बिग बॉस सीजन 12 की टीआरपी की बड़ी वजह सौरभ ही रहे। उन्होंने बतौर अभिनेता 2021 में शिवकुमार निर्देशित फ़िल्म महाभोज में अभिनय किया है। यह बिगबॉस के बाद पहली फिल्म रही। महाभोज के अलावा वेब सिरीज गांठ में भी अभिनय किया है जो जल्दी ही रिलीज होने वाली है। सौरभ ने आगे बताया कि नवाजुद्दीन और श्रध्दा कपूर के साथ एक बड़ी फिल्म करने जा रहे हैं। जिसकी जल्द ही पंजाब में शूटिंग शुरू हो रही है। अभिनय के अलावा सामाजिक सरोकारों को लेकर सौरभ पटेल महिलाओं के साथ होने वाली गैरबराबरी से आहत नजर आए। सवाल करते हुए कहा कि आधुनिक होने के बाद हम आज भी महिलाओं को इंसान नहीं समझते। महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने की इच्छा जाहिर की।

## पेंशन शंखनाद रैली के लिए अपील व सम्पर्क किया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** सिंचाई विभाग के समस्त संघों ने अपना समर्थनपत्र अटेवा को सौंपा। सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि उनका सन्गठन पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन हेतु प्रतिबद्ध है इसके लिए हिंदुस्तान के किसी छोर पर भी जाना पड़े तो सिंचाई संघ पीछे हटने वाला नहीं है। मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उ0प्र0 के जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि यदि 1 अक्टूबर की रैली के पश्चात भी सरकारें नहीं चेतीं तो कर्मचारी अपने बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन हेतु किसी भी हद तक जाने को तैयार है फिर इसके लिए तालाबंदी या कलमबंद हड़ताल ही क्यों न करनी पड़े। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि सात सौ रुपये पेंशन पाने वाले कर्मचारी आज भुखमरी की कगार पर है उनके पास आत्महत्या करने या वृद्धा आश्रम जाने के सिवाय कोई विकल्प नहीं। अटेवा जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन ने सरकार से अपील की कि जिस तरह आपने उ0प्र0 में अभी हाल ही में न्यायपालिका की पेंशन बहाल की, विधायिका पहले से ले रही है तो फिर शिक्षक कर्मचारियों अधिकारियों सुरक्षा बल के साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों?जिलाध्यक्ष अटेवा अजय कुमार यादव ने सभी समर्थ करने वाले संघों का धन्यवाद देते हुए कहा कि आज कर्मचारी एकजुट है, अपने संगठनों की सीमाओं को तोड़कर स्वयं के लिए अपने घर से निकल रहा है। दिल्ली की रैली ऐतिहासिक होने वाली है। पूरे देश के पेंशनविहीनों का जमावड़ा रामलीला मैदान में होने वाला है। समर्थनपत्र देने वालों में सुदीप कमल, सुनील कुमार राही, अनुराग पाण्डेय, हृदेश कुमार, चित्रांग वर्मा, देवेंद्र सिंह, शक्ति तिवारी, मनीष चतुर्वेदी, भूपेंद्र यादव, अजय प्रजापति समेत कई कर्मचारी शामिल रहे।

## बालिकाओं को आत्मरक्षण प्रशिक्षण की आवश्यकता: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

■ रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम समिति की बैठक में दिए निर्देश

**मथुरा।** समग्र शिक्षा अभियान में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के संबंध में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम समिति के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है, जो बालिकाओं में आत्म विश्वास पैदा करने, उनको अपने परिवेश के बारे में जागरूक होने एवं किसी भी अत्याशित घटना के बचाव के लिए तैयार रहने मदद करता है।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को संकट के समय अपनी रक्षा के लिए मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनना सिखाया जाता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने हेतु मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हुए प्रशिक्षित ट्रेनर्स के माध्यम से मार्शल आर्ट, जूडो, ताइक्वांडो, कराटे आदि के माध्यम से उनमें जीवन कौशल का विकास किया जाता है।

प्रशिक्षण हेतु ऐसे खिलाडियों का चयन किया जायेगा जिसके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता प्रमाण-पत्र हो। एक प्रशिक्षक अधिकतम् तीन विद्यालयों में उपस्थित होकर प्रशिक्षण करायेगा। प्रशिक्षक को तीन माह हेतु अधिकतम 12 हजार रूपए मानदेय दिया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षण 03 माह अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर 2023 तक संचालित किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग द्वारा उपस्थित उपाधीक्षक को निर्देशित किया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु चयनित विद्यालयों में अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने, असामाजिक तत्वों से बचने, बालिकाओं को हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 ,112, 108 तथा क्षेत्रीय महिला थाना नम्बरों की जानकारी प्रदान की जाऐ तथा पुलिस विभाग के माध्यम से विद्यालयों में प्रेरणात्मक कार्यक्रम भी संचालित कराये जाये।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का माह वार ट्रेनिंग मॉड्यूल, पीपीटी तैयार कर विद्यालयों को उपलब्ध करायी जाएं और पंपलेट पोस्टर भी जागरूकता के उद्देश्य लगाए जाएं तथा विद्यालय स्तर पर उक्त कार्यक्रम हेतु 02 महिला शिक्षिकाओं को नामित किया जाए, जो बालिकाओं से संवाद स्थापित कर बालिकाओं की मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक संवेदनाओं का पता लगाकर सही दिशा प्रदान करने हेतु परिचर्चा करना।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, जिला विद्यालय निरीक्षक भाष्कर मिश्रा, पुलिस उपाक्षीक्षक गुंजन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## केवीके ने बांटा सरसों का बीज एवं तरल उर्वरक

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान कानपुर एवं वेटरनरी विवि के कुलपति प्रो डा एके श्रीवास्तव के संयुक्त दिशा निर्देशन में बुधवार को कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानों को प्रथम पंक्ति प्रर्दशन के अन्तर्गत सरसों का उन्नतशील बीज वितरण किया गया है। प्रभारी डा वाईके शर्मा ने किसानों को सरसों की तकनीकी खेती की जानकारी दी। उन्होने किसानों को बीज उपचारित से लेकर फसल में लगने वाले रोग-बीमारियों तथा कम लागत में उत्पादन ज्यादा कैसे करें इसकी गहन जानकारी देकर लाभान्वित किया। जनपद के चयनित 75 किसानों को एक एकड की दर से प्रथम पंक्ति प्रर्दशन हेतु प्रति किसान दो किलोग्राम सरसों की डीआरएमआर 1165 (रुकमिणी) प्रजाति का बीज उपलब्ध कराया। तथा तरल उर्वरकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक-एक बोतल नैनो तरल डीएपी एवं नैनो तरल यूरिया की भी दी गई। सरसों की बेहतर एवं अत्यधिक लाभदायक खेती की जानकारी देते हुए किसानों से सीधे संवाद करके उनकी समस्याओं के निराकरण बताए गए। किसानों को सरसों की बुवाई का सही समय एवं नवीन तकनीकी की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डा बृज मोहन ने इस सीजन में होने वाली सब्जियों की बेहतर खेती कैसे करें तथा सब्जियों में आने वाले रोग बीमारियों की जानकारी दी। बीज वितरण में किसान रीतराम, देवेन्द्र, घनश्याम, जगदीश सिंह, जीवन, ज्ञानेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## बेचैन सिंह सहित 17 लेखपाल संग्रह अमीन राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत

**मथुरा।** शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी ने जनपद की विभिन्न तहसीलों में तैनात 17 लेखपाल/संग्रह अमीनों को प्रोन्नत कर राजस्व निरीक्षक पद पर तैनात किया है। जिलाधिकारी के उक्त आदेश के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा मांट तहसील निवासी व छाता तहसील में तैनात कुंजबिहारी लाल को राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत करते हुए तहसील गोवर्धन में नवीन तैनाती प्रदान की है। इसी प्रकार उक्त तहसील के निवासी जिलेदार को गोवर्धन से मथुरा भेजा गया है। मांट के रहने वाले व इसी तहसील में कार्यरत विजय कुमार को अब मथुरा तहसील भेजा गया है। इसी प्रकार मांट निवासी व इसी तहसील में तैनात राधेश्याम को छाता में तैनात किया गया है। इसके अलावा महावन निवासी भगत सिंह को उनके तैनाती क्षेत्र मथुरा से मांट भेजा गया है। कानपुर निवासी हरीओम गौतम को गोवर्धन से मांट भेजा गया है। हाथरस निवासी हरिश्चंद को गोवर्धन से छाता, मथुरा तहसील निवासी राधूराम को उनकी तैनाती क्षेत्र मथुरा से गोवर्धन, मथुरा निवासी रतन सिंह को गोवर्धन से मांट, मथुरा निवासी सीताराम को मथुरा से महावन भेजा गया है। महावन निवासी कमल सिंह को उनके तैनाती क्षेत्र मांट से छाता, गोवर्धन निवासी बेचैन सिंह को मांट से छाता, गोवर्धन निवासी योगेश कुमार को गोवर्धन से मांट, मथुरा निवासी गोविन्द सिंह को मांट से छाता, मथुरा निवासी दिव्यांग बृजभूषण अवस्थी को गोवर्धन से छाता, छाता निवासी खेमचंद को तैनाती क्षेत्र छाता से गोवर्धन व मथुरा के रहने वाले और यहीं पर तैनात हरीशंकर को मांट में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात किया गया है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** पोषण माह के अंतर्गत जनजागरूकता हेतु आज आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।अन्नप्राशन कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य माताओं को इस बात के लिए जागरूक करना है कि छह माह का होने के बाद बच्चों को दूध के साथ उपरी खाद्य पदार्थ देने की शुरुआत समय से कर दी जाए। अन्नप्राशन कार्यक्रम उन बच्चों का कराया जाता है जिनकी आयु छह माह पूरे हो चुके हैं ।आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चे की माता ,दादी सहित परिवार के सभी सदस्यों एवं अन्य अगर होती धात्री महिलाओं को आमंत्रित किया गया। बच्चे को माँ अथवा दादी की गोद में बैठाकर ,टीका लगाकर खीर खिलाकर उसका अन्नप्राशन संस्कार किया गया ।बच्चों को उपहार स्वरूप खिलौने एवं अन्य वस्तुएँ भी दी गई 0। उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी गई कि माँ का दूध अमृत के समान है इसलिए जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराना शुरू करें किंतु छह माह के पश्चात बच्चे को ऊपरी खाद्य पदार्थ देना बहुत ज़रूरी है ।।क्योंकि इस समय बच्चे के शरीर और मस्तिष्क का तेज़ी से विकास हो रहा होता है ।केवल माँ के दूध से बढ़ते हुए बच्चे के शरीर की और मस्तिष्क की सभी आवश्यकताएं /पौष्टिक तत्व पूरे नहीं होती है ।इसलिए ऊपरी खाद्य पदार्थ देना भी ज़रूरी है ।इस आयु में बच्चे के मुँह में दाँत नहीं होते हैं और बच्चे का पाचनतंत्र भी बहुत अधिक विकसित नहीं होता है इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थ दिए जाने चाहिए जिनको बच्चा आसानी से निगल सके और वह पचने में भी आसान हो। जिन्हें हम अर्द्ध ठोस खाद्य पदार्थ कह सकते हैं जैसे,मसला हुआ क़ेला,दाल का पानी ,चावल का माड ,सूची की पतली खीर ,सूजी का पतला हलवा ,ख़ूब घुटी हुई खिचड़ी मसला हुआ केला इत्यादि बच्चे को दे सकते हैं। बच्चे के खाने में ऊपर से थोड़ा घी /तेल डाल देना फ़ायदेमंद रहता है। शुरू में बच्चे को थोड़ा सा खिलाना चाहिए ,उसके बाद धीरे धीरे इसकी मात्रा बढ़ानी चाहिए ।ऐसा करना बहुत ही ज़रूरी है। धातरी महिलाओं में अधिकतर ऊपरी आहार के प्रति जागरूकता का अभाव है ।माताएँ बच्चों को दूध पिलाना सबसे अधिक अच्छा समझती है इसलिए वह लंबे समय तक बच्चे को केवल दूध ही पिलाती रहती है जिसके कारण एक ओर जहाँ बच्चे का विकास प्रभावित होता है वहीं दूसरी ओर बच्चे को विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्वाद का पता नहीं चल पाता और विभिन्न खाद्य पदार्थों के प्रति उनकी रुचि विकसित नहीं हो पाती है ।इसलिए ही ज़्यादातर बच्चे हरी सब्ज़ियां खाना नापसंद करते हैं । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा माताओं को बताया गया कि खिचड़ी में या दाल में कद्दू ,लौकी या हरी पत्तेदार सब्ज़ियां डालकर पकाया जाए और उसके बाद उनको अच्छी तरह से मिलाकर बच्चे को प्यार से खिलाया जाए तो बच्चे दिए धीरे सभी चीज़ें खाने लगेंगे ।यदि बच्चे को समय से और समुचित मात्रा में ऊपरी आहार दिया जाय तो बच्चे की लंबाई और वज़न दोनों अच्छे से बढ़ते हैं और बच्चे के कुपोषित होने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

## स्वच्छता जागरूकता अभियान की कार्यान्वित बैठक आहूत

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश श्री आशीष गर्ग के निर्देशानुसार श्रीमती नीरू शर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा द्वारा अपने कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित आधोकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सम्मिलित करते हुये कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। महात्मा गाँधी की जयन्ती 2 को जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जाये, जिसमें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वच्छता जागरूकता अभियान शीर्षक के अधीन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जावे। समस्त विद्यालयों में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये। दोनों संवर्गो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय व छात्र को पुरस्कृत किया जाये। उन्होने कहा कि समस्त विद्यालयों द्वारा अपने-अपने विद्यालय की 3-3 उत्कृष्ट निबन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियों को 5 अक्टुबर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा को प्राप्त कराया जायेगा। इस हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त विद्यालयों को अपने-अपने स्तर से यथोचित निर्देश जारी किये जायेंगे। विद्यालयों से प्राप्त प्रविष्टियों में से निर्वाचक मण्डल द्वारा निवन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियों में से उत्कृष्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रविष्टियों को चयनित व पुरस्कृत किया जायेगा। अभियान के प्रारम्भ होने की तिथि 2 अक्टूबर, को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ए डी आर भवन, जनपद न्यायालय मथुरा एवं तहसील विधिक सेवा समितियों द्वारा अपने कार्यालय एवं समीपवर्ती परिसर में साफ सफाई के लिये गहन स्वच्छता कार्य भी सम्पादित किया व कराया जायेगा।

## बालिकाओं को आत्मरक्षण प्रशिक्षण की आवश्यकता

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** समग्र शिक्षा अभियान में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के संबंध में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम समिति के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है, जो बालिकाओं में आत्म विश्वास पैदा करने, उनको अपने परिवेश के बारे में जागरूक होने एवं किसी भी अत्याशित घटना के बचाव के लिए तैयार रहने मदद करता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को संकट के समय अपनी रक्षा के लिए मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनना सिखाया जाता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने हेतु मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हुए प्रशिक्षित ट्रेनर्स के माध्यम से मार्शल आर्ट, जूडो, ताइक्वांडो, कराटे आदि के माध्यम से उनमें जीवन कौशल का विकास किया जाता है। प्रशिक्षण हेतु ऐसे खिलाडियों का चयन किया जायेगा जिसके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता प्रमाण-पत्र हो।

# संक्षिप्त समाचार

### जुलूस-ए-मुहम्मदी आज सुबह 7 बजे मदरसा दारुल उलूम नई बस्ती से निकाला जायेगा



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जश्न-ए-ईद मीलाद-उन-नबी सल्ल.के मुबारक मौके पर मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजवीदुल कुरआन नई बस्ती, आज़ाद नगर से आज सुबह 7 बजे उलमाए इकराम की सरपरस्ती में बहुत बहुत ही अदब और एहतराम के साथ जुलूस-ए-मुहम्मदी सल्ल.निकाला जायेगा। जुलूस के आयोजक कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने सभी हज़रात से अदब के साथ जुलूस-ए-मुहम्मदी सल्ल.में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जुलूस में इस तरह चले की किसी को कोई भी परेशानी न हो।

### डा0 प्रेमशंकर होंगे इटावा हिन्दी सेवा निधि के अध्यक्ष



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** प्रख्यात साहित्यिक संस्था इटावा हिन्दी सेवा निधि के नए अध्यक्ष होंगे प्रख्यात साहित्यकार, कोलकाता विश्वविद्यालय के सेवा निवृत्त आचार्य डा. प्रेम शंकर त्रिपाठी। विश्व हिन्दी सम्मान से अलंकृत डा.त्रिपाठी श्री केशरी नाथ त्रिपाठी का स्थान लेंगे। आचार्य विष्णुकांत त्रिपाठी के परम प्रिय शिष्य श्री त्रिपाठी हिन्दी की वैदुष्य परंपरा के तेजस्वी संवाहक हैं। आप कुमार सभा पुस्तकालय बड़ा बाजार कोलकाता के भी अध्यक्ष हैं। उक्त जानकारी देते हुए निधि के महासचिव प्रदीप कुमार ने बताया किअनेक महत्वपूर्ण पुस्तकों के लेखक, संपादक डा त्रिपाठी के अध्यक्ष बनने से निधि की साहित्यिक सक्रियता को अधिक गति मिलेगी। डा.त्रिपाठी के अध्यक्ष बनने पर जमुना दास अग्रवाल , दिलीप कुमार एडवोकेट, राज कुमार गुप्त, डा.विद्याकांत तिवारी, संजीव शर्मा, सईद नकवी, डा कुश चतुर्वेदी, मेधावसु पाठक आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### जायण्ट्स परिवार ने गणेश महोत्सव का किया आयोजन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जायण्ट्स ग्रुप ऑफ़ दतावली के तत्वावधान में ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य विश्वविजय त्रिवेदी के संयोजन में श्री गणेश पूजन एवं आरती का आयोजन उनके आवास पर बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा पूर्ण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया। फेडरेशन सचिव विमल कुमार सिंह ने कहा कि मांगलिक कार्य एवं शुभ कार्य श्री गणेश पूजन के साथ प्रारंभ किए जाते है। इस अवसर पर ललित सक्सेना, नीलम भदौरिया, शिखा त्रिवेदी, श्रद्धा अवस्थी, सरोज द्विवेदी, पूनम त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

### 7 लोग विधुत चोरी करते पाए गए



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अधिशाषी अभियन्ता श्रीप्रकाश के आदेशानुसार कटिया हटाओ ट्रांसफार्मर बचाओ के अन्तर्गत श्याम नगर बिजलीघर से संबंधित क्षेत्र यदुवंश नगर नगर में विद्युत चोरी पकड़ने के लिए अभियान चलाया। अभियान में उपखंड अधिकारी तृतीय गगन अग्निहोत्री विजिलेंस टीम प्रभारी उप निरीक्षक मनोज कुमार व वीना, अभिषेक त्रिपाठी द्वारा चलाया गया उक्त अभियान में 07 लोग चोरी करते पाए गए सभी की धारा 135 में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। जबकि 3 उपभोक्ता को घरेलू संयोजन से कमर्शियल संयोजन का उपयोग करते पाया गया जिसकी धारा 126 में कार्यवाही कर दी गयी है। मौके पर अवर अभियंता हंसराज टीजी 2 नवल मौजूद रहे।

### नूर वाला आया है, नूर ले के आया है



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में बुधवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी सल्ल.के मुबारक मौके पर प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर की सरपरस्ती में स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नबी ए पाक की आमद बारह रबीउल अव्वल की खुशी में बच्चों ने अपने बेहतरीन अंदाज़ में नात पाक व कलाम पेश किए। बच्चों की प्रस्तुति मनमोहक रही। कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों ने एक साथ नूर वाला आया है, नूर ले के आया है, सारे आलम में यह देखों कैसा नूर छाया है नात शरीफ पेश कर ख़ूब वाह-वाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन हाफिज़ मोहम्मद इकबाल अजहरी ने किया।

### दशलक्षण महापर्व के नौवें दिन जिनालयो में प्रासुक जल से किया अभिषेक



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** शहर के जैन जिनायलो में धर्म की गंगा बह रही है श्रृद्धालुओं ने भगवान की भक्ति मे झूम उठे दशलक्षण महापर्व के नौवें उत्तम अकिंचन धर्म के दिन नशिया जी, लालपुरा, बरहीपुरा, करनपुरा, फूलन देवी डांडा सराये शेख नया शहर चौगुर्जी आदि मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर पंसारी टोला मे प्रातःकाल श्रीजी का केसर के जल से अभिषेक व शांति धारा पुजारियों ने द्वारा किया गया इसके तपश्चात समूहिक पूजन अष्द्रव्य की थाली लगाकर भक्ति के साथ किया। पंसारी टोला मंदिर मे महिला मंडल द्वारा सायंकाल श्रीजी की महाआरती भक्ति के साथ की गई इसके उपरांत शास्त्र का स्वाध्याय किया गया सभी जिनालयो में धर्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया हुआ।

### विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता संपन्न

**नंदगांव/मथुरा।** विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित कर एआरपी गणों की गणों की टीम ने शकुसल सम्पन्न कराया प्रमुख रूप से प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी श्रुतिलेख एवं अंग्रेजी में स्पेल बी उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदगांव देहात में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ एआरपी गणों की संयुक्त टीम द्वारा मां सरस्वती जी के चित्रपट समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण करके किया।तदउपरआंत विकासखंड के विधालयों में से आए समस्त छात्रों की क्रम से बैठकर प्रतियोगिता कराई गई। उक्त प्रतियोगिताएं सम्पन्न कर परिणाम घोषित किया गया। प्राथमिक विद्यालय स्तर पर अंग्रेजी स्पेल बी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से उच्च प्राथमिक विद्यालय गढी भरवारी से हिमांशी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदगांव देहात से अंकिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर की अंग्रेजी स्पेल बी प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय कमयीं से चंचल कुमारी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हताना से साहिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिंदी श्रुतिलेख में पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपाल बाग प्रीति ने एवं प्राथमिक विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय शएषआई रचित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# नेपाल के दीपेंद्र के 10 गेंद में 52 रन, 8 छक्के, युवराज का रिकॉर्ड तोड़ा



एशियन गेम्स में बुधवार को नेपाल ने मंगोलिया को 273 रनों से हराकर टी.20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल की टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 314 बनाए। जवाब में मंगोलिया 13.1 ओवर में 41 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले, सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड चेक रिपब्लिक के नाम था। उसने तुर्की के खिलाफ साल 2019 में 257 से जीत दर्ज की थी।

नेपाल के दीपेंद्र सिंह ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाने का भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। दीपेंद्र ने चीन के हांगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स मेंस क्रिकेट में मंगोलिया के खिलाफ महज 9 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिया।

उन्होंने अपनी पारी में कुल 10 गेंदें खेलीं और 8 छक्के की मदद से 52 रन बनाए। युवराज ने 2007 टी.20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों पर हाफ सेंचुरी जमाई थी। युवराज ने उसी मैच में स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में लगतार 6 छक्के भी जड़े थे।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए कुशल मल्ला ने सिर्फ 34 गेंद पर ही शतक जड़ दिय। ये टी.20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज सेंचुरी है। इससे पहले ये रिकॉर्ड संयुक्त रूप से डेविड मिलर और रोहित शर्मा के नाम पर दर्ज था। दोनों ही बल्लेबाजों ने 35 गेंदों पर में शतक लगाने का कारनामा किया था।

नेपाल ने इस मैच में टी.20 इंटरनेशनल में सबसे बड़े टीम स्कोर का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। नेपाल की टीम ने मंगोलिया के खिलाफ 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 314 रन बनाए। पिछला वर्ल्ड रिकॉर्ड अफगानिस्तान के नाम था। अफगान टीम ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 278 रन बनाए थे। 314 रन बनाए।

नेपाल की पारी के दौरान बल्लेबाजों ने 26 छक्के लगाए, जो किसी एक मेंस टी.20 इंटरनेशनल पारी के लिए नया रिकॉर्ड है। इससे पहले अफगानिस्तान ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 22 छक्के मारे थे।

नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए। इससे पहले, टी.20 इंटरनेशनल में किसी टीम ने 300 स्कोर नहीं बनाया था। इससे पहले टी-20 और टी-20 इंटरनेशनल इतिहास का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के नाम था, जिन्होंने देहरादून में आयरलैंड के खिलाफ 278 बनाए थे।


क्रिकेट के सभी मैच झीजांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड के मैदान पर खेले जाएंगे। मेंस में 18 टीमें पार्टिसिपेट कर रही हैं। टूर्नामेंट टी.20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। एक जून 2023 तक रैंकिंग में एशिया की टॉप.4 नंबर पर रहीं टीमों को सीधे क्वार्टर फाइनल में एंट्री मिलेगी। इसी डेडलाइन के हिसाब से बाकी टीमों की रैंकिंग और मैच भी तय होंगे।

# आयरलैंड के खिलाफ तीसरा वन डे बारिश की वजह से रद्द हुआ, इंग्लैंड ने सीरीज 1.0 से जीती

ब्रिस्टल,एजेसी। आयरलैंड के खिलाफ ब्रिस्टल में खेले गए तीसरे वनडे में इंग्लिश बल्लेबाजों ने *ODI* में सबसे तेज 100 रन बनाने का टीम रिकॉर्ड बनाया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने केवल 8 ओवरों में 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया।

हालांकि, तीसरा व्क्प् बारिश की वजह से रद्द हो गया। इसी के साथ इंग्लैंड ने *ODI* सीरीज 1.0 से अपने नाम कर ली। तीसरे वनडे में बारिश की वजह से पहली इनिंग में केवल 31 ओवर का खेल ही हो पाया। तब तक इंग्लैंड ने 4 विकेट के नुकसान पर 280 रन बना लिए थे।

ओपनिंग करने उतरी फिल साल्ट और विल जैक्स की जोड़ी ने आते से ही अपने इरादे साफ कर दिए। पहले ओवर में ही फिल साल्ट ने 19 रन बनाए जो इंग्लैण्ड की तरफ से व्क्प् में सबसे ज्यादा हैं। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर 21 गेंदों में ही टीम का स्कोर 50 पहुंचा दिया था। साल्ट ने 28 गेंदों में 61 रन की पारी खेली।



नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने उतरे बेन डकेट ने इंग्लैंड के मोमेंटम को टूटने नहीं दिया। डकेट ने 72 गेंदों में अपना पहला शतक लगाया। बारिश से मैच प्रभावित होने तक डेकट ने 78 गेंदों में नाबाद 107 रनों की पारी खेली।

*ODI* क्रिकेट में टीम के सबसे तेज 100 रन बनाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम है। 2015 में क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ 6.3 ओवर में ही 100 रन बना लिए थे।

# वनडे वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान-संन्यास से वापसी के बाद भी तमीम टीम में नहीं, कप्तान शाकिब से था विवाद

तमाम विवादों के बीच बांग्लादेश ने आखिरकार अपनी वर्ल्ड कप टीम की घोषणा की है। टीम में सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल का नाम नहीं है। मंगलवार की सुबह रिपोर्ट्स में सामने आया था कि वनडे कप्तान शाकिब अल हसन और ओपनर तमीम इकबाल के बीच वर्ल्ड कप टीम में शामिल होने और न होने पर विवाद हो रहा था। इस विवाद में जीत शाकिब की हुई, जो वर्ल्ड कप में कप्तानी करेंगे।



दरअसल, तमीम पीठ में चोट से जूझ रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को साफ कर दिया था कि अगर वह वर्ल्ड कप का हिस्सा होते हैं तो वह पांच मुकाबले से ज्यादा नहीं खेलेंगे। उधर शाकिब का कहना था कि अगर तमीम की शर्तो को मंजूरी मिलती है तो वह वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं होंगे और कप्तानी भी छोड़ देंगे। उनका मत था कि चयनकर्ताओं को तमीम की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल करना चाहिए।

तमीम ने 6 जुलाई को अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही सीरीज के दौरान संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन बोर्ड और प्रधानमंत्री से बात के बाद उन्होंने महज 24 घंटे के अंदर फैसले को वापस ले लिया था। उन्हें मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ होने के लिए छह हफ्ते का ब्रेक दिया गया।

उसके बाद उन्होंने वनडे की कप्तानी छोड़ दी और वे एशिया कप से भी बाहर हो गए। तमीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान टीम में लौटे और उन्होंने दूसरे मुकाबले में 58 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। बांग्लादेश का पहला मुकाबला सात अक्टूबर को अफगानिस्तान से होना है।

शाकिब अल हसन कप्तान, नजमुल हुसैन शान्तो उपकप्तान, लिटन दास, तंजीद हसन तमीम, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नसुम अहमद, शक महेदी हसन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार जीत के साथ शुरूआत

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में अपने पहले मैच में सिंगापुर को 13.0 से हराया। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज भारत का सामना पूल के मैच में 34वीं रैंकिंग वाली टीम से था।

संगीता कुमारी की हैट्रिक समेत अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में अपने पहले मैच में सिंगापुर को 13.0 से हराया। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज भारत का सामना पूल के मैच में 34वीं रैंकिंग वाली टीम से था।

तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के लिये संगीता 23वां, 53वां, 47वां मिनट ने तीन गोल किये जबकि नवनीत कौर ने 14वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। दीपिका 11वां, सुशीला चानू आठवां उदिता छठा, नेहा 19वां, दीप ग्रेस इक्का 17वां, सलीमा टेटे 35वां, वंदना कटारिया 56वां, और मोनिका 52वां ने गोल दागे।सिंगापुर की टीम भारतीय गोल पर हमले भी नहीं बोल सकी। भारत को अब 29 सितंबर को मलेशिया से खेलना है। यह ख़बर पीटीआई.भाषा की फीड से प्रकाशित की गयी है।

# महिलाओं की 50 मीटर एयर राइफल व्यक्तित स्पर्धा में गोल्ड मेडल दिलाया

19वें एशियन गेम्स 2023 में भारत की शूटिंग टीम का कमाल जारी है। दरअसल सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर एयर राइफ्ल व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल दिलाया है।

एशियन गेम्स 2023 में भारत की छोरियों का जलवा देखने को मिल रहा है। जहां चौथे दिन भारत को शूटिंग में दूसरा गोल्ड मेडल मिला है। दरअसल सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर एयर राइफ्ल व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल दिलाया है।

जबकि भारत की आशी 50 मीटर रायफ्ल इवेंट में तीसरे नंबर पर रहकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम करने में कामयाब रहीं।

सिफ्त कौर मनी कौशिक और आशी चौकसी ने टीम इवेंट में अपना पदक कन्फर्म किया है। इसके साथ सिफ्त कौर ने टीम के साथ 50 मीटर थ्री पोजीशन के क्वालीफाई राउंड में नया एशियन रिकॉर्ड बनाया है।



भारतीय महिला टीम ने क्वालीफाई राउंड में 600 में से 594 स्कोर हासिल किया। कई इंटरनेशनल स्तर की प्रतियोगिताओं में खुद साबित कर चुकी सिफ्त ने पटियाला की राव शूटिंग रेंज 25 में ही शूटिंग के गुर सीखे हैं। वह शूटिंग कोच विकास प्रसाद की ट्रेनी हैं।

गौरतलब है किए बाकू में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत निशानेबाज सिफ्त कौर समरा ने पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। सिफ्त कौर ने 50 मीटर थ्री पोजिशन में कोटा हासिल किया। वह मौजूदा समय में 50 मीटर राइफ्ल थ्री पोजिशन में देश की नंबर वन शूटर हैं। उनकी वर्ल्ड रैंकिंग 19 हैं। 21 वर्षीय सिफ्त कौर ने बेहद कम आयु में शानदार उपलब्धियां अपने नाम की हैं।

# शैतानों की टोली में सलमान खान की भांजी भी शामिल, टाइगर-3 एक्टर ने करवाया इंट्रोड्यूस

बॉलीवुड के दबंग द इन दिनों अपनी फिल्म टाइगर-3 को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। हालांकि इस बीच ही उन्होंने अपनी भांजी अलीजेह की डेब्यू फिल्म फर्रे की घोषणा की थी। कल इस फिल्म का टीजर आउट हुआ था अब हाल ही में सलमान खान ने अपने शैतानों की टोली से फैंस को इंट्रोड्यूज करवाते हुए पोस्टर रिलीज किया।

बॉलीवुड के सुल्तान सलमान खान अब तक कई नए चेहरों को लॉन्च कर चुके हैं। सोनाक्षी सिन्हा से लेकर जरीन खान, डेजी शाह और प्रनूतन बहल सहित कई एक्ट्रेसेज को सलमान खान ने इंडस्ट्री में खुद की अभिनय कला को प्ररूफ करने का मौका दिया।

अब हाल ही में सलमान खान ने एक और बड़ी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। वह अपनी भांजी अलीजेह को हिंदी फिल्म सिनेमा की दुनिया से परिचित करवाने जा रहे हैं। अलीजेह की डेब्यू फिल्म फर्रे के टीजर के बाद अब सलमान खान ने फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है।




### अलीजेह बनी शैतानों की टोली का हिस्सा

अलवीरा अग्निहोत्री और अतुल अग्निहोत्री की बेटी अलीजेह की फिल्म फर्रे का पहला पोस्टर आउट हो चुका है। जिसे खुद सलमान खान ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर फैंस के साथ शेयर किया है। इस पोस्टर में चार लोग नजर आ रहे हैं। पोस्टर में कुछ बुक्स हैं, क्लास रूम सेटअप है और बोर्ड है।

जो कॉलेज लाइफ को दर्शाता है। इस पोस्टर में सलमान खान की भांजी अलीजेह के अलावा साहिल मेहता, जेयन और प्रसन्ना बिष्ट भी क्लास रूम में बैठे हुए नजर आ रहे हैं।

जहां चेयर पर बैठे अलीजेह और जेयन काफी सीरियस और टेन्स लुक में नजर आ रहे हैं, तो वहीं प्रसन्ना स्माइल कर रही हैं। इसके अलावा साहिल के हाथ में नोटों की गड्डी है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए सलमान खान ने कैप्शन में लिखा, मिलिए इन बहुप्रतिभाशाली शैतानों से।

### इस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी फर्रे

अलीजेह और साहिल मेहता स्टारर इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर सौमेंद्र पाढ़ी ने किया है जो इससे पहले जमा सीरीज के लिए काफी सराहना पा चुके हैं। फिल्म में सलमान खान की भांजी अलीजेह के अलावा रोनित रॉय और जूही बब्बर अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं।

सलमान खान की टाइगर-3 के 11 दिन बाद फिल्म फर्रे सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की कहानी स्टूडेंट्स की लाइफ उनके स्टडी के प्रेशर और परीक्षा में चीटिंग के बारे में दर्शाती है।


# दिशा परमार की बेटी की पहली तस्वीर आई सामने, प्यार से निहारते दिखे डैडी राहुल वैद्य

टेलीविजन इंडस्ट्री के पावर कपल दिशा परमार और राहुल वैद्य हाल ही में एक बेटी के पेरेंट्स बने। गणेश चतुर्थी के मौके पर इनकी बेटी ने इस दुनिया में कदम रखा। राहुल, बेटी के पिता बनकर बहुत खुश हैं। उन्हें इस बात की भी खुशी है कि गणेश चतुर्थी के मौके पर उनके घर लक्ष्मी आई है। डिलीवरी के बाद जब से दिशा परमार और बेबी का घर में वेलकम हुआ है, तब से राहुल उन्हें लेकर हर छोटी-बड़ी अपडेट शेयर करते देखे जा सकते हैं।

### राहुल ने शेयर की बेटी की तस्वीर

दिशा परमार ने 21 सितंबर को बेबी गर्ल को जन्म दिया था। जैसे ही इसकी जानकारी कपल ने फैंस के साथ शेयर की, सोशल मीडिया पर उन्हें बधाइयां मिलने लगीं। राहुल, बेटी के पिता बनकर बहुत खुश हैं। हाल ही में उन्होंने एक फोटो शेयर कीए जिसमें वह अपनी दुलारी लक्ष्मी के साथ खेलते दिख रहे हैं। वह काफी प्यार से अपनी बेटी को निहार रहे हैं। इस प्यारी तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लव यू लिखा।

इसके पहले उन्होंने एक और फोटो शेयर की, जिसमें उनके पिता अपनी पोती के साथ खेलते दिख रहे थे। राहुल ने इसके कैप्शन में लिखा,



दादा जी अपनी पोती के साथ खेलेत हुए, इससे बड़ा सुख नहीं हो सकता।

### दिशा और बेबी का हुआ था ग्रैंड वेकलम

23 सितंबर को दिशा और बेबी का घर में ग्रैंड वेलकम हुआ था। राहुल ने इस मोमेंट का वीडियो शेयर किया था। दिशा की सास ने इस मौके पर उन्हें गोल्ड की चेन गिफ्ट की थी। वीडियो के कैप्शन में राहुल ने लिखाए 23 सितंबर, 2023 हमारी लाइफ का सबसे खास दिन होगा! इससे बेहतर मेरा जन्मदिन नहीं हो सकता थाए जब पत्नी और बेटी घर आए। इस साल गणेश चतुर्थी पर हमारे घर लक्ष्मी जी आई हैं।

## किरदार को रियल लाइफ के करीब मानते हैं इश्वाक सिंह, कहा बिल्कुल घर जैसा लगा



हम सभी के जीवन में जज करने वाले लोग जरूर होते हैं। जो हमारे काम से लेकर निजी जीवन को लेकर लगातार कहते रहते हैं कि लोग क्या कहेंगे। परिवार पड़ोसियों और कभी-कभी आपके अपने दोस्तों तक में ऐसे लोग मौजूद होते हैं, जो लगातार आपको परेशान करते रहते हैं। परफेक्ट बनने का दबाव अक्सर किसी भी व्यक्ति पर बहुत भारी पड़ता है और आप इससे छुटकारा पाना चाहते हैं। यहीं से इश्वाक सिंह की फिल्म तुम से ना हो पाएगा की कहानी शुरू होती है। इश्वाक, गौरव का किरदार निभा रहे हैंए जो कॉर्पोरेट की मुश्किलों से बाहर निकलकर कुछ हासिल करना चाहता है।

### असली सी लगी फिल्म की स्क्रिप्ट

मुझे इस किरदार के बारे में सबसे ज्यादा पसंद यह बात है कि यह उस समय की याद दिलाता है, जब मैंने अपने बचपन के सपने को पूरा करने के लिए खुद से संघर्ष किया था। मुझे एक अभिनेता बनना था। यहां सिर्फ कॉर्पोरेट जीवन नहीं है, जिसमें हास्य है। मेरा मतलब है, इसी तरह हम सभी जीवन की खुशियों का अनुभव करते हैं। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो यह बहुत जुड़ी हुई लगी। जैसे कि मैं और मेरे दोस्त बात करते हैं। इसी तरह हम एक-दूसरे को चिढ़ाते थे, खुद पर हंसते थे और खुद को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते थे। कई बार आपको इसका सामना करना पड़ता है, और आप जानते हैं कि आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते हैं, इसलिए आप इसे हंसकर टाल देते हैं।

# जवान के तूफान में विक्की कौशल की फिल्म की हालत खस्ता

जवान की रिलीज के कई दिनों बाद सिनेमाघरों में विक्की कौशल की फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली और शिल्पा शेट्टी की मूवी सुखी ने दस्तक दी। ये दोनों फिल्में ही बॉक्स ऑफिस पर 22 सितंबर को आपस में टकराई थीं। ये दोनों ही फिल्में फैमिली ड्रामा हैं।

एक तरफ जहां विक्की कौशल की फिल्म को समीक्षकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, तो वहीं शिल्पा शेट्टी भी लोगों की तारीफ पाने में कामयाब रही। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर जवान के बवंडर के बीच ये दोनों ही फिल्में बुरी तरह से पिट गयी। दोनों को ही थिएटर में ऑडियंस नहीं मिल रही है। बॉक्स ऑफिस पर विक्की कौशल की फैमिली ड्रामा फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली और शिल्पा शेट्टी की सुखी की चार दिनों में कितनी कमाई हुई है, यहां पर जाने पूरे आंकड़े

### चार दिनों में विक्की की फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली ने की इतनी कमाई

विक्की कौशल और मानुषी छिल्लर स्टार द ग्रेट इंडियन फैमिली बीते शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यशराज बैनर तले बनी इस फिल्म का प्रमोशन भी काफी जोरदार नहीं था, जिसका असर साफ तौर पर कहीं न कहीं फिल्म के कलेक्शन पर देखने को मिला। शुक्रवार को 1.3 करोड़ से ओपनिंग करने वाली इस फिल्म ने वीकेंड तक केवल 5 करोड़ का ही बिजनेस किया था।



जवान और गदर-2 के बीच विक्की कौशल की द ग्रेट इंडियन फैमिली के लिए दर्शक तराशना बेहद ही मुश्किल हो रहा है। विक्की कौशल की फिल्म का सोमवार का कलेक्शन लाखों में गिर गया।

इस फिल्म ने मंडे को महज 85 लाख रुपए की कमाई की और फिल्म का टोटल कलेक्शन इंडिया में 5०85 करोड़ तक ही पहुंचा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 6 करोड़ की टोटल कमाई की है।

### शिल्पा शेट्टी की सुखी का बॉक्स ऑफिस पर हाल-बेहाल

शिल्पा शेट्टी की फिल्म सुखी ने भी 22 सितम्बर को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। फिल्म में 38 साल की पंजाबी हाउसवाइफ सुखप्रीत की कहानी बताई गयी है। ये मूवी एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें शिल्पा के अलावा अमित साध और कुशा कपिला जैसे कलाकार अहम भूमिका में दिखाई दिए।

सैनलिक कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म ने चार दिन में महज 1.41 करोड़ के आस-पास घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई की है। आपको बता दें कि इससे पहले शिल्पा शेट्टी फिल्म निकम्मा में नजर आई थीं।

## इस्माइल कादरी के किरदार में केके मेनन ने छोड़ी छाप, सीरीज के लिए मिली सराहना पर जताई खुशी

वेब सीरीज बंबई मेरी जान कुछ दिनों पहले रिलीज हुई है। सीरीज में अंडरवर्ल्ड और गैंगस्टर की दुनिया को दिखाया गया है। इसके साथ ही 1970 के दशक में मुंबई की एक झलक भी दिखाने की कोशिश की गई है। बंबई मेरी जान में कई जाने-माने चेहरे शामिल हैं। इनमें केके मेनन का नाम भी है। सीरीज में उन्होंने ईमानदार पुलिस इस्माइल कादरी का किरदार निभाया है। बंबई मेरी जान में अपने उसूलों पर चलने वाला इस्माइल कादरी दर्शकों पर छाप छोड़ने की पूरी कोशिश करता है। बंबई मेरी जान में इस्माइल कादरी की अपने बेटे दारा कादरी से अक्सर झगड़ा होता है। एक ईमानदार पुलिस होने के नाते वो बेटे को क्राइम की दुनिया में नहीं जाने देने चाहता, लेकिन बेटा अपराध की दुनिया को अब चुन चुका है। इस स्थिति में इस्माइल कादरी अपने सिद्धांतों और एक पिता होने के बीच फंसा हुआ है।

### मेहनत का मिला फल

बंबई मेरी जान केके मेनन को उनकी अदाकारी के लिए सराहना मिली है, जिससे एक्टर बेहद खुश हैं। एक्टर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं बंबई मेरी जान को लोगों का जितना प्यार मिला है, उसे देखकर मैं बेहद खुश हूं। सीरीज में मेरे किरदार इस्माइल कादरी को जितना पसंद किया गया, वो शानदार है। सीरीज के लिए हमारी टीम ने पूरे समर्पण के साथ काम किया है और एक एपिक स्टोरी कहने की पूरी कोशिश की है, ये पॉजिटिव रिव्यू इसका सबूत है।

### सीरीज की स्टार कास्ट

बंबई मेरी जान का ग्लोबल प्रीमियर 14 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर हुआ। सीरीज में 10 एपिसोड्स है। बंबई मेरी जान की स्टार कास्ट की बात करें तो सीरीज में अविनाश तिवारी और केके मेनन के साथ कृतिका कामरा निवेदिता भट्टाचार्य और अमायरा दस्तूर अहम किरदारों में हैं।

### सीरीज के डायरेक्टर

बंबई मेरी जान को शुजात सौदागर ने डायरेक्ट किया है। वहीं, एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर ने सीरीज को प्रोड्यूस किया है। बंबई मेरी जान रेंसिल डिसिल्वा और शुजात सौदागर द्वारा बनाई गई हैं।

# छात्रों की हत्या के विरोध में इंफाल में दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन

## इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने की सीबीआई जांच की मांग

**कार्रवाई**

**« यह रैली उन दो किशोरों की हत्या के मामले में सीबीआई की त्वरित कार्रवाई के खिलाफ है, जो एक दूसरे से प्यार करते थे**



**इंफाल (मणिपुर)।** मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को लगातार दूसरे दिन दो युवकों के अपहरण और हत्या के विरोध में हजारों छात्रों ने इम्फाल की सड़कों पर विरोध रैलियां निकालीं और नारेबाजी की। चुराचांदपुर में, शीर्ष कुकी संस्था, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम की महिला शाखा ने लगभग पांच महीने की जातीय हिंसा के दौरान आदिवासियों की हत्याओं और दुष्कर्म की सीबीआई जांच के आदेश में देरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। संभावित विरोध प्रदर्शन और हिंसा की आशंका के चलते मणिपुर पुलिस, CRPF और RAF के जवानों को इंफाल घाटी में बड़ी संख्या में तैनात देखा गया। एक छात्र नेता थोकचोम खोगेंद्रो सिंह ने कहा, हम साथी छात्रों के अपहरण और हत्या के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और हमने विरोध स्वरूप सभी को काले बैज पहनने के लिए कहा है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं। दूसरी ओर, चुराचांदपुर में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाली ITLF महिला विंग की संयोजक मैरी जोन ने आश्चर्य जताया कि कुकी की हत्याओं और दुष्कर्मों में ऐसी जांच क्यों शुरू नहीं की गई।

यह रैली उन दो किशोरों की हत्या के मामले में सीबीआई की त्वरित कार्रवाई के खिलाफ है, जो एक दूसरे से प्यार करते थे और भाग गए थे। हालाँकि, आदिवासी महिलाओं के साथ दुष्कर्म, नग्न परेड और हमारे पुरुषों की हत्या की कई घटनाएं हुईं लेकिन कोई ष्ठ्ठ जांच नहीं की गई। उन्होंने कहा, हमारे खिलाफ यह पूर्वाग्रह क्यों? हम आदिवासियों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं की सीबीआई जांच की मांग करते हैं।

रैली, जिसमें कई हजार महिलाओं ने भाग लिया, लमका सार्वजनिक मैदान से शुरू हुई, टिपाईमुख रोड और आईबी रोड से होकर गुजरी और वॉल ऑफ रिमेंबरेंस स्थल पर पहुंची, जहां जातीय हिंसा में मारे गए लोगों के डमी ताबूत रखे गए हैं।

6 जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या का विरोध कर रहे ञ्न कर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच मंगलवार रात झड़प हुई, जिसके बाद कानून लागू करने वालों को आंदोलनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और रबर की गोलियां चलानी पड़ीं और उन पर लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसमें 45 छात्र मारे गए। प्रदर्शनकारियों में से अधिकांश घायल हो गए, जिनमें अधिकतर छात्र थे।

### पलक्कड़ में एक व्यक्ति ने पुलिस के आगे लाशों को दफन करने की बात कबूल की

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले में दो युवकों को धान के खेत में दफ्न कर दिया गया। पलक्कड़ जिले के कोडुम्बु पंचायत में धान के खेत के मालिक ने दो युवकों के शव को दफनाने की बात कबूल की है। कसाबा पुलिस ने बताया कि मालिक ने यह भी कहा कि संभवत÷ जंगली सूअरों से बचने के लिए खेत के पास बिछाए गए बिजली के तारों से करंट लगने से दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि धान के मालिक ने जो कहा है उसके बातों की जांच करनी होगी। क्षेत्र के स्थानीय निवासियों के अनुसार, कुछ युवक जो हाल ही में एक मामूली हमले के मामले में आरोपी थे सोमवार को कोडुम्बु में छिपे हुए थे और जब पुलिस उनकी तलाश में आई, तो वे वहां से भाग गए। कसाबा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी ग्रुप के दो सदस्यों ने मंगलवार को उनके सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

# कौशल विकास घोटाला मामले में चंद्रबाबू नायडू केस से अलग हुए सुप्रीम कोर्ट के जज एसवीएन भट्टी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू मामले में सुप्रीम कोर्ट के जज एसवीएन भट्टी ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट के जज एसवीएन भट्टी ने खुद को अलग कर लिया है।

बता दें कि आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास घोटाला मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। हालांकि, स्ष्ट के जज एसवीएन भट्टी ने खुद को सुनवाई से अलग करने का फैसला किया है।


दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू की तो एसवीएन भट्टी ने मामले से खुद को अलग करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि हम इस मामले में सुनवाई के लिए किसी



अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दे रहे हैं। हालांकि, चंद्रबाबू नायडू की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने पीठ से मांग करते हुए कहा कि इस मामले में तत्काल सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिका का सूचीबद्ध करने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा नायडू का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने कहा कि यदि पीठ मामले की सुनवाई नहीं कर रही है तो उसे पारित करने से मदद नहीं मिलेगी और अदालत अगले सप्ताह इसे सूचीबद्ध करने का निर्देश दे सकती है। वहीं, न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि पीठ इसे विशेष तारीख पर सूचीबद्ध करने का निर्देश नहीं दे सकती, लेकिन अगले सप्ताह सूचीबद्ध करने का आदेश दे सकती है।

# उदयनिधि की और बढ़ीं मुश्किलें, सनातन पर बिगड़े बोल के खिलाफ एक और याचिका, सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म पर विरोधी बयान देने पर तमिलनाडु के मंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन और सांसद ए राजा की मुश्किलें बढ़ गई हैं।दोनों नेताओं के



खिलाफ एक और याचिका दायर की गई है। यह याचिका वकील विनीत जिंदल ने किया है। बता दें कि पिछले हफ्ते स्ष्ट ने चेन्नई के एक वकील की याचिका पर नोटिस जारी किया था। अब दोनों याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में साथ सुनी जाएंगी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने सनातन धर्म पर विवादित बयान देने को लेकर तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन और द्रमुक नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले को हेट स्पीच पर लंबित दूसरी याचिकाओं के साथ सुनेगी। बता दें कि जस्टिस जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने बी जगन्नाथ की तरफ से दायर याचिका पर नोटिस जारी किया है। उदयनिधि स्टालिन के अलावा सुप्रीम कोर्ट ने डीएमके सांसद ए राजा, सांसद थिरुमावलवन, सांसद सु वेंकटेशन, तमिलनाडु के डीजीपी, ग्रेटर चेन्नई पुलिस कमिश्नर, केंद्रीय गृह मंत्रालय, हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री पीके शेखर बाबू, तमिलनाडु राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पीटर अल्फोंस समेत अन्य को भी नोटिस जारी किया है।

उदयनिधि स्टालिन ने एक जनसभा को संबोधित करते समय सनातन धर्म पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी, जिससे विवाद काफी ज्यादा बढ़ गया। उन्होंने कहा था कि %कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि उन्हें खत्म करना जरूरी होता है। जिस तरह हम डेंगू-मलेरिया का केवल विरोध नहीं कर सकते, बल्कि उन्हें खत्म करना भी जरूरी होता है। उसी तरह सनातन धर्म का केवल विरोध ही नहीं करना चाहिए, बल्कि इसे खत्म भी करना चाहिए।

# राहुल गांधी ने शेयर किया कुलियों से बातचीत का वीडियो रिकॉर्ड बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई पर उठाए सवाल

**बेरोज़गारी**

**« डिग्री इंजीनियर की, काम कुली का, ऐसी बेरोज़गारी से त्रस्त हैं। गांधी ने कहा, कुली भारत के सबसे मेहनती लोगों में से हैं।**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को ÷रिकॉर्ड बेरोजगारी और कमरतोड़ महंगाई के मुद्दों को उठाया और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों के साथ अपनी हालिया बातचीत का एक वीडियो साझा किया। राहुल गांधी से मिलने के दौरान कूलियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने बुधवार को कुलियों के साथ अपनी बातचीत का एक वीडियो साझा किया और भारत के मेहनती कुली भाइयों से दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर मिला। डिग्री इंजीनियर की, काम कुली का, ऐसी बेरोज़गारी से त्रस्त हैं। रेलवे से न पगार, न पेंशन, न स्वास्थ्य बीमा और न सरकारी सुविधा! मगर इन्हें उम्मीद है, समय बदलेगा, और मुझे पूरा विश्वास! भारत के मेहनती कुली भाइयों से दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर मिला। डिग्री इंजीनियर की, काम कुली का, ऐसी बेरोज़गारी से त्रस्त हैं। गांधी ने कहा, कुली भारत के सबसे मेहनती लोगों में से हैं। पीढ़ी-दर-पीढ़ी, वे अपना जीवन लाखों यात्रियों की यात्रा में मदद करने में बिताते हैं। कई लोगों की बांह पर लगा वह बैज सिर्फ एक पहचान नहीं है, बल्कि उन्हें मिली एक विरासत भी है। उनके लिए जिम्मेदारी का हिस्सा तो है, लेकिन खुद के लिए बहुत कम प्रगति है। उन्होंने दावा किया, आज, भारत में लाखों शिक्षित युवा रेलवे स्टेशनों पर कुली के रूप में काम करके अपनी आजीविका कमाने की कोशिश कर रहे हैं। कारण? रिकॉर्ड बेरोजगारी। देश का साक्षर नागरिक दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

गांधी ने कहा कि वे प्रतिदिन 400-500 रुपये कमाते हैं, जिससे घर का खर्च भी नहीं चलता और बचत का तो सवाल ही नहीं उठता है। राहुल गांधी ने कहा, कारण? कमरतोड़ महंगाई। भोजन महंगा है, आवास महंगा है, शिक्षा महंगी है, स्वास्थ्य महंगा है - वे कैसे जीवित रह सकते हैं? वे भारतीय रेलवे के वेतनभोगी कर्मचारी नहीं हैं। न वेतन है, न पेंशन! राहुल गांधी ने कहा कि किसी भी चिकित्सा बीमा या यहां तक कि बुनियादी सुविधाओं का भी कोई लाभ नहीं है - जो लोग भारत का बोझ उठाते हैं उनके कंधे आज मजबूरियों के कारण झुक गए हैं। ङ्ग पर हिंदी में एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर भारत के मेहनती कुली भाइयों से मुलाकात हुई।

इंजीनियरिंग की डिग्री है, लेकिन ऐसी बेरोजगारी के कारण वो कुली का काम करते हैं।

### अफसर सरकार के आदेश का पालन नहीं कर रहे

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली सरकार ने शीर्ष कोर्ट से अपील करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार के एनसीटीडी (संशोधन) अधिनियम, 2023 पर जल्द से जल्द सुनवाई की जाए। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अफसर सरकार के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और केंद्र सरकार से चार हफ्ते में मामले का संकलन तैयार करने को कहा। चीफ जस्टिस न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ से दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने आग्रह किया कि मामले को तत्काल सुनवाई के लिए पांच जजों की संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए।

सिंघवी ने कहा, ÷मैं दिल्ली सरकार की पीड़ा को व्यक्त नहीं कर सकता। संविधान पीठ के पुराने मामले हैं।

# कनाडा के विपक्षी नेता ने नाजी सम्मान की घटना पर ट्रूडो की आलोचना, बोले- सबसे बड़ी कूटनीतिक शर्मिंदगी

**ओटावा (कनाडा)।** नाजी को सम्मानित करने का मुद्दे विवाद बढ़ता जा रहा है। कनाडा के विपक्षी नेता पियरे पोइलेव्रे ने पीएम जस्टिन ट्रूडो की सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने पूछा कि क्या देश ने इतिहास में इससे बड़ी कूटनीतिक शर्मिंदगी देखी है?

पॉलीएवर ने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि वह हमारी राजनयिक प्रतिष्ठा के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। भले ही यह सरकार के मुखिया का काम है कि वह जिम्मेदार नहीं है या वह गैर जिम्मेदार है? उन्होंने पूछा कि क्या हमारे देश के इतिहास में इससे बड़ी कूटनीतिक शर्मिंदगी कभी हुई है?

मेरा मतलब है कि यह सचमुच दुनिया भर में कॉफी शॉप, जिम, व्यवसायों और बोर्डरूम में है, लोग इस बड़े और शर्मनाक अपमान के बारे में पढ़ रहे हैं जो एक उदार वक्ता और एक उदार प्रधानमंत्री की निगरानी में सामने आया और फिर भी वह सामने नहीं आ सका काम के लिए,

**प्रतिष्ठा**

**« पॉलीएवर ने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि वह हमारी राजनयिक प्रतिष्ठा के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।**

पोइलेव्रे ने कहा, वह कहां है और आज क्यों छिपा है? इससे पहले शनिवार को, पोइलिवरे ने SS (एक नाजी डिवीजन) के 14वें वेफेन ग्रेनेडियर डिवीजन के एक अनुभवी से मुलाकात और सम्मान करने के लिए ट्रूडो की आलोचना की थी। उन्होंने इस मामले पर ट्रूडो से माफी की मांग की।

एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में, पियरे पोइलिवरे ने कहा, आज यह सामने आया है कि जस्टिन ट्रूडो ने व्यक्तिगत रूप से



SS (एक नाजी डिवीजन) के 14 वें वेफेन ग्रेनेडियर डिवीजन के एक अनुभवी से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। उदारवादियों ने यूक्रेनी राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान इस नाजी दिग्गज को हाउस ऑफ कॉमन्स के पटल पर मान्यता देने की व्यवस्था की। उन्होंने आगे कहा, यह जस्टिन ट्रूडो की ओर से फैसले में एक भयावह त्रुटि है, जिनका व्यक्तिगत प्रोटोकॉल कार्यालय सभी मेहमानों की व्यवस्था, जांच और इस तरह की राज्य यात्राओं के लिए प्रोग्रामिंग के लिए जिम्मेदार है। हाउस ऑफ कॉमन्स में पेश किए जाने और सम्मानित किए जाने से पहले किसी भी सांसद (जस्टिन ट्रूडो के अलावा) को इस व्यक्ति के अतीत की जांच करने का अवसर नहीं मिला। चेतावनी या संदर्भ के बिना, कमरे में मौजूद किसी भी सांसद (ट्रूडो के अलावा) के लिए इस अंधेरे अतीत के बारे में जानना असंभव था। ट्रूडो को व्यक्तिगत रूप से माफी मांगनी चाहिए और दूसरों पर दोष मढ़ने से बचना चाहिए जैसा कि वह हमेशा करते हैं।

उन्होंने यह बयान कनाडा स्थित मानवाधिकार समूह संगठन फ्रेंड्स ऑफ साइमन विसेन्थल सेंटर (एफएसडब्ल्यूसी) द्वारा एक्स पर साझा की गई पोस्ट के जवाब में दिया। पोस्ट में, फ्रेंड्स ऑफ साइमन विसेन्थल सेंटर ने कहा, स्न्स्ड्ढ इस बात से हैरान है कि कनाडा की संसद ने एक यूक्रेनी दिग्गज को स्टैंडिंग ओवेशन दिया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी सैन्य इकाई में यहूदियों और अन्य लोगों की सामूहिक हत्या में फंसा था।

इस बीच, कनाडा स्थित ग्लोबल न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विवाद पर बढ़ते दबाव के बीच कनाडाई हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष एंथनी रोटा ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया।

रोटा ने मंगलवार दोपहर हाउस ऑफ कॉमन्स में अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनका इस्तीफा बुधवार को कारोबारी दिन की समाप्ति पर प्रभावी होगा।

# दक्षिण कोरिया की ताकत देखकर टेंशन में आया नॉर्थ कोरिया, तानाशाह किम जोंग की उड़ी नींद

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने मंगलवार को एक दशक में पहली बड़े पैमाने पर सैन्य परेड आयोजित की। इस सैन्य परेड में बैलिस्टिक मिसाइलों से लेकर टैंकों तक के हथियारों को ताकत दिखाने के लिए परेड में शामिल किया गया। बता दें कि दक्षिण कोरिया अब उत्तर कोरिया के खिलाफ सख्त रुख अपना रहा है।

ह्यूनमू-3 वाहन ने 26 सितंबर, 2023 को सियोल में दक्षिण कोरिया के 75वें सशस्त्र बल दिवस का जश्न मनाने के लिए एक सैन्य परेड में भाग लिया।

26 सितंबर, 2023 को सियोल में दक्षिण कोरिया के 75वें सशस्त्र बल दिवस का जश्न मनाने के लिए सैन्य परेड में सैन्य वाहन ने भी भाग लिया था और अपनी ताकत का प्रदर्शन किया था।

दक्षिण कोरिया के 75वें सशस्त्र बल दिवस का जश्न मनाने के लिए सैन्य पुलिस के जवान भी सैन्य परेड में शामिल हुए थे। कोरिया सैन्य अकादमी के कर्मी भी सियोल में दक्षिण कोरिया के 75वें सशस्त्र बल दिवस का जश्न मनाने के लिए एक सैन्य परेड में शामिल हुए थे। K2



टैंक्स को भी सियोल में दक्षिण कोरिया के 75वें सशस्त्र बल दिवस का जश्न मनाने के लिए सैन्य परेड में शामिल किया गया। सियोल में दक्षिण कोरिया के 75वें सशस्त्र बल दिवस का जश्न मनाने के लिए सैन्य परेड में सैनिकों ने भी भाग लिया। दक्षिण कोरिया ने 26 सितंबर को एक दशक में अपनी पहली सैन्य परेड का आयोजन किया था, जिसमें परमाणु-संबंधी संबंधों में गिरावट के बावजूद अपने उन्नत शस्त्रागार का प्रदर्शन किया गया। सियोल में दक्षिण कोरिया के 75वें सशस्त्र बल दिवस का जश्न मनाने के लिए सैन्य बैंड कर्मियों ने भी परेड में भाग लिया। स्ल्ङ्ग्रक्क लैंडिंग वाहन दक्षिण कोरिया के 75वें सशस्त्र बल दिवस का जश्न मनाने के लिए आयोजित कई गई सैन्य परेड में शामिल हुए। सियोल में दक्षिण कोरिया के 75वें सशस्त्र बल दिवस का जश्न मनाने के लिए सैन्य वाहनों ने भी परेड में भाग लिया।

# पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय की तीन मस्जिदों में तोड़फोड़, कट्टरपंथी संगठन टीएलपी पर लगा आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के मस्जिदों को फिर निशाना बना गया है। लाहौर के शेखपुरा जिले में बुधवार को



अहमदिया समुदाय के तीन मस्जिदों को तोड़ दिया गया। समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया है कि कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के दवाब पर पुलिस मस्जिदों में तोड़फोड़ करती है। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस की एक टीम ने मस्जिद की मीनारों के ऊपरी हिस्से को ध्वस्त कर दिया। साथ ही उन्होंने इन हिस्सों को ढकने का भी आदेश दिया। एक पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अहमदिया समुदाय ने पाकिस्तानी कानून के खिलाफ जाकर पूजा स्थलों की मीनारों का निर्माण किया। इससे पहले उन्हें इन मीनारों को हटाने का आदेश दिया गया था।

इससे पहले भी शेखपुरा जिले में तीन मस्जिदों को नुकसान पहुंचाने की घटना हो चुकी है। इन तीनों मस्जिदों की मीनार तोड़ दी गई थीं। इस साल अब तक पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के 11 मस्जिदों पर हमले हो चुके हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान शेखपुरा, बहावलनगर और बहावलपुर जिलों में अहमदिया के मस्जिदों की मीनारों को मुस्लिम मस्जिद जैसा बताते हुए टीएलपी के कार्यकर्ताओं ने घुसकर तोड़ दिया।

उल्लेखनीय है कि, लाहौर हाई कोर्ट ने 1984 से पहले अहमदिया समुदाय के मस्जिदों के खिलाफ इस तरह के हमलों पर रोक लगा दी थी। 1974 में संविधान संशोधन के बाद से अहमदिया को गैर मुस्लिम घोषित कर दिया गया है और उनके अधिकार कम कर दिए गए हैं।

# 28 साल जेल में बिताने के बाद कोर्ट ने शख्स को बाइज्जत बरी किया, अमेरिका में हैरान करने वाला मामला

**लॉस एंजिलिस।** अक्सर देखने को मिलता है कि सालों जेल की सजा काटने के बाद कई लोग निर्दोष साबित होते हैं। ऐसा ही कुछ हुआ अमेरिका के कैलिफोर्निया में, यहां 28 साल जेल की सजा काटने के बाद साबित हुआ कि आरोपी निर्दोष है। इसके बाद लॉस एंजिलिस काउंटी ने मंगलवार को आरोपी को रिहा कर दिया। आरोपी के ऊपर 30 साल पहले अपहरण, डकैती और बलात्कार के आरोप लगे थे। काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के ऑफिस ने एक बयान में कहा, डीएनए टेस्ट ने साल 1995 में साउथ गेट शहर में एक खड़ी कार में बैठे एक कपल पर हुए हमले में आरोपी गेरार्डो कैबनिलास को दोषमुक्त करने में मदद की। डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी से संबंधित कनविक्शन इंटीग्रिटी यूनिट ने आरोपी कैबनिलास के मामले की दोबारा जांच की थी। इसके बाद पिछले हफ्ते जज ने गेरार्डो कैबनिलास की सजा को पलट दिया और उसे निर्दोष पाया पाते हुए उसकी स्थायी रिहाई का आदेश दिया। अटॉर्नी जज जॉर्ज गैस्कॉन ने एक बयान में कहा, ÷न्याय की विफलता और हमारी आपराधिक कानूनी प्रणाली की विफलता के लिए मैं गेरार्डो कैबनिलास से माफी मांगता हूं।÷ दरअसल, गेरार्डो कैबनिलास को साल 1996 में कोर्ट ने दोषी ठहराया था और इसके बाद उन्हें जेल हो गई थी। कैबनिलास ने निर्दोष होते हुए भी 28 साल जेल में बिताए। कैबनिलास पर आरोप था कि उसने साउथ गेट शहर में एक खड़ी कार में बैठे एक कपल पर पहला कर आदमी को कार से बाहर निकाला और महिला को एक घर में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। अधिकारियों ने कहा कि इसके दो दिन बाद उसी इलाके में एक कार



सवार कपल के साथ लूटपाट हुई थी। हमलों के पीड़ितों कपल ने फोटो में पहचान करके गेरार्डो कैबनिलास की पहचान की थी।

### जो बाइडन के वफादार कमांडर ने सीक्रेट सर्विस एजेंट पर किया हमला, 4 महीने के बीच 10 सेवाकर्मी हो चुके शिकार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के कुत्ते कमांडर ने अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के एक और कर्मचारी को काट लिया। चार महीने के अंदर ये 11वां हमला है। सीक्रेट एजेंट पर हमला सोमवार की सुबह करीब आठ बजे व्हाइट हाउस में हुआ। यूएसएसएस के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिल्मी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया की चिकित्सा कर्मियों ने कर्मचारी का तुरंत इलाज किया, फिलहाल वह बिल्कुल ठीक है। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, बाइडन का कुत्ता कमांडर जर्मन शेफर्ड शुद्ध नस्ल का है। उसने अक्टूबर 2022 और जनवरी के बीच कम से कम 10 बार गुप्त सेवा कर्मियों पर हमला किया है।

### रॉकेट शेल से खेल रहे थे बच्चे, तभी अचानक हुआ विस्फोट, 8 लोगों की हुई मौत

**कराची (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक घर पर रॉकेट लॉन्चर का गोला फटने से एक ही परिवार के चार बच्चों सहित कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जब बच्चे गोला-बारूद के साथ खेल रहे थे। इसकी जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। कशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहिल खोसा ने कहा कि बच्चों को जमीन पर खेलते समय एक रॉकेट शेल मिला और वे उसे घर ले आए जहां यह विस्फोट हो गया, जिसमें एक ही परिवार के चार बच्चों, दो महिलाओं और एक पुरुष सहित आठ लोगों की मौत हो गई। SSP ने कहा कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और आगे की जांच चल रही है और कंधकोट सिविल अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है।

# डीएम ने सारनाथ भ्रमण करने हेतु बस को किया रवाना

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से युवा यूथ क्लब के बच्चो को वाराणसी के सारनाथ भ्रमण करने हेतु हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप विश्व पर्यटन दिवस पर जनपद से 31 बच्चों को सारनाथ भ्रमण कराया जा रहा है। भ्रमण का उद्देश्य है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों के बारे में भी बताया जाए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की थीम है पर्यटन और हरित निवेश। इस क्रम में जिला सूचना पर्यटन अधिकारी मनोकामना राय द्वारा युवा टूरिज्म क्लब जौनपुर के बच्चों को सारनाथ भ्रमण कराया गया। उन्होंने बताया की इस एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में जनपद के चार विद्यालयों के करीब 31 बच्चों को वाराणसी स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक बौद्ध स्थल सारनाथ का भ्रमण कराते हुए इसकी महत्व के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। वाराणसी आगमन पर उप निदेशक पर्यटन वाराणसी मंडल और डा. उषा बालचनादनी सहित पर्यटन विभाग की समस्त टीम द्वारा बच्चों का स्वागत किया। बच्चों में पर्यटन विभाग द्वारा टी-शर्ट, पर्यटन कीट आदि उपलब्ध कराया गया। सारनाथ गाइड एसोसिएशन के अधिकारी और अन्य सदस्यों द्वारा सारनाथ के प्रसिद्ध स्तूपों, कलाकृतियो, बौद्ध मंदिरों, संग्रहालय, धम्मेख स्तूप सहित महात्मा बुद्ध के जीवन परिचय की विस्तृत जानकारी छात्रों को दी गई। उन्होंने छात्रों को बताया कि ज्ञान प्राप्ति के पश्चात महात्मा बुद्ध ने सर्वप्रथम यही पर उपदेश दिया था।

सारनाथ भ्रमण के दौरान छात्र काफी उत्साहित दिखे। छात्रों ने कहा कि यह टूर उनको हमेशा याद रहेगा यहां आकर न सिर्फ उन्होंने भ्रमण किया अपितु ज्ञान भी अर्जित किया। इस अवसर पर डी डी पर्यटन वाराणसी एवम विंध्याचल मण्डल, पर्यटन सूचना अधिकारी मनोकामना राय, पर्यटन सूचना सहयोगी सुशील मार्या, सुमित कुमार सिंह, अतुल शुक्ला, महाराणा प्रताप इंटर कालेज रामदयालगंज से सहायक अध्यापक बसंतलाल पाल, होरिल राव इंटर कालेज कुवरपुर से प्रवक्ता विजय प्रकाश, जनक कुमारी इंटर कालेज विजेंद्र प्रसाद, जीजीआईसी इंटर कालेज मडियाहू से प्रवक्ता शशि राव पुलिस कर्मी अमिलेश एवं प्रिया सोनकर के सहयोग से बच्चो को सारनाथ का भ्रमण कराया गया।

## नगर पंचायत बोर्ड बैठक का सभासदों ने किया बहिष्कार

**गौराबादशाहपुर (जौनपुर)** नगर पंचायत कार्यालय गौराबादशाहपुर में आयोजित बोर्ड बैठक का सभासदों ने बहिष्कार कर दिया। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष के घर पर बने कार्यालय से सभी पत्राचार किया जाता है जो कि नियम के विरुद्ध है। अध्यक्ष ने अपने कार्यालय के रूम में वार्ड नंबर दो नैनसंड अंबेडकर नगर की सरिता देवी का उपस्थिति रजिस्टर में बिना बैठक कराए साइन करवा लिया। इसलिए हम इस बैठक का बहिष्कार करते हैं।

इस संदर्भ में पूछे जाने पर ईओ डॉक्टर अनुपम सिंह ने बताया कि बताया आज आयोजित की गई नगर पंचायत बैठक में सिर्फ एक सभासद उपस्थित हुए समय के बाद बाकी सभासदों की उपस्थिति ना होने की वजह से बैठक को स्थगित कर दिया है।

# मृत गाय सहित आठ गोवंशीय बरामद

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खुटहन)** रामनगर बाजार के गौरा गांव के मोड़ पर मंगलवार की रात गश्त के दौरान पुलिस ने गोवंश? लदे पिकअप को पकड़ उप पर सवार तस्कर को घेर कर पकड़ लिया। वाहन पर एक मृत गाय सहित आठ गोवंशीय बरामद किया गया। पुलिस ने गोवंश को पशु आश्रय केंद्र भेज तस्कर के खिलाफ पशुक्रूरता सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर चलान न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह ने बताया कि रात लगभग ग्यारह बजे हमराहियों संग उक्त बाजार के मोड़ पर गश्त पर था। तभी सामने से एक पिकअप आता दिखाई दिया। टार्च की रोशनी से वाहन को रुकने का इशारा किया गया। सामने पुलिस टीम देख चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। पिकअप को चारों तरफ से घेर तलाशी शुरू की गई तो भीतर बैठा तस्कर वाहन से कूद भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम पता खुटहन थाना क्षेत्र के नकबी गांव निवासी मुकेश बिंद बताया। पिकअप कब्जे में लेकर थाने लाया गया। उस पर आठ गोवंशीय लदे थे। जिसमें एक गाय मृत पाई गई। गोवंशो को पशुशाला भेज बुधवार को आरोपित मुकेश को चलान न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अरुण कुमार राय, कांस्टेबल अखिलेश कुमार, चंद्रशेखर सिंह, अखिलेश यादव, छोटेलाल आदि सामिल रहे।

# तय हुई शौर्य जागरण यात्रा की रूपरेखा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** विश्व हिंदू परिषद की विभाग बैठक जौनपुर एवं मछली शहर जिले की एक साथ संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि प्रान्त संगठन मंत्री नितिन जी रहे, बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक चर्चा हुई मुख्य रूप से शौर्य जागरण यात्रा के संबंध में बताया गया कि यह जागरण यात्रा संघर्ष, बलिदान, समर्पण और त्याग के गौरवशाली इतिहास को पुनः स्मरण करने, अपने प्राणों को धर्म, राष्ट्र, मां भारती की रक्षा के लिए अर्पित करने वाले महापुरषों, वीर सपूतों के स्मरण करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल काशी प्रांत द्वारा तिथि 30 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक मनाया जा रहा है ।जौनपुर नगर मे यह यात्रा 7अक्टूबर को प्रवेश करेगी और तिलक पैलेस टी डी कालेज मे सायं 6 बजे स्वागत सभा होगी और 8 अक्टूबर को सुबह 8बजे यात्रा केराकत होते हुये गाजीपुर जिले के लिए प्रस्थान करेगी।

आम जन मानस से अपील की गई कि शौर्य जागरण यात्रा से जुड़कर अपने वीर, महापुरुषों के शौर्य, त्याग, समर्पण, बलिदान का स्मरण कर उनको नमन करें

इसी क्रम में जौनपुर नगर में दिनांक 29 सितम्बर दिन शुक्रवार को सायं 4 बजे शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जो भंडारी स्टेशन से प्रारंभ होकर कोतवाली, चहारसू,ओलंदगंज होते हुए सद्भावना पुल केरारबीर मंदिर पर संपन्न होगी तेरा वैभव अमर रहें मां हम दिन चार रहें न रहें। उक्त बैठक में विभाग अध्यक्ष उदय राज सिंह,जिलाध्यक्ष द्वय विमल सिंह एवं लालमणि पाण्डे, जिलामंत्री आशीष मिश्रा, सहमंत्री सुनील मौर्य,यात्रा प्रमुख संकल्प मिश्रा, कमलापति तिवारी, साधू तिवारी, आशुतोष सिंह,विजय सिंह, आनंद, विकास व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने विभिन्न प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के द्वारा प्राथमिक विद्यालय गोपालगंज सिरकोनी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर, अभिनव प्राइमरी स्कूल सुल्तानपुर, जूनियर हाईस्कूल सुल्तानपुर, अभिनव इंग्लिश मीडियम प्राइमरी विद्यालय हरजुपुर सिरकोनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक विद्यालयों में बच्चों एवं अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर, शौचालयों की स्थिति पेयजल आदि मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया इस दौरान जिलाधिकारी शिक्षक की भूमिका में भी नजर आए। उन्होने बच्चों से प्रश्न भी पूछे और बच्चो ने जवाब भी दिया। प्राथमिक विद्यालय गोपालगंज, सिरकोनी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा कक्षा 04 की छात्रा खुशबू से अवरोही, आरोही के सवाल हल कराए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा 06 की छात्रा ज्योति, नेहा, आसना से अग्रेजी के उच्चारण करवाए और कक्षा 04 की कनक वर्मा से हिन्दी की किताब पढवाई। अभिनव प्राइमरी स्कूल सुल्तानपुर के निरीक्षण के दौरान कक्षा 05 की प्रीति, आफरीन से हिन्दी की किताब पढवाई। विद्यालय में साफ-



सफाई अपेक्षानुसार नही मिली, अध्यापकों के द्वारा अवगत कराया गया कि सफाईकर्मी के द्वारा सफाई नही की जाती है, जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और निर्देश दिया कि प्रतिदिन सफाई कराना सुनिश्चित किया जाये। जूनियर हाईस्कूल सुल्तानपुर के निरीक्षण के दौरान कक्षा 8 की जागृति, खुशबू , अंशिका, ईशा से अग्रेजी के शब्द ब्लैक बोर्ड पर लिखवाए। इंग्लिश मीडियम प्राइमरी विद्यालय हरजुपुर सिरकोनी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि विद्यालय में अध्यापकों की संख्या अधिक होने के पश्चात भी छात्रों की संख्या का नामांकन कम है, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्हाने समस्त अध्यापको से कहा कि बच्चों के नामांकन बढाने के साथ ही लर्निंग लेवल बढाया जाए। उन्होने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त विद्यालयों में बच्चों को लर्निंग लेवल बढाने के प्रयास किए जाए। सभी अध्यापक समय से विद्यालय उपस्थित होकर बच्चों गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे और सुनिश्चित किया जाए कि सभी विद्यालयों में नामांकित छात्र शत-प्रतिशत उपस्थित हो।

# लोक राग रंग उत्सव का 10 राज्यों में कार्यक्रम संपन्न

**लाल पद्मधर नाटक व लोकनृत्य की प्रभावपूर्ण प्रस्तुतियों से कलाकारों ने समां बांधा**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत कला व संस्कृति के क्षेत्र में प्रयागराज की लोकप्रिय संस्था एकता द्वारा देश के दस राज्यों में चलाए जा रहे लोक राग रंग उत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। दसवां एवं अंतिम आयोजन भोपाल (मध्य प्रदेश) के शहीद भवन ऑडिटोरियम में किया गया।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से एकता संस्था द्वारा दस राज्यों में दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले चरण के अंतर्गत 22 अगस्त से 29 अगस्त तक नई दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ एवं उत्तर प्रदेश में आयोजन किया गया। जबकि दूसरे चरण में 15 सितंबर से 22 सितंबर तक उत्तराखंड( जि. अल्मोड़ा), बिहार ( जि. पटना), झारखंड (जि. रांची), छत्तीसगढ़ (जि. रायगढ़) एवं अंतिम आयोजन मध्य प्रदेश (जि. भोपाल) में हुआ। शहीद भवन ऑडिटोरियम में एकता संस्था द्वारा आयोजित लोक राग रंग उत्सव की दोनो ही प्रस्तुतियां प्रभावपूर्ण थीं। कलाकारों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी। पहली प्रस्तुति स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित अजित दुबे का लिखा नाटक शहीद लाल पद्मधरका मंचन युवा रंगकर्मी पंकज गौड़ के निर्देशन में किया गया। जबकि दूसरी प्रस्तुति में लोकनृत्य के माध्यम से भारत के विविध प्रांतों की संस्कृति व परंपरा को दिखाया गया।

सभी कलाकारों ने अपने प्रभावपूर्ण अभिनय से पूरे समय दर्शकों को नाटक से बंधे रखा। लाल पद्मधर की भूमिका में श्वेतांक मिश्रा, नयनतारा की भूमिका में प्रगति रावत, मां की भूमिका में शीला, मजहर की भूमिका में शरद कुशवाहा, डिक्सन की भूमिका में यश मिश्रा ने प्रभावपूर्ण अभिनय किया। आरिश जमील, प्रियांशु कुशवाहा, शुभेंद्रु कुमार, विक्रांत केसरवानी, हर्षल राज ने भी अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय किया। संगीत परिकल्पना सोहित यादव, प्रकाश व्यवस्था अभिषेक गिरी, रूप सज्जा हमीद अंसारी, मंच व्यवस्था अलवीना, आशी, शरद यादव की थी। गीतकार कुमार विकास थे।लेखक अजित दुबे, सह निर्देशक सोहित यादव थे। नाट्य परिकल्पना एवं निर्देशन पंकज गौड़ ने किया।

## वर्मी कम्पोस्ट द्वारा मृदा की गुणवत्ता में सुधार: डा. सिंह

**प्रयागराज।** सी. एम. पी. कालेज, प्रयागराज के जन्तु विज्ञान विभाग में चल रहे तीन माह के वर्मी कम्पोस्टिंग शार्ट टर्म कोर्स के अन्तर्गत डॉ मनोज कुमार सिंह (मृदा विज्ञानी, कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी) का ऑन लाइन व्याख्यान मृदा की उर्वराशक्ति बढ़ाने में हरी खाद एवम् वर्मीकम्पोस्ट का योगदान नामक विषय पर सम्पन्न हुआ। डा. सिंह ने बताया कि केंचुआ प्राकृतिक हलवाहे का कार्य करते हैं, यदि मृदा में पर्याप्त मात्रा में केंचुआ हैं तो मृदा में जल व हवा की पर्याप्त पूर्ति हो जायेगी तथा केंचुआ के विसर्जित पदार्थ से मृदा में ह्यूमस भरपूर मात्रा में हो जाती है जिससे मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और उसकी गुणवत्ता में सुधार हो जाता है। डा. सिंह ने हरी खाद के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत डा. हेमलता पन्त ने किया।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने किया दिवंगत शिक्षक के परिवार को 55 लाख का सहयोग

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद और माध्यमिक परिषद के अधीन विद्यालयो में कार्यरत शिक्षको के असामयिक मृत्यु हो जाने पर उनके परिवारों के खाते में सीधा सहयोग राशि भेजने वाली टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने प्रयागराज के दिवंगत शिक्षक स्वर्गीय राम सिंह चौहान के परिवार को सीधे पुत्र आदित्य चौहान के खाते में रिकार्ड 55 लाख 18 हजार रुपए की आर्थिक मदद की है। खास बात यह है कि एक शिक्षक द्वारा मात्र 45 - 45 रुपए के सहयोग से इतनी बड़ी राशि सहयोग के रुप में भेजी गई है। बताते चले कि राजरूपपुर निवासी प्रयागराज के शंकरगढ़ ब्लॉक में तैनात शिक्षक राम सिंह चौहान की लू लगने से मृत्यु हो गई थी। टीम द्वारा पूरे प्रदेश भर में अब तक 127 दिवंगत शिक्षको के परिवारों को लगभग 30करोड़ 45 लाख रुपए की आर्थिक मदद करने वाली प्रदेश की पहली टीम है। टीम की स्थापना प्रयागराज के शिक्षक विवेकानंद द्वारा उनके साथियों सुधेश पाण्डेय, संजीव रजक और महेंद्र वर्मा के साथ मिलकर की गई। टीम द्वारा दिवंगत शिक्षको के परिवारों के नॉमिनी के खाते में सीधे सदस्यों द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ मात्र 45 रुपए भेजा जाता है। दिवंगत शिक्षक राम सिंह चौहान के पुत्र आदित्य चौहान ने टीम को धन्यवाद देते हुए बताया कि उनके पिता की असमायिक मृत्यु के बाद परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

# हिन्दी की स्थिति को हमें मज़बूत करना है: प्रो संतोष

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय (संघटक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) प्रयागराज में (13 से 27 सितंबर तक) चलने वाले राजभाषा हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो संतोष भदौरिया ( अध्यक्ष हिंदी विभाग तथा समन्वयक, गांधी विचार एवं अध्ययन संस्थान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का संचालन कर रही हिन्दी प्रवक्ता डॉ रेनू आनन्द ने मुख्य अतिथि तथा सभागार में उपस्थित सभी का स्वागत किया। प्राचार्या प्रो रंजना त्रिपाठी ने प्रो भदौरिया को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात् स्वरचित कविता एवं कविताओं का सस्वर पाठ प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों ने अपनी पुनः प्रस्तुति दी। तदुपरान्त प्रो भदौरिया ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि 100 वर्षों के संघर्ष के बाद हमें आजादी मिली है। हिन्दी की स्थिति को हमें मज़बूत करना है। हिन्दी का समर्थन करते समय हमें किसी भी भाषा का विरोध नहीं करना चाहिए। बड़ी विभूतियों ने हिन्दी के अलावा अन्य भाषाएं भी सीखीं। आज हम एक भाषा-भाषी होते जा रहे हैं। हिन्दी की सहयोगी बोलियों का विस्तार होता जा रहा है। बाजार हर दौर में अपने मुनाफे के लिए एक भाषा निर्मित करता है, और भाषा की ताकत को पहचान कर सभी ओर पहुंच रहा है। कोई भी भाषा किसी टकसाल या फैक्ट्री में नहीं बनती वह तो प्रयोग करने से ही जीवित रहती है। अन्त में प्राचार्या ने प्रो भदौरिया को स्मृति चिह्न एवं पौधा देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात् सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रेनू आनन्द तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या प्रो रंजना त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्राओं सहित अन्य महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## गौड़ जनजाति संघर्ष समिति दिया धरना

**आजमगढ़।** गौड़ जनजाति संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों प्रतिनिधियों ने कई बार जिलाधिकारी से संपर्क कर अनुरोध किया की तहसीलों में गोद जनजाति के साथ न्याय नहीं किया जा रहा है।

शासनादेश हो अथवा आपका आदेश किसी का भी पालन नहीं किया जा रहा है हर तहसील में गौड़ जनजाति के अलग-अलग व्याख्या की जा रही है पूर्व के कई जिला अधिकारियों द्वारा जनपद के समस्त तहसीलदारों एवं गौड़ जनजाति संघर्ष समिति के पदाधिकारी की वार्ता करते हुए दो पक्षी वार्ता समस्या का समाधान कराया गया था। वर्तमान में आपकी अध्यक्षता में एक बार पुणे तहसीलदारों एवं गोंड जनप्रतिनिधियों की द्विपक्षी वार्ता के लिए आपसे अनुरोध किया गया जिससे गौर समाज का पक्ष आपके समक्ष प्रस्तुत कर एवं आपको संतुष्ट कर एक सुसंगत आदेश पारित कराया जा सके। परंतु आप द्वारा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया।

# इविवि में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।**इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के कला संकाय में 'स्वच्छता ही सेवा-2023' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्वच्छता पखवाड़ा के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार गर्ग द्वारा किया गया। 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के दौरान आसपास की सफ़ाई के साथ साथ स्वच्छता को दैनिक आदत बनाने का संकल्प भी लिया गया। स्वच्छता ही सेवा' और कचरा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षाशास्त्र विभाग, भूगोल विभाग, मनोविज्ञान विभाग, कुलानुशासक कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में छात्रों एवं छात्राओं द्वारा गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्रों एवं छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं उन्होंने बिना किसी शर्म का अनुभव करते हुए अलग -अलग टुकड़ियों में बंट कर विश्वविद्यालय प्रांगण को साफ़ बनाने का प्रयत्न किया। अभियान की शुरुआत प्रो. धनंजय यादव, विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र एवं प्रो. अनुपम पाण्डेय, विभागाध्यक्ष भूगोल की विशिष्ट उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए प्रो. धनंजय यादव ने विद्यार्थियों को वाह्य कचरे के साथ साथ आन्तरिक कचरे अर्थात अपने आचार व्यवहार की सफाई पर ध्यान देने का भी आग्रह किया। प्रो. यादव ने स्वच्छता को एक पर्व की तरह पूर्ण मनोयोग और प्रतिबद्ध भाव से मनाने पर जोर दिया। प्रो. अनुपम पाण्डेय ने विद्यार्थियों की इस पुनीत कार्य में सहभाग हेतु प्रशंसा की तथा उन्हें स्वच्छता को अन्य आदतों की तरह जीवन की एक आदत बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षाशास्त्र विभाग की सहायक आचार्या डॉ. रूचि दुबे ने छात्र एवं छात्राओं को स्वच्छता शपथ भी दिलाई जबकि डॉ. मनीष कुमार गौतम ने सम्मानित अथितियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आईटीआई के कार्मिक भी जायेंगे 1 अक्टूबर को दिल्ली

**आजमगढ़।** पुरानी पेंशन के लिए संघर्षरत संगठन अटेवा की एक बैठक जिला मुख्यालय स्थित राजकीय आईटीआई कॉलेज आजमगढ़ में हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अनुदेशक शिवकुमार तथा संचालन अजय यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा के जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द यादव ने बताया कि अटेवा के संघर्ष के बल पर आज राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमांचल प्रदेश, पंजाब में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है, पूरे देश के शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों की पुरानी पेंशन बहाल कराने के लिए एक अक्टूबर को देश की राजधानी नई दिल्ली में पेंशन शंखनाद रैली कर संघर्ष का आह्वान किया जाएगा। आईटीआई संगठन के जिला मंत्री रविंद्रनाथ यादव ने आश्वस्त किया कि दिल्ली की रैली में जिले के चारो राजकीय आईटीआई के सभी संवर्ग के कार्मिक भाग लेंगे। आईटीआई के अटेवा के प्रभारी अरविंद उपाध्याय ने बताया कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती हम लोग अटेवा से कंधे से कन्धा मिलाकर लगातार लड़ते रहेंगे।

# विश्व कला प्रदर्शनी का आयोजन प्रयागराज में पहली बार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** धार्मिक एवं साहित्यिक नगरी प्रयागराज के लिए गौरव की बात है कि निःशुल्क विश्व कला प्रदर्शनी-2023 का प्रथम बार शानदार आयोजन प्रयागराज के गांधी कला वीथिका एन.सी.जेड.सी.सी में नवंबर माह में आयोजित है। प्रयागराज को कला का केंद्र बनाने के उद्देश्य से पूरे विश्व के कलाकारों को नारायण आर्ट अकाडमी ने आमंत्रित किया है। विश्व-कलाकारों को एक मंच पर एकत्रित करने का अद्भुत आयोजन है जिसका उद्घाटन 5 नवंबर को होगा। नारायण आर्ट अकादमी के निदेशक व इस विश्व कला प्रदर्शनी के संयोजक वरिष्ठ कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा एवं सह-संयोजक कलाकार कुलदीप वर्मा ने बताया कि सभी कलाकार अपनी दो श्रेष्ठ कलाकृतियां 20 अक्टूबर तक व्हाट्सएप नं0 99976 01429 पर भेजें जिनमें से एक श्रेष्ठ पेंटिंग अकादमी की जूरी चुनेगी, तदुपरांत कलाकार अपनी सलेक्टेड ओरिजिनल पेंटिंग के साथ पेंटिंग की उत्तम क्वालिटी फोटोग्राफ साइज 5 × 7 इंच कैटलॉग के लिए फार्म में संलग्न करेंगे, उपलब्ध आवेदन फॉर्म जिसमें कलाकार संपूर्ण विवरण को भरकर तथा दिए गए स्लिप को पेंटिंग तथा पेंटिंग के फोटोग्राफ के पीछे चिपकाकर नारायण आर्ट अकादमी 29 -सी. वाई. चिंतामणि रोड जार्ज टाउन प्रयागराज में अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक अवश्य जमा कराएं सभी कलाकारों को विश्वकला-रत्न प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

# सपा ने हमेशा किया सैनिकों का सम्मान: अनिल

अवधनामा संवाददाता




**सपा के संस्थापक पूर्व रक्षा मंत्री मा. मुलायम सिंह यादव ने शहीदों के पार्थिव शरीर को घर पहुँचाने का किया काम**

**प्रयागराज।** समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने कहा कि सपा ने सैनिकों का हमेशा ही सम्मान किया है। जब सपा के सहयोग से केंद्र में सरकार बनी जिसमें सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव रक्षा मंत्री बने तो उन्होंने कई ऐतिहासिक फैसले लिये उनमें शहीदों के पार्थिव शरीर को उनके घर पर पूरे सम्मान के साथ लाने की व्यवस्था की। इसके पहले उनकी बिल्ला और टोपी आती रहीं। प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री रहते सैनिक कल्याण निगम की स्थापना कर उनके तथा परिजनों के कल्याण के लिये अनेकों योजनाए संचालित किया। बैठक सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में हुई जिसका संचालन नाटे चौधरी ने किया। जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने सैनिक प्रकोष्ठ के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गंगापार शिव बाबू यादव एवं यमुनापार श्यामकरण यादव तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय पटेल का माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। जिला कार्यकारिणी के गठन के लिये 15दिन का अवसर भी दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनिल यादव, शिव बाबू यादव, श्याम करण यादव, संजय पटेल, शीतला प्रसाद, नाटे चौधरी, जिला सचिव प्रभाकर सिंह यादव, नागेंद्र सिंह, राज कुमार, चन्द्रमा सिंह, राम पूजन, उमेश कुमार, राधिका लाल, वीरेंद्र यादव, विनोद विश्वकर्मा, मंगला राज, अजीत, दीपक आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की गलत नीति के चलते महंगाई से त्रस्त है देश: लाल वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद लाल वर्मा विधायक, पूर्व मंत्री, राष्ट्रीय महासचिव जिला पार्टी कार्यालय - आजमगढ़ पर संगठन की समीक्षा किए व पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अन्य दलों से बहुत मजबूत और निष्ठावान व अनुशासित है उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी से प्रत्येक बूथों पर जाकर भाजपा के जन विरोधी नीतियों को बताएं व चुनाव की घोषणा से पहले बूथों पर 100-100 कार्यकर्ताओं की टीम बना लें कार्यकर्ताओं में हर वर्ग जाति के लोगों को रखें। जनता मोदी- योगी सरकार के गलत नीति के चलते महंगाई की मार से त्रस्त है, बेरोजगार कुंठित है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जुर्म अपराध बढ़ता जा रहा है मीडिया उनके हाथ का खिलौना बनकर रह गई है । ऐसे में कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर काम करना होगा पार्टी के सभी संगठनों को चुस्त दुरुस्त करना होगा। बैठक की अध्यक्षता नि. जिला अध्यक्ष हवलदार यादव व संचालन हरिप्रसाद दुबे ने किया। बैठक में पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक - आलमवदी, डॉक्टर संग्राम सिंह यादव, बेचई सरोज, कमलाकांत राजभर, पूजा सरोज, डॉक्टर एच एनसिंह पटेल, पूर्व श्याम बहादुर सिंह यादव, डॉक्टर रामदुलार राजभर, करुणाकांत मौर्य, बृजलाल सोनकर, विधानसभा-अध्यक्ष डॉक्टर हरिराम सिंह यादव, राज नारायण यादव, सोमनाथ यादव, अशोक यादव भोला,रामआसरे चौहान, शिवसागर यादव, हरिश्चंद्र यादव, वर्मन यादव, विवेक सिंह, वीरेंद्र यादव, अजीत कुमार राव, सुरेंद्र बहादुर यादव, राजेश यादव गेलवारा आदि लोग उपस्थित रहे।

# बार और बेंच में सामंजस्य जरूरी है: जिलाधिकारी



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन पडरौना, कुशीनगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी तथा नव निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मानित अधिवक्तागणों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र तथा नव निर्वाचित महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह तथा अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बारी बारी से शपथ ग्रहण किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों अधिवक्तागणों को हार्दिक बधाई दी और कहा दैनिक कार्यों में किसी भी अधिवक्ता की कोई समस्या आ रही है तो मुझे अवश्य अवगत कराए। जिला प्रशासन की ओर से आपकी सभी प्रकार से सहायता की जायेगी। हमारे बीच मतभेद हो सकता है लेकिन मनभेद किसी भी दशा में न होने पाए। वादों की पैरवी में आपकी भूमिका अहम है।

समारोह में अपर जिलाधिकारी, चकबंदी अधिकारी तथा अन्य बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## टीम मिशन अहलेबैत की रबी उल अव्वल पे जोरदार तैयारी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा जुलूस निकाला जाता है और मिलाद का आयोजन किया जाता है। इस बार रबी उल अव्वल के मौक़ा पर टीम मिशन अहलेबैत की जानिब से 12 रबी उल अव्वल को टीम मिशन अहलेबैत के आफिस पे परचम कुशाइ व मिलाद की महफ़िल सजाई जाएगी और टीम की जानिब से यतीमखाना घासीकटरा से गुज़रने वाले तमाम जुलूसे मुहम्मदी में आए हुए हज़रात के चाय नाशते का निःशुल्क इंतजाम किया जाएगा। इसके अलावा प्यारे नबी के जन्मदिन के अवसर पर टीम मिशन अहलेबैत की जानिब से जरूरतमंदो में फल और अन्य जरूरत की चीज़े बाटी जाएगी। यह जानकारी सैय्यद दानियाल हैदर शम्सी ने दिया।

# पराली जलाने वाले किसानों पर लगेगा जुर्माना

### खरीफ उत्पादकता गोष्ठी फसल अवशेष प्रबंधन एवं तिलहन मेले का हुआ आयोजन



किसानों में मिनी किट वितरण करती सीडीओ गुंजन द्विवेदी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला पंचायत परिसर कुशीनगर में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी फसल अवशेष प्रबंधन एवं तिलहन मेले का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों यथा उद्यान गन्ना पशुपालन एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने कृषकों को तिलहन फसलों के उत्पादन एवं पराली प्रबंधन पर नवीनतम जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर किसानों को तोरिया के मिनी किट वितरण किए गए एवं प्रतीकात्मक रूप में फार्म मशीनरी बैंक एवं कस्टम हायरिंग सेंटर की चाबी प्रदान की गई। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने किसानों को सोलर पंप योजना के विषय में अवगत कराया। पराली प्रबंधन के संबंध में उप कृषि निदेशक ने यंत्रों पर अनुदान के विषय में जानकारी प्रदान की। साथ ही किसानों से पराली ना जलाने एवम पराली गलाने के लिए बायो डिकंपोजर का प्रयोग की अपील की गई। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 7 एफपीओ का चयन इंडियन ऑयल कंपनी द्वारा धुरियापार गोरखपुर में लगाए जा रहे। बायो एनर्जी संयंत्र के लिए पराली इकट्ठा करने के एग्रीगेटर के रूप में किया गया है। किसान अपनी परली इन्हें उपलब्ध करा कर पराली जलाने से बच सकते हैं यह भी अवगत कराया गया की पराली जलने की घटना पर किसानों पर जुर्माने की कार्यवाही भी की जा सकती है। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में सभी कृषकों से इस प्रकार की गोष्ठी एवं मेलों में प्रतिभाग कर नवीनतम जानकारी प्राप्त करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जिला कृषि अधिकारी भूमि संरक्षण अधिकारी जिला गन्ना अधिकारी एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोहरे से पहले सड़क सुरक्षा के तकनीकी साधनों की तैयारी करें पूरी: डीएम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के संबंध में स्टेक होल्डर के विभागों को आने वाले समय में सड़कों पर घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी को कम करने हेतु आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई तथा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षित सड़क यातायत के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि सड़क पर लगने वाले डिवाइडर पट्टी संकेतक एवं चेतावनी सूचक बोर्ड जो की कोहरे एवं सामान्य समय में भी वाहन को चलाने वालों की सुरक्षा में कारगर एवं सहायक सिद्ध होते हैं, उनकी तैयारी सड़क निर्माण एजेंसियों से पूर्ण करा लें। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, एनएचएआई के अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## बूथों को सशक्त करके ही हम लोकसभा चुनाव जीतेंगे: अर्चना पांडेय



**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा भाटपार रानी मंडल की मंडल पदाधिकारी की बैठक मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में हुई। जिसमें भाटपार मंडल प्रवासी क्षेत्रीय महिला मोर्चों उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना पांडे ने बताया कि आगामी 30 सितंबर तक शक्ति केंद्र संयोजक की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि भाटपार रानी मंडल में 17 शक्ति केंद्र एवं 96बूथो को आगामी लोकसभा चुनाव के पहले सक्रियता प्रदान की जायेगी बूथों को हम सशक्त करके ही लोकसभा चुनाव जीतेंगे। पार्टी एवं संगठन की मजबूती एक जुटता में है इसके लिए कार्यकर्ताओ एवं बूथों को मजबूत करना होगा। जिससे पार्टी किसी भी स्तर पर कमजोर ना हो जिससे लोकसभा चुनाव हम जीतेंगे। उपस्थित मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जैसवाल मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल मंडल महामंत्री मंटू पटेल अमित शाही मंडल उपाध्यक्ष संतोष शाही मंडल उपाध्यक्ष विशंभर पांडे अनवर हुसैन गौतम प्रसाद चंद्र किशोर द्विवेदी संजीव यादव मंडल मंत्री जितेंद्र जायसवाल शैलेश सिंह सोनू वर्मा राजेश गुप्ता कृष्णकांत कुशवाहा धर्मेंद्र कुशवाहा कोषाध्यक्ष संजय जयसवाल सभासद सुरेंद्र चौहान मीडिया प्रभारी विवेक मद्धेशिया आरटी सेल प्रमुख आदित्य शाही मौजूद रहे।

## वाक रेस प्रतियोगिता दो अक्टूबर को

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला क्रीड़ा अधिकारी आनंद बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर बालक/बालिकाओं का 5 किलोमीटर वाक रेस (पैदल चाल) का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में प्रातः 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीकरण उसी दिन प्रात 7:30 बजे कार्यालय में पहुंचकर कर सकते हैं।

# चौपाल लगाकर प्रभारी मंत्री ने सुनी जन शिकायतें



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिले के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान ग्राम सेम्भुई में गौशाला व पेयजल परियोजना सोंगरा का स्थलीय निरीक्षण किया एवं मंगलवार को ग्राम पंचायत चन्दईपुर में चौपाल लगाकर शासन द्वारा संचालित योजनाओं का स्थलीय सत्यापन किया एवं जन समस्याएं सुनी।उन्होंने गो आश्रय स्थल सेम्भुई का निरीक्षण कर गोवंशों को दी जा रही सुविधाओं का स्थलीय सत्यापन किया एवं गौ पूजन कर गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया। गौशाला में गोवंशों के सापेक्ष निर्धारित मात्रा में हरा चारा, भूसा, पशुआहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सहभागिता योजना अंतर्गत कुपोषित बच्चों के परिवारों को दुधारू गाय दी।प्रभारी मंत्री ने ग्राम सोंगरा में पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया एवं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम पंचायत चन्दईपुर में चौपाल लगाकर शासन द्वारा संचालित योजनाओं का स्थलीय सत्यापन किया तथा मौजूद ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली। चौपाल के दौरान उपस्थित लोगों से शौचालय, पेंशन, राशन, आवास, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, हैंडपंप रिबोर, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विद्युत कनेक्शन की स्थिति सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली जिस पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सभी पात्र लोगों को उपरोक्त योजनाओं का लाभ मिला है। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ग्राम पंचायत चन्दईपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी शिव प्रसाद के घर पहुंचकर सहभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिवप्रसाद से शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, जिलाध्यक्ष भाजपा रामप्रसाद मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी, लाभार्थीगण व जनसामान्य मौजूद रहे।

# बारह रविअव्ल आज: तैयारी को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों के साथ प्रशासन की बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी यानी बारह रबी अव्वल की तैयारी को लेकर एक अहम बैठक बुधवार को कोतवाली पडरौना परिसर में आयोजित की गई। इसमें नगर के मुस्लिम धर्मगुरुओं और आयोजन समिति के सदस्यों सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लिया।

बैठक की अध्यक्षता कोतवाली पडरौना के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश विश्वकर्मा ने की। कौसर इमाम ने कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी धूमधाम से मनाया जाए। मगर इस बात का ध्यान रखा जाए कि जुलूस के दौरान किसी को तकलीफ पहुंचाने वाला कोई भी कार्य ना हो। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म के प्रवर्तक मोहम्मद साहब ने भी यही संदेश दिया है कि कोई ऐसा कार्य किया जाता है जिसमें किसी का दिल दुखता है तो अल्लाह उसे माफ नहीं करता है। इसके बाद निसार अहमद, मैनुद्दीन सिद्दीकी आदि लोगों ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी से जुड़े निकलने वाले आज 28 तारीख यानी बृहस्पतिवार के दिन दोपहर बाद जुलूस के बारे में पुलिस प्रशासन को अपनी-अपने समस्या को अवगत करवाया। कोतवाली प्रशासन के तरफ से जश्ने ईद ईद मिलादुन्नबी को लेकर दिशा निर्देश में कोतवाली पडरौना के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश विश्वकर्मा ने कहा कि शासन की तरफ से मिले गाइडलाइन के अनुसार ही ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर ही पडरौना शहर में जुलूस निकाल कर पुरानी परंपरा को ही कायम रखना जरूरी है। इसमें किसी प्रकार की नई परंपरा को कायम करना या डीजे के साउंड तेज ध्वनि और अधिक साउंड न बढ़ने का निर्देश दी गई। इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने का भी हिदायत दी। संचालन आफताब सिद्दीकी ने किया। इस दौरान मोहम्मद नूर आलम अंसारी अली हसन रिजवान सिद्दीकी, अज्जू खान मैनुद्दीन अंसारी, हाफिज अली, रहमतुल्ला, तबरेज अली, रोज मोहम्मद, मुस्तफा कुरैशी, मोहम्मद हसन अली, अब्दुल हमीद, मोहम्मद अंसारी, अमीन अंसारी, शेर मोहम्मद अंसारी आदि लोगों ने संबोधित किया।

# न्यायाधीशगणों ने किया राजकीय बालगृह का औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सिविल जज (जे0 डी0 ) द्वारा राजकीय बाल गृह एंव पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिहं द्वारा निर्देशित किया गया कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखा जाये तथा बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था की जायें जिससे बच्चों का सर्वागीण विकास हो सके। इसके साथ ही बच्चों के दिनचर्या में व्यायाम को भी रखा जाये जिससे बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत रहें। उन्होने पठन-पाठन के कार्य को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोक कुमार दूबें द्वारा भोजन हेतु खाद्य सूची का निरीक्षण किया गया तथा भोजन में पौष्टिक आहार के साथ-साथ मीनू के अनुसार ही भोजन दिये जाने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि बच्चों के सुरक्षा व देख-भाल में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके लिये सचिव नें सम्बन्धित को विशेष दिशा निर्देश दिया। सचिव के द्वारा राजकीय बाल गृह एंव पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह के प्रपत्रों का अवलोकन करने के उपरान्त उसे व्यवस्थित करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी द्वारा बच्चों के अध्ययन/सुरक्षा हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। सिविल जज (जे0डी0) श्रीकान्त गौरव द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के लिए जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह में 19 बच्चें एवं राजकीय बाल गृह में 22 बच्चों की उपस्थिति रहीं। इस निरीक्षण में मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोक कुमार दूबें, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजूकुमारी, सिविल जज (जे0 डी0 ) श्रीकान्त गौरव, राजकीय बाल गृह देवरिया के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल, पाथ वात्सल्य एवं खुला आश्रय गृह के प्रतिनिधि व अन्य सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहें। दिनांक 02 अक्टूबर से दिनांक 08.10.2023 तक स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन- अशोक कुमार दूबें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत 02 अक्टूबर को जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं ब्लाक स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा। जनपद के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निबन्ध एवं चित्रकला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों व छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होने बताया है कि समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया।

# कांग्रेस के सत्याग्रह में सपा बसपा और आप भी शामिल

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** संजय गांधी अस्पताल बंद करने के विरोध में



कांग्रेसियों ने सोमवार से सत्याग्रह शुरू किया है, तीसरे दिन बुधवार को सपा, बसपा, आप सहित विभिन्न संगठनों के लोग भी सत्याग्रह में शामिल हुए। वही संजय गांधी अस्पताल में कर्मचारी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गत दिनों संजय गांधी अस्पताल में एक विवाहिता की चिकित्सक की कथित लापरवाही के कारण मौत होने के कारण स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। अस्पताल बंद होने के बाद क्षेत्र की जनता और मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसी सोमवार से पूर्व एमएलसी दीपक सिंह की अगुवाई में सीएमओ कार्यालय के सामने सत्याग्रह पर बैठे हैं। यहां गांधी जी के प्रिय भजनों के साथ गांधी टोपी लगाकर लोग सत्याग्रह कर रहे हैं। दूसरे दिन समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष छोटेलाल यादव की अगुवाई में सपाई भी इस सत्याग्रह में शामिल हुए। बुधवार को बसपा और आम आदमी पार्टी के लोग भी सत्याग्रह में शामिल दिखे। सरकार पर तमाम आरोप लगाते हुए विभिन्न संगठनों के लोग भी अस्पताल खोले जाने की मांग करते हुए इस आंदोलन में कूद पड़े हैं। वहीं संजय गांधी अस्पताल के साढे चार सौ से अधिक कर्मचारी अपनी रोजी-रोटी छिनने का हवाला देते हुए अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे हैं। लोग मुख्यमंत्री से मांग कर रहे हैं की न्यायिक जांच करा कर निष्पक्ष भावना से अस्पताल संचालन कराया जाए।

# निर्माण कार्यो में लापरवाही अक्षम्य: डीएम

### अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्यो को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराये जाने का दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने विकास भवन के गांधी सभागार में मनरेगा योजना के तहत कन्वर्जेस कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा है कि ग्राम पंचायतो में बनने वाले अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्यो को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करायें। जिन ग्राम पंचायतो में इन भवनो के निर्माण के लिए जमीन का चिन्हांकन हो गया है, उस पर त्वरित रुप से कार्य शुरु करें और एक माह के अन्दर निर्माण कार्य पूर्ण करें। इसमें किसी भी स्तर पर कोई भी शिथिलता कदापि नही होनी चाहिये। यह शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें लापरवाही क्षम्य नही होगी।

जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतो में मनरेगा कार्यो के मानको पक्के तथा कच्चे कार्यो पर पूरा ध्यान देने देते हुए जो भी कार्य परियोजना संचालित है, उसे शीघ्रता के साथ पूर्ण करें।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन ग्राम पंचायतो में अन्नपूर्णा भवन के लिए जमीन की अभी आवश्यकता है उसका विवरण तहसीलवार दें, ताकि संबंधित तहसीलो से वार्ता कर उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा सके। मनरेगा के तहत बनने वाले अमृत सरोवर निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि 232 सरोवरो पर इस योजना के तहत पर कार्य किया जाना है, जिसमें से 60 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 172 सरोवरों पर इस योजना के तहत अभी कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने इन सभी सरोवरो के कार्य को शीघ्रता के साथ पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने मनरेगा के तहत निर्धारित 25 लाख मानव दिवस सृजन की पूर्ति सभी खण्ड विकास अधिकारियों को किये जाने के कडे निर्देश दिये व कहा कि जिस स्तर पर यदि शिथिलता बरती जा रही हो, तो उसकी आख्या दें, अन्यथा लक्ष्यपूर्ति नही होने पर उनके खिलाफ चार्जशीट की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने 100 दिन रोजगार दिये जाने के तहत अधिक से अधिक जॉब कार्डधारियो को रोजगार उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक में जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, डीसी मनरेगा आलोक पाण्डेय, पीडी अनिल कुमार, खण्ड विकास अधिकारी खण्ड सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने एस्पिरेशनल ब्लॉक गौरी बाजार में चिंतन शिविर का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज गौरी बाजार ब्लॉक कार्यालय परिसर में दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ किया। चिंतन शिविर का आयोजन नीति आयोग के निर्देश के क्रम में किया गया है, जिसमें आकांक्षात्मक ब्लॉक गौरीबाजार को विकास के 39 पैरामीटर में अग्रणी बनाने के रोडमैप पर मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि विकास के क्षेत्र में कोई भी ब्लॉक पीछे न रहे।

एस्पिरेशनल ब्लॉक योजना का उद्देश्य अल्पविकसित ब्लॉकों में रहने वाले लोगों को बुनियादी आवश्यकता प्रदान कर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। एस्पिरेशनल ब्लॉक योजना में पांच प्रमुख सामाजिक आर्थिक विषयों पर आधारित 39 संकेतको के आधार पर विकास कार्य किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, अवसंरचना, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास से जुड़े मानक शामिल है। जिलाधिकारी ने कहा कि चिंतन शिविर में आ रहे समस्त विकासपरक सुझावों को समाहित करते हुए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाए जिससे गौरीबाजार ब्लॉक एस्पिरेशनल ब्लॉक योजना के अंतर्गत चिन्हित सभी ब्लॉकों में अगुआ बन कर उभरे। उन्होंस कहा कि ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से ही इस लक्ष्य की पूर्ति संभव है। चिंतन शिविर के दौरान शिक्षा, कृषि, चिकित्सा, आईसीडीएस, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, बैंकिंग सेक्टर से जुड़े अधिकारियों द्वारा गौरी बाजार विकासखंड के विकास के संबंध में अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबन्ध में कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। चिंतन शिविर में आये विभिन्न ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत नागरिकों ने भी ब्लॉक के विकास के संबन्ध में सुझाव दिए। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की जन जागरूकता रैली को रवाना किया। अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, पीडी अनिल कुमार, डीसी मनरेगा आलोक पांडेय, डीपीओ कृष्णकांत राय, एलडीएल अरुणेश कुमार, जिला युवा अधिकारी विकास तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# पुलिस लाइन में ओरिएंटेशन ऑफ़ लॉ इनफोर्सर्स का हुआ आयोजन

- तम्बाकू से होने वाली बीमारियों से जागरूक करने की बृजेश सिंह ने दिलवाई शपथ
- शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की खरीद व बिक्री पर है प्रतिबंध



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में बुधवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस लाइन स्थित ऑडिटोरियम हाल में ओरिएंटेशन ऑफ़ लॉ इनफोर्सर्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ0 संजय सोलंकी एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ0 सोलंकी ने बताया कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से उच्च रक्तचाप, अनिद्रा व कैंसर जैसी घातक समस्याएं हो सकती हैं । गुटका के रूप में तम्बाकू का सेवन करने वालों में मुख रोग ज्यादा हो रहे है। ऐसे में तंबाकू मुक्त भविष्य के लिए युवाओं को आगे आना होगा। तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने के उपाए एवं कोटपा अधिनियम 2003 के बारे मे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि तम्बाकू उत्पाद छोड़ने हेतु टोल फ्रीनंबर 1800112356 पर बात कर सकते है। एनसीडी क्लीनिक के डॉ0 परितोष तिवारी ने बताया कि समाज में विशेषकर युवा वर्ग व नाबालिग को तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके लिए तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को प्रतिबंधित किया गया है। धारा 6 के अन्तर्गत सभी शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में, नाबालिगों द्वारा तम्बाकू के क्रय तथा विक्रय पर प्रतिबंध है। मनोचिकित्सक डॉ0 विजित जायसवाल ने बताया कि तम्बाकू की लत व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। तम्बाकू के सेवन से कई तरह की बीमारियां फैलती है, जो स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए घातक हैं। उन्होंने कहा कि तम्बाकू जहर से भी ज्यादा घातक है। इसीलिए भारत सरकार ने तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2007 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य तंबाकू नियंत्रण कानून और तंबाकू के उपयोग द्वारा होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है।कार्यक्रम के अंत में जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने उपस्थित लोगों को तम्बाकू सेवन न करने एवं लोगो को तम्बाकू से होने वाली बीमारियों से जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सुरेश पाल, प्रतिसार निरीक्षक ब्रह्म देव चौहान , डॉ0 संध्या शुक्ला, विवेक श्रीवास्तव, एनसीडी क्लीनिक के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ0 रियाजुल हक, संतोष सिंह, बृज प्रकाश, शरद श्रीवास्तव, मेंटल हेल्थ टीम से मुकेश हंस, राज कुमार महतो, मनीष कुमार समेत पुलिस मार्डन पब्लिक स्कूल के छात्र, छात्राएं एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

# हादसे को दावत दे रहे हैं जल मिशन के द्वारा खोदे गए गड्ढे

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** विकासखंड धनपतगंज के केवटली ग्राम सभा में इस बरसात के मौसम में जल मिशन के द्वारा किए जा रहे कार्य हादसे का कारण बन चुका है। जल मिशन के द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के लिए सड़कों व रास्तों को उखाड़ जा रहा है। पर इसकी दुरुस्तीकरण समय एवं सही तरीके से न होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के रास्ते में खुदी हुई नाली सही तरीके से ना पटने पर खुली रह गई है जिससे बारिश होने पर और भी दयनीय स्थिति हो गई है । जिस रास्ते पर गांव वाले साइकिल मोटरसाइकिल लेकर या पैदल भी गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मगर इससे कार्यदाई संस्था वा ठेकेदार को कोई सरोकार नहीं है कि कोई गिरे या चोटिल हो उन्हें तो अपने काम से मतलब है। लेकिन सोचने वाली बात यह है कि इस तरह से किया जा रहे विकास के कार्य जो कि गांव में हादसे का दावत दे रहे हैं ।अगर किसी प्रकार का हादसा किसी के साथ होता है तो उसके जिम्मेदारी कौन लेगा।

# हाथों पर काली पट्टी बांध पंचायत सहायकों ने क्रॉप सर्वे कार्य का किया बहिष्कार

- काली पट्टी बांध पंचायत सहायकों ने पंचायत भवन पर किया कार्य

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जनपद सुलतानपुर के समस्त पंचायत सहायकों का क्रमिक क्रॉप सर्वे कार्य बहिष्कार मंगलवार को भी जारी रहा। जनपद के पंचायत सहायकों ने पंचायत भवन पर उपस्थित होकर अपने विभागीय कार्यो को किया। साथ ही हाथ पर काली बांधकर प्रतीकात्मक रूप से क्रॉप सर्वे कार्य का बहिष्कार किया।

पंचायत सहायकों का कहना है कि अधिकांश ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों का मानदेय पिछले छः महीने से नहीं मिला है। उन्होंने मांग की है कि उनका मानदेय प्रत्येक माह के 5 तारीख तक भुगतान कराया जाए। प्रत्येक माह इसकी समीक्षा हो और निर्धारित समय पर मानदेय हस्तांतरित न करने पर संबंधित पर कार्यवाई की जाए। साथ ही पंचायत सहायकों ने उनके द्वारा बनाए गए आयुष्मान कार्ड की प्रोत्साहन राशि को तत्काल प्रभाव से उनके खाते में हस्तांतरित करने की बात कही। सभी पंचायतों में इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराए जाने की मांग पंचायत सहायकों ने की है। इनका कहना था कि कृषि विभाग और राजस्व विभाग के डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्य को इनको जबरन सौंपा जा रहा है जो की शासन द्वारा जारी जॉब चार्ट के अनुरूप नहीं है। ऐसे में उनसे यह और दूसरे विभागों के कार्य ना कराया जाए। शुक्रवार को समय से मानदेय न मिलने, क्रॉप सर्वे कार्य से ड्यूटी हटवाए जाने समेत अन्य समस्याओं से हलाकान पंचायत सहायकों ने जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था जिसके बाद डीपीआरओ ने शाम तक समास्याओं की जांच कराकर निस्तारण कराने की बात कही थी। समस्याओ का निकारण न होने से आक्रोशित पंचायत सहायकों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट का घेराव किया था और जिलाधिकारी जसजीत कौर को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था।

# कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुशील ने सतगुर को दिया नया जीवन

- बिटाना एण्ड चंद्रावती हॉस्पिटल में हार्ट अटैक के मरीज की सफल एंजियोप्लास्टी

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जनपद में पहली बार कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर सुशील ने हार्ट अटैक के मरीज को एंजियोप्लास्टी सर्जरी करके बिटाना एण्ड चंद्रावती हॉस्पिटल मल्हीपुर रोड बहराइच में नया जीवन देने का काम किया है।

सतगुरु प्रसाद निवासी रामपुर जनपद बहराइच तथा जनपद बलरामपुर निवासी राम उजागर जो छाती में दर्द के साथ दिल के दौरे के समस्त लक्षणों के साथ अस्पताल में आए थे प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर सुशील द्वारा एंजियोग्राफी करने की सलाह दी गई जिसमें हृदय की नसों में ब्लॉकेज था दोनों मरीजों के तीमारदारों से बात कर एंजियोप्लास्टी सर्जरी करने की सलाह दी गई इसके उपरांत उपरोक्त दोनों मरीजों को एंजियोप्लास्टी करके छल्ला डाला गया दोनों मरीज अभी स्वस्थ हैं।

विटाना चंद्रावती हॉस्पिटल में बहराइच जिले की पहली कैथ लैब लगाई गई है। जिससे दिल के मरीज को हृदय से संबंधित बीमारियों की समस्त जांच 2 डी इको होलटर मॉनिटरिंग एंजियोग्राफी सहित हार्ट ब्लॉक के मरीज हेतु एंजियोप्लास्टी तथा पेस मेकर लगाने की व्यवस्था है। अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक डॉक्टर सुशील सोमवार से शनिवार प्रत्येक दिन मौजूद रहते हैं। डॉ. सुशील ने बताया कि बहराइच सहित आसपास के जिलों से हाइपरटेंशन सहित दिल की ढेर सारी बीमारियों से ग्रसित लोग प्रतिदिन ओपीडी में आते हैं। अस्पताल में कई मरीजों का एंजियोग्राफी एवं अभी तक हार्ट ब्लॉक के दो मरीज की एंजियोप्लास्टी करके उनको पुनः स्वस्थ करने का काम किया गया है। ऐसे मरीजों को जो हृदयघात होने पर लखनऊ जैसे बड़े शहरों में इलाज के लिए भागते थे और समय पर इलाज न होने से उनके हृदयघात से मौत हो जाती थी उनकी इमरजेंसी में एंजियोग्राफी एंजियोप्लास्टिक करके जान को बचाने का काम मिटाना और चंद्रावती हॉस्पिटल में किया जा रहा है। डॉ. सुशील जो की एमबीबीएस एवं एमडी मेडिसिन की पढ़ाई प्रतिष्ठित बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी बीएचयू से करने के उपरांत गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज उदयपुर से डीएम कार्डियो की डिग्री प्राप्त कर लखनऊ के चंदन एवं मिडलैंड अस्पताल में कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट के रूप में कम कर चुके हैं अब बहराइच जनपद में विटाना एवं चंद्रावती हॉस्पिटल में कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट के रूप में लोगों की सेवा हेतु उपस्थित रहते हैं। डॉ. सुशील यादव का कहना है कि खराब खानपान एवं अव्यवस्थित दिनचर्या बढ़ते दिल के मरीजों की संख्या की मुख्य वजह है नियमित व्यायाम एवं खानपान में सुधार से दिल की समस्याओं को रोका जा सकता है।

## गांधी जयंती पर पंत स्टेडियम में की जायेगी प्रतियोगिताएं

**सुल्तानपुर।** खेल निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के निर्धारित कार्यक्रमानुसार एवं जिलाधिकारी, सुलतानपुर के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय, पन्त, स्टेडियम सुलतानपुर के तत्वाधान में 02 अक्टूबर 2023 गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर प्रातः 09:00 बजे ध्वजारोहण के उपरान्त, प्रातः 09:30 बजे से बालक/बालिका वर्ग की 05 किमी0 पैदल चाल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालक/ बालिका की प्रविष्टि निःशुल्क है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालक/बालिका दोनो वर्गो मे स्थान पाने वाले विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई सौम्या गुरूरानी द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता परखने एवं मिशन कायाकल्प में विद्यालयों में कराये गये कार्यो को परखने हेतु प्राथमिक विद्यालय, अब्दुलपुरवा ब्लाक सुरसा, प्राथमिक विद्यालय पोखरी, उच्च प्राथमिक विद्यालय पोखरी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय महोलिया शिवपार का निरीक्षण किया गया। विद्यालयो में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आधारभूत सुविधाएं शौचालय, पेयजल,साफ-सफाई, रसोई घर एवं भोजन की गुणवत्ता का सूक्ष्य निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय अब्दुलपुरवा का शैक्षिक स्तर संतोषजनक पाया गया जबकि प्राथमिक विद्यालय पोखरी, उच्च प्राथमिक विद्यालय, पोखरी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय महोलिया शिवपार का शैक्षिक स्तर अत्यंत ही असंतोषजनक पाया गया । उच्च प्राथमिक विद्यालय पोखरी के बच्चों को राष्ट्रपति एवं देश के नाम जैसे सामान्य श्रेणी के प्रश्नों के उत्तर भी नहीं दिये जा सके। इसी प्रकार महोलिया शिवपार में लौह पुरूष सरदार पटेल के बारे में बच्चों को जानकारी नहीं थी, जबकि कक्षा में लौह पुरूष का चित्र लगा हुआ था। प्राथमिक विद्यालय अब्दुलपुरवा में पंजीकृत 182 बच्चो के सापेक्ष 09, प्राथमिक विद्यालय पोखरी में 159 बच्चों के सापेक्ष 07, उ0प्र0 विद्यालय पोखरी में पजीकृत 100 बच्चों के सापेक्ष 08, उ0प्रा0वि0 धियर महोलिया में पंजीकृत 180 बच्चों के सापेक्ष 06 अध्यापक तैनात हैं। इतनी बड़ी संख्या में अध्यापको तैनाती होने के बाद षिक्षा की गुणवत्ता निम्न श्रेणी की पाया जाना अध्यापकगणों की कर्तव्य विमुखता एवं शिक्षण के प्रति लापरवाही का द्योतक है।

इस संबंध में प्राथमिक विद्यालय, पोखरी, उ0प्रा0वि0, पोखरी एवं महोलिया शिवपार के शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर, कार्यवाही करने एवं पर्यवेक्षकीय उत्तरदायित्व हेतु जिला समन्वयक, गुणात्मक शिक्षा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी, बावन का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देष जिला बेसिक शिक्षा अधिकरी को दिये गये। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, बावन डा0राम प्रकाश, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बावन राम कुमार द्विवेदी एवं जिला समन्वयक एम0डी0एम0 मंयक त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## राधा-कृष्ण साहू समाज मंदिर पर पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी का किया गया स्वागत

**ललितपुर।** बुधवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर नई बस्ती स्थित राधा कृष्ण साहू समाज के मंदिर पर श्रीजी प्रभातफेरी मंडल द्वारा निकली गई। प्रभातफेरी व भगवान के स्वरूप राधा कृष्ण का तिलक लगाकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत कर विशाल प्रसाद वितरित किया गया। प्रभातफेरी देहरे बाबा मंदिर से शुरू हुई जो पानी की टंकी से होते हुए पुलिस चौकी, गांधी नगर, नई बस्ती, गुरुनानक धर्मशाला, आजादपुरा द्वितीय होते हुए फिर से देहरे बाबाजी के मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। आगे बैंडबाजे, घुड़बग्गी एवं भक्त रामधुन गाते जा रहे थे। गांधी नगर नई बस्ती स्थित राधा कृष्ण साहू समाज के मंदिर पर भक्तों द्वारा प्रभातफेरी व भगवान राधा कृष्ण के स्वरूप का फूलमाला व तिलक लगाकर स्वागत कर प्रसाद वितरण किया गया।

ग्राम पंचायत- मुडिली
वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 26.09.2023 से 30.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 11.10.2023 को दोपहर 01:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

विनोद कुमार
सचिव
ग्रा.पं. मुडिली

रामनाथ मौर्या
प्रधान
ग्रा.पं. मुडिली

# वर्षा जल संरक्षण को अनिवार्य रुप से लागू कराया जाए: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** अटल भूजल योजनांतर्गत, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थाओं एवं अर्द्धसरकारी कार्यालयों, प्राईवेट हॉस्पिटल आदि में प्राथमिकता के आधार पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाये जायें ताकि वर्षा जल को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संरक्षण हेतु ग्रामों में तालाबों का जीर्णाद्धार कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि अटल भूजल योजनान्तर्गत निर्माणाधीन कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी, तालबेहट को निर्देशित किया गया कि अटल जल इंसेटिव मद तथा ग्राम निधि/मनरेगा आदि योजना से कन्वर्जन करते हुए ग्राम पचायतों में जल संरक्षण एवं संवर्धन की कार्ययोजना अतिशीघ्र प्रस्तुत करें जिससे कि वाटर सिक्योरिटी प्लान में इंसेंटिव की कार्ययोजना भी अपडेट की जा सके। सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा अटल जल मद से प्रस्तावित 48 कार्यों में से 17 कार्य पूर्ण कर लिये गए हैं, जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अवशेष कार्यो को पूर्ण कराते हुए अवशेष व्यय भुगतान हेतु प्रेषित करें। सिंचाई विभाग राजघाट निर्माण खण्ड द्वारा अटल जल मद से प्रस्तावित तालाब जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उपस्थित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, लखनऊ के सहायक अभियंता आदित्य पाण्डेय द्वारा परियोजना के विभिन्न अवयवों/गाइडलाइन का प्रस्तुतीकरण आनलाइन किया गया तथा सीनियर फिजियोलोजिस्ट आकाशदीप द्वारा विस्तार से रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया। नोडल अधिकारी, अटल भूजल योजना द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा अटल जल मद से प्रस्तावित 91 कार्यों में से 80 कार्य पूर्ण कर लिए गये है, साथ ही 13 चैकडेम में से 09 चैकडेम पूर्ण करा लिये गए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, उपायुक्त मनरेगा रविन्द्रवीर यादव, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई नैयर आलम, अटल भूजल के नोडल अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान, भूमि संरक्षण अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत- भुसौला अदाई
वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 26.09.2023 से 30.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 12.10.2023 को शाम 03:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

विनोद कुमार
सचिव
ग्रा.पं. भुसौला अदाई

कौलेश्वर यादव
प्रधान
ग्रा.पं. भुसौला अदाई

ग्राम पंचायत- रसियावल खुर्द
वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 26.09.2023 से 30.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 11.10.2023 को सुबह 10:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

विनोद कुमार
सचिव
ग्रा.पं. रसियावल खुर्द

हेमलता
प्रधान
ग्रा.पं. रसियावल खुर्द

विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

गाड़ी संख्या 04151/04152 कानपुर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक (ट.) साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी सं.- 04151 कानपुर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक (ट.) | | | गाड़ी सं.- 04152 लोकमान्य तिलक (ट.)-कानपुर सेंट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| शुक्र | 15:45 | कानपुर सेंट्रल | 15:25 | रवि |
| 16:45 | 16:47 | फतेहपुर | 14:05 | 14:07 |
| 18:10 | 18:15 | प्रयागराज | 12:40 | 12:45 |
| 21:05 | 21:10 | सतना | 08:40 | 08:50 |
| 22:20 | 22:22 | कटनी | 07:25 | 07:30 |
| 23:30 | 23:40 | जबलपुर | 06:15 | 06:25 |
| 03:25 (शनि) | 03:35 | इटारसी | 02:55 | 03:00 |
| 08:00 | 08:05 | भुसावल | 23:00 | 23:05 |
| 14:55 | शनि | लोकमान्य तिलक(ट.) | शनि | 17:15 |

कानपुर सेंट्रल से : गाड़ी संख्या 04151, प्रत्येक शुक्रवार, दिनांक 07.10.2023 से 29.12.2023 तक।
लोकमान्य तिलक (ट.) से : गाड़ी संख्या 04152, प्रत्येक शनिवार, दिनांक 08.10.2023 से 30.12.2023 तक।

गाडी संरचना - सामान्य श्रेणी- 05, स्लीपर श्रेणी- 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01 एवं एसएलआर/डी- 02

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad. indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

1565/23 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

# छात्राओं को स्वच्छता पर देना चाहिए विशेष ध्यान: डॉ. अनुपमा



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय, रॉबर्ट्सगंज में देश की विख्यात दवा निर्माता कंपनी अलबर्ट डेविड लि. द्वारा बच्चियों में माहवारी के दौरान स्वच्छता जागरुकता एवं पी.सी. ओ.डी. संबंधी विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया,साई हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा साई हॉस्पिटल की प्रबंधक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.अनुपमा सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्राओं को माहवारी के समय स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से बताया। डॉ.अनुपमा सिंह ने आडियो विजुअल माध्यम से जननांग से संबंधित सभी जानकारी को उपस्थित छात्राओं से साझा किया, उन्होंने कहा कि एक जागरूक छात्रा ही भविष्य में एक स्वस्थ, शिक्षित एवं परिपक्व माँ बनती है। लड़कियों में माहवारी के दौरान सही देखभाल नहीं होने के कारण ही उनमें स्त्रीजनित रोगों और बांझपन की सम्भावनायें बढ़ जाती हैं। कंपनी के प्रबंधक देवेश गुप्ता ने इस कार्यक्रम के महत्व एवं कंपनी के सामाजिक सरोकारों एवं स्वस्थ भारत के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को सभी के बीच साझा किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ.अनुपमा सिंह का स्वागत करते हुए, इस मुहिम में सहयोग के लिए उनका और स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती कल्पना सिन्हा ने कंपनी एवं डॉ.अनुपमा सिंह का आभार व्यक्त किया और इस तरह के जागरुकता कार्यक्रम को एक निश्चित अवधि पर पुनः करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में कंपनी के स्थानीय प्रतिनिधि राजेश सिंह, वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती जोहरा फातिमा, हेमलता मिश्रा, कुसुम यादव, साई हॉस्पिटल वरिष्ठ स्टाफ सोल्या सिस्टर सहित स्कूल की सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# राजभाषा पखवाड़ा: वाद-विवाद प्रतियोगिता का किया आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में राजभाषा पखवाड़ा, 2023 के अंतर्गत दिनांक 26.09 .2023 को राजभाषा अनुभाग द्वारा कर्मचारी वर्ग हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में सायं 05:00 बजे से किया गया। इस प्रतियोगिता में काफी संख्या में कर्मचारियों नें उत्साह एवं उमंग से साथ भाग लिया।

इस प्रतियोगिता हेतु अपर महाप्रबंधक( क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान) श्री राघवेंद्र प्रसाद एवं श्री ब्रम्ह प्रकाश मिश्रा , शिक्षक, डीपीएस विंध्यनगर निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने बात को बड़े ही उत्साह एवं जोश के साथ रखा। साथ ही उन्होने अपने विपक्षियों द्वारा प्रस्तुत तर्कों का खंडन भी बड़ी ही सटीकता के साथ किया। तत्पश्चात निर्णायकों द्वारा सभी प्रतिभागी कर्मचारियों का पक्ष एवं विपक्ष में दिये गए तर्कों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, तर्क शक्ति एवं प्रस्तुति के आधार पर किया और विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की।

सभी विजयी प्रतिभागियों को राजभाषा पखवाड़ा, 2023 के समापन समारोह के दौरान परियोजना प्रमुख के कर-कमलों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यपालक(मानव संसाधन) सुश्री शिक्षा गुप्ता द्वारा किया गया।

## मिशन शक्ति के तहत ए.बी.पी.एस. के छात्राओं को किया गया जागरूक

**सोनभद्र/रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट में बुधवार, दिनांक 27 सितम्बर को मिशन शक्ति के तहत सी.ओ., पिपरी श्री आशीष मिश्रा और थाना प्रभारी, पिपरी श्री राजेश कुमार सिंह ने छात्राओं को जागरूक किया। छात्राओं को संदेश दिया गया कि मुश्किल समय में फोन से 112-डायल करके आसानी से पुलिस से मदद माँगी जा सकती है। सी.ओ. पिपरी श्री आशीष मिश्रा ने बताया कि अगर महिला से सम्बन्धित कोई भी शिकायत हो तो हेल्पलाइन नंबर-1090 पर तुरन्त फोन करना चाहिए।

फोन करने पर आप तक तुरन्त सुरक्षा पहुँचेगी। इसके साथ ही एन्टी रोमियो स्क्वायड के बारे में भी छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दयानन्द शुक्ल ने पुलिस प्रशासन के इस अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि आपात स्थिति में छात्राएं और महिलायें इन सेवाओं का लाभ उठा सकती हैं। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य सहित अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकायें मौजूद रहीं।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना: कैंप का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के अध्यक्षता में रावर्टसगंज ब्लाक के ग्राम पंचायत महुआरी के पंचायत भवन मे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना अन्तर्गत किया गया कैंप का आयोजन कैम्प में योजनान्तर्गत दस नवजात बालिकाओं का किया गया चिन्हाकन जिसके सम्बन्ध में जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा चिन्हित बालिकाओं की सूची तैयार कर तत्काल आवेदन भरवाये जाने हेतु सम्बंधित नोडल को निर्देशित किया गया कैम्प में जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय द्वारा बच्चो से सम्बंधित अधिकार एवं कानून की जानकारी दी गई साथ ही सरकार द्वारा बच्चो एवं बालिकाओ की सुरक्षा के दृष्टिगत बनाए गए टोल फ्री नंबर 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन कैसे काम करती है और उसका उपयोग कैसे करना है आदि की जानकारी दी गई। महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक साधना मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओ के बारे में भी बताया। उक्त कैम्प में जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक साहित अन्य ग्रामीण के लोग उपस्थित रहे।

# प्लाट खरीदने गयी महिला से रेप

- आरोपी सभासद पर मुकदमा दर्ज, अभी भी नहीं हुई गिरफ्तारी
- पीड़िता पर मुकदमे में समझौता करने को आपराधिक किस्म के लोग धमका रहे, एसपी से की मुलाकात

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** प्लाट खरीदने गयी एक महिला से रेप करने का मामला सामने आया है।जिसके बाद महिला ने आरोपी सभासद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है।लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के 16 दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नही की है। अब इस मामले में समझौते का दबाब बनाया जा रहा है। आपराधिक किस्म के लोग पीड़िता के घर जाकर उसको धमका रहे हैं। पीड़िता शाहजहांपुर एसपी से लेकर बरेली रेंज के आईजी तक अपनी फरियाद लेकर गिड़गिड़ा चुकी हैं लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी अब भी नही हो सकी।इस मामले को लेकर आज भी पीड़िता शाहजहांपुर एसपी से मिली हैं।शाहजहांपुर की कोतवाली तिलहर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 11 सितंबर को वह ग्रीन पार्क कालोनी में एक प्लाट खरीदने गयी थी।यह प्लाट अखलाक उर्फ गुड्डू का था।इस प्लाट को खरीदने के संबंध में महिला की कई बार फोन पर आरोपी से बात भी हुई थी।11 सितंबर को आरोपी ने प्लाट के पड़ोस बने गैराज में महिला को बुलाया और उसके साथ रेप किया।पुलिस ने इस मामले में धारा 376,323 के तहत मुकदमा भी दर्ज कर लिया।इसके बाद पीड़िता के न्यायालय में 164 के तहत बयान भी दर्ज किए गए।लेकिन पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नही कर रही है।पीड़िता ने ऐसे में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

**सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर एक दर्जन से अधिक गांव में कार्यक्रम कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई**

# 9 सालों में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत: कृष्णा राज

- भारतीय जनता पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान है- कृष्णा राज
- हमारी सरकारी सभी के लिए एक समान योजनाएं बनाती हैं: वीरेंद्र



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** सरकार के नववर्ष पूरे होने पर सुथा, कुआं डांडा, नवादा दरोवस्त, सथरापुर, भूडी, समेत एक दर्जन गांव में कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णराज एवं पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना ने सहभागिता की और सरकार की उपलब्धियां गिनाई एवं जनता की समस्याएं सुनकर समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया ।इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णराज ने की कहा कि मोदी सरकार ने 9 साल में ऐसे काम किया जिससे भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है कहा की हमारी दोनों सरकार सदैव जनता के हित की योजनाएं बनती है जिससे कि सर्व समाज लाभान्वित हो किसी भी विशेष वर्ग के लिए कोई भी योजना नहीं बनाई जाती है आगे कहां की हमारी सरकार ने 9 वर्ष में स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव और शहरों में 12 करोड़ शौचालय बनवाए हैं और पूरे देश भर में लगभग 49 करोड लोगों ने अपने बैंक खाते खुलवाए हैं आप लोगों को ध्यान होगा मोदी सरकार से पहले लोग बैंक जाने से डरते थे आज सभी लोग स्वतंत्र रूप से बैंक आते जाते हैं यह सरकार की बड़ी उपलब्धि है सभी लोग बैंक से जुड़ गए हैं और हमारा देश डिजिटल की तरफ है घूसखोरी खत्म हुई है। पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना ने कहा कि आप सभी लोग जानते हैं।

हमारे प्रदेश और केंद्र की सरकार आप लोगों के साथ हमेशा खड़ी रहती है और आगे भी खड़ी रहेगी आप लोगों को जो भी दिखाते होती हैं वह धीरे-धीरे दूर हो रही हैं आप लोग देखते होंगे आज जगह-जगह जहां जरूरत है वहां पुल निर्माण कराया जा रहा है जहां सड़क की जरूरत है सड़क बन रही है और भी जिन क्षेत्रों में शेष काम रह गए हैं वह भी तेजी से कराए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यभान सिंह भदोरिया, जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह ,पूर्व प्रधान सुधीर कुमार सिंह ,प्रधान कैप्टन अशोक कुमार सिंह अमित कुमार, श्यामवीर, मुकेश दीक्षित, आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला कारागार का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक महोदया व जिला जज जनपद हमीरपुर द्वारा जिला कारागार हमीरपुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, रसोईघर, सुरक्षा उपकरणों आदि को किया चेक, बंदियों से वार्ता कर आवश्यक सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गई तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### 2 से 8अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता अभियान



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक चलनें वाले स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रमों को सफल बनाने के दृष्टिगत दिनांक 27 सितम्बर को जिला जज विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर नें जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डा0 दीक्षा शर्मा के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए उचित निर्देश दिये। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गीतांजली गर्ग अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक वर्ष से पेंशन फार्म में नाम ठीक कराने के लिए परेशान हो रही विधवा



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** एक विधवा पति के रिटायर्ड होने के एक वर्ष बाद से पेंशन में नाम सही कराने की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराने के उपरांत कोषाधिकारी कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर है। लेकिन पुलिस मुख्यालय से भेजा गया पत्र एक वर्ष गुजर जाने के बाद भी पेंशन फार्म में शामिल नहीं हो सका है। इससे उसे पति की मौत के बाद पेंशन भी नहीं मिल पा रही है। पीड़िता ने नवागंतुक जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

सुमेरपुर कस्बे के चांद थोक निवासी कैलाशवती ने जिलाधिकारी को बुधवार को सौंपे गए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि उसके पति विश्राम सिंह यादव उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत थे। पुलिस अधीक्षक ललितपुर की संस्तुति पर पति के आवेदन में कैलाशा की जगह कैलाशवती नाम दर्ज करने का आदेश पुलिस मुख्यालय लखनऊ से 16 अगस्त 2022 को किया गया था और आदेश रजिस्टर्ड डाक से 22 अगस्त 2022 को वरिष्ठ कोषाधिकारी को भेजा गया था।

आदेश की एक-एक प्रति पुलिस अधीक्षक ललितपुर के साथ उसके पति को भेजी गई थी। सभी को पत्र प्राप्त भी हो गए। लेकिन वरिष्ठ कोषाधिकारी हमीरपुर को पत्र नहीं प्राप्त हुआ। पीड़िता ने अवगत कराया है कि उसके पति की गत 17 अगस्त को बीमार होने के कारण मौत हो चुकी है। उनकी मौत के बाद उसे पेंशन नहीं मिल पा रही है। पीडिता ने जिलाधिकारी से जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। वरिष्ठ कोषाधिकारी दिनेश कुमार सचान ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अगर उनके कार्यालय में किसी तरह की लापरवाही हुई है तो जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। अगर पीड़िता का पत्र नहीं आया तो वह पुलिस मुख्यालय को पत्र भेजकर दोबारा डिस्पैच करने के लिए पत्राचार करेंगे।

# पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** मटौंध कस्बा स्थित एक मकान और आभूषण की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी किया गया माल और नगदी रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस का कहन है कि अन्य चोरियों का भी जल्द ही खुलासा किया जाएगा। मटौंध कस्बे हरसिन थोक निवासी कमलेश प्रजापति पुत्र महावीर प्रजापति के मकान और गूरहा थोक निवासी सत्यनारायण पुत्र राजाभइया की आभूषण की की दुकान में चोरों ने 10 अगस्त की रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मटौंध थाने में मामला भी पंजीकृत किया गया था। पुलिस चोरों की सुरागरसी कर रही थी। पुलिस लाइन सभागार में मीडिया से रूबरू होते हुए अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बुधवार को जखौरा अंडरब्रिज के पास से हबीब उर्फ बच्चा पुत्र गप्पू निवासी कीरतपुरवा थाना सरवई छतरपुर व शमीम पुत्र वसीर निवासी मुहल्ला शंकरपुरवा थाना कबरई जनपद महोबा को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये गये लगभग 1.7 लाख रुपये कीमत आभूषण व नगदी 7050 रुपए बरामद हुए हैं। इसके अलावा एक बाइक और एक तमंचा व दो कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मटौंध रामदिनेश तिवारी, उप निरीक्षक आनंद कुमार चौकी प्रभारी भूरागढ़, उप निरीक्षक विनोद कुमार निगम, कांस्टेबल कृष्णकुमार दिलीप कुमार, उदयभान शामिल रहे।

## आईआईटी के नए सत्र में जमकर थिरके छात्र

**बांदा।** केसीएनआईटी प्राईवेट आईटीआई संस्थान मे नए सत्र का शुभारंभ किया गया। शुभारम्भ संस्थान के निदेशक डा. प्रदीप भटनागर एवं प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। संस्थान के निदेशक ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वह जनपद के प्रथम ग्रेडिंग प्राप्त संस्थान में पढ़ने आए है। उनको कुशल बनाने के लिये अध्यापकगण पूरी निष्ठा और तन्मयता से प्रयास करेंगे, जिससे आप भविष्य में अपने कौशल का उपयोग प्रभावी ढंग से कर सकें। कार्यक्रम का आरंभ स्वागत गीत से हुआ, जिसमें फिटर प्रथम वर्ष के छात्र प्रियांशु ने अपनी गायन कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रमों में गीत, डांस, मोटिवेशन, स्पीच आदि का प्रदर्शन हुआ। ग्रुप डांस में सचिन, आनन्द सोनकर, आशीष, प्रमोद, सुनील ने व गीत में शिवम, विवेक कुमार, एवं शोलो डांस में स्नेहा चौरसिया, पूजा वर्मा ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन कर समां बांध दी। सत्र 2023-24 के लिए मिस्टर फेशर का खिताब इलेक्ट्रीशियन प्रथम वर्ष के छात्र मोहित पाल तथा मिस फेशर का खिताब फिटर प्रथम वर्ष की छात्रा स्नेहा चौरसिया को दिया गया।

# बाल विवाह पर छात्राओं को किया गया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ग्राम-गुनारा जलालाबाद में बाल विवाह एवं बाल शोषण जैसे विषयों पर महिला कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिला प्रोवेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशानुसार प्रभारी महिला कल्याण अधिकारी अम्रता दीक्षित द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान अमृता दीक्षित ने बालिकाओं को सुरक्षा एवं बाल अधिकारों पर जागरूक किया एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों पर बालिकाओं को जानकारी दी, उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से पूर्व अवस्था में बालक बालिकाओं का विवाह किये जाने से न केवल उनका बचपन प्रभावित होता है, बल्कि पूरे देश के आगामी विकास में व्यवधान उत्पन्न होता है। क्योंकि आज की बालिका ही कल के भविष्य को जन्म देती है, बालविवाह बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बहुत बड़ा अभिशाप सिद्ध होता हैं। बालिकाओं के जीवन में शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि यदि हम शिक्षित होंगे तो, हम शोषित नहीं हों सकते हम अपने अधिकारों के लिए जागरूक हों तो कोई हमारे अधिकारों का हनन नहीं कर सकता।

## सर्पदंश से युवती की मौत, परिजन बेहाल

**बांदा।** जमीन पर लेटी युवती को सर्प ने डस लिया। परिजनों ने पहले उसकी झाड़फूंक कराई। हालत में सुधार न होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। तिंदवारी थाना क्षेत्र के बहिंगा गांव निवासी सीमा (35) पत्नी राजकुमार मंगलवार की रात जमीन पर लेटी थी, तभी सर्प ने डस लिया।

चीखपुकार सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। ओझाओं को बुलाकर उसकी झाड़फूंक कराई। हालत में सुधार न होने पर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी में भर्ती कराया। इसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल ले आए। डाक्टरों ने हालत नाजुक बताकर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका अपने पीछे एक बेटी और दो बेटा छोड़ गई है। पति मजदूरी करता है।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत की गई एंटीरोमियों चेकिंग, चलाया गया जागरुकता

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** दिनाँक 27.09.2023 को जनपद हमीरपुर पुलिस के समस्त थानों में गठित एंटी रोमियो टीम द्वारा नारी सुरक्षा व सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत बस स्टैंड/ बाजार/ सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/ यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टीरोमियों टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/ एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/ बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।


महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही सभी बालिकाओं/ महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/ सहायता हेतु महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई व बिना वजह घूम रहे युवकों/शोहदों से पूछताछ कर हिदायत दी गई।

## युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**बांदा।** पांच सौ रुपए न देने से नाराज बेटे ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में गमछे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के शिव गांव निवासी शुभम शिवहरे (25) पुत्र बृजेश शिवहरे ने मंगलवार की शाम कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में गमछे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शाम को खेत से घर लौटी मां ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही वह चीख पड़ी। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछतांछ करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चचेरे भाई मोनू ने बताया कि शुभम नशे का आदी था। वह अपनी मां उर्मिला से शराब पीने के लिए 500 रुपया मांग रहा था। मां ने रुपया नहीं दिया, इससे नाराज शुभम ने पहले मां का मोबाइल तोड़ दिया। मां नाराज होकर खेत चली गई।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

- संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ ने चलाया अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** देश के कई राज्यों में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो रहा है इसलिए उत्तर प्रदेश में भी लागू हो इसके लिए संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के बैनर तले दो दिवसीय पत्रकारों का हस्ताक्षर अभियान शहर में चलाया। जिसमे से 70 पत्रकारों ने अपनी सहमति जताते हुए हस्ताक्षर किया। संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ बुंदेलखंड प्रभारी इकबाल खान ने बताया कि देश में कई राज्यों में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो रहा है,फिर भी उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो उसके लिए बांदा जनपद के मुख्यालय में पूर्व नियोजित दो दिवसीय पत्रकारों का हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है जिसमे से जनपद के लगभग 70 पत्रकारों ने अपनी सहमति जताते हुए हस्ताक्षर किया है। उन्होंने बताया कि पत्रकारों की 25 मांगों को जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सूचना एवम प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार,राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। इस समय पत्रकारों की हो रही हत्या, हमला, प्रताड़ना, जानमाल की क्षति तथा असुरक्षा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना चाहिए। पत्रकारों की प्रमुख मांगे खबर पालिका गठित की जाय तथा पत्रकारिता को लोकतंत्र के प्राथमिक आधारभूत स्थायी स्तम्भ का संवैधानिक दर्जा देकर कानूनी मान्यता दी जाय। पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू किया जाय। पत्रकारिता विकास निगम व मिशन बनाया जाय। समाचार पत्रों ,मीडिया संस्थानों एवं सूचना संचार प्रचार-प्रसार माध्यमों को स्वायत्त,स्वावलम्बी तथा आत्म निर्भर बनाया जाय।

# अधिकारी व कर्मचारी टीम भावना से करें कार्यः केशव



- जरूरतमंद लोगों को दिलायें सरकारी योजनाओं का लाभ
- जन समस्याओं का करें, त्वरित गति से समाधान
- तहसीलवार टीम गठित कर गांवो की परिसम्पियों पर हुये अवैध कब्जे हटवायें: केशव प्रसाद मौर्य

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कलेक्ट्रेट सभागार हाथरस में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि सर्वांगीण विकास हेतु अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के सभी ज़रूरतमन्द लोगों तक भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुँचाये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करते हुए गांव, गरीब, किसान, महिलाओं व ज़रूरतमन्द लोगों को तरजीह दी जाय। इस बात का प्रयास किया जाय कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा कोई नवाचार किया गया है तो उसे आज आयोजित कार्यवृत्त में अवश्य शामिल करें। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन या अन्य किसी माध्यम से कोई व्यक्ति समस्या लेकर आये ,तो समस्या समाधान में किसी प्रकार का टालमटोल न करते हुए समस्या का गुणवत्तापूर्णढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समस्या का समाधान नियमानुसार सम्भव नहीं है, तो उसे आश्वस्त अवश्य करें। शिकायतकर्ता की किसी भी दशा में उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में विकास संबंधी जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं अथवा नये विकास कार्यों को कराये जाने की आवश्यकता है। उसके संबंध में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु समय-समय पर पत्र जारी करने के निर्देश दिए। शहर को जाम से निजात दिलाये जाने हेतु शहर से बाहर ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने के साथ ही रेलवे क्रॉसिंग पर पुल अण्डरपास बनाये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

उन्होंने जिलाधिकारी को चारागाहों एवं सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाये जाने हेतु तहसीलवार टीम बनाकर अभियान चलाते हुए खाली कराने, चकमार्गो को मानक के अनुरूप पैमाईश कराते हुए निकलवाने, तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने, आपसी विवादों को सुलह समझौता के आधार पर सुलझाने के निर्देश दिए। दाखिल खारिज से संबंधित मामले किसी भी दशा में लम्बित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने कार्डो को आधार से शतप्रतिशत लिंक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भूमि पर भू-माफिया द्वारा अवैध कब्जा किया गया है तो उसके प्रति कतई रहम न बरतें, यदि किसी गरीब व्यक्ति द्वारा दैनिक उपयोग हेतु भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है तो उसे किसी दूसरे स्थान पर भूमि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपरांत अवैध कब्जे को हटाये जाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में सरकार की मंशा के अनुरूप चौपालों का आयोजन करने एवं आयोजित की जाने वाली चौपाल के संबंध में ग्राम वासियों को पूर्व में सूचना उपलब्ध कराने के साथ ही चौपाल से पूर्व स्वच्छता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्णढंग से करने के पश्चात् शिकायतकर्ता को सूचित करने के निर्देश दिए। दिव्यांगों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को समयान्तर्गत मुहैया कराने एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

# नवम्बर माह में लगेगा भव्य सिल्क एक्सपोः सचान



- खादी, हथकरघा एवं ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन भी साथ-साथ होगा
- एक्स्पों में फैशन-शो भी होगा आयोजनः राकेश सचान

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम तथा हथकरघा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि आगामी नवम्बर में रेशम विभाग द्वारा लखनऊ में आयोजित किये जाने वाले सिल्क एक्सपो में संयुक्त रूप से खादी, हथकरघा एवं एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रदर्शनी का भी आयोजन कराया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य एवं मण्डल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनी की तिथि निर्धारित करते हुए आवश्यक तैयारियों अभी से शुरु कर दी जायें।

सचान ने यह निर्देश आज खादी भवन में विभागीय कार्यो की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि जनपद एवं मण्डल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनी का शुभारम्भ वहां के प्रतिनिधियों से कराया जाये। स्थानीय स्तर पर कारीगरों, हस्तशिल्पियों एवं बुनकरों को बड़ी संख्या में प्रदर्शनी में शामिल कराया जाये। इससे उन्हें एक स्थान पर बड़ा बाजार मिलेगा और उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी/मेले में प्रत्येक जिले से कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों के उत्पादों का प्रदर्शन सुनिश्चित कराया जाये।

सचान ने यह भी कहा कि निफ्ट से प्रशिक्षित खादी के कामगारों द्वारा तैयार किये गये खादी वस्त्रों के प्रदर्शन हेतु सिल्क एक्स्पों में फैशन-शो का भी आयोजन कराया जाये। इसमें ख्याति प्राप्त मॉडल एवं डिजाइनरों को भी आमंत्रित किया जाये।

# 6 दिनों में 317 आवंटियों ने कराई रजिस्ट्री

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर लविप्रा के आवंटियों की सुविधा के लिए लगाये गये विशेष निबंधन शिविर में महज 6 दिनों में 317 आवंटियों ने अपने पक्ष में रजिस्ट्रियां कराई। प्राधिकरण भवन में निबंधन विभाग के कर्मियों की मौजूदगी में रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार करने और पंजीयन की कार्रवाई एक ही जगह करायी गयी। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से समय-समय पर आवासीय और व्यवसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री नहीं हो पायी थी, जिसके चलते आवंटियों को निबंधन कार्यालय व प्राधिकरण के बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे थे। इसे ध्यान में रख उपाध्यक्ष ने 21 सितम्बर से विशेष निबंधन शिविर का आयोजन कराया। उन्होंने बताया कि शिविर के आखिरी दिन बुधवार को 86 आवंटियों ने रजिस्ट्री कराई। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, कानपुर रोड योजना, शारदा नगर योजना, प्रियदर्शिनी योजना, जानकीपुरम विस्तार योजना और सीजी सिटी सहित विभिन्न योजनाओं में स्थिति अपार्टमेण्ट्स के फ्लैट और व्यवसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री हुई।

# 38 से ज्यादा ट्रेनों में सीटें नहीं हैं उपलब्ध

**15 अक्टूबर से तत्काल कोटा देगा राहत**

दिल्ली और मुम्बई समेत कई शहरों से लखनऊ आने वाली नियमित ट्रेनों में सीटें फुल है। ऐसे में उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन 15 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी में है। यह ट्रेनें 15 अक्टूबर से तीन नवम्बर तक चलाई जा सकती है। वहीं नियमित ट्रेनों में तत्काल कोटे की करीब पांच हजार सीटें हैं। तत्काल कोटे की इन सीटों से यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।



- कंफर्म सीटों के लिए अभी से है मारामारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** इस बार दशहरा, दीपावली और छठ पर दिल्ली, मुम्बई, पंजाब व गुजरात से लखनऊ आने वालों की राह आसान नहीं होगी। यूपी आने वाली 38 से ज्यादा ट्रेनों में सीटें उपलब्ध नहीं है। लगभग हर ट्रेन में वेटिंग शुरू है। कंफर्म सीटों के लिए अभी से मारामारी है। दिल्ली से आने वाली ट्रेनों में वेटिंग 215, मुम्बई की ट्रेनों में 322 तक पहुंच गई है। ऐसे में घर आने वालों के लिए पूजा स्पेशल ट्रेनें और तत्काल सीटों का सहारा है। दिल्ली से लखनऊ की ट्रेनों में एसी एक्सप्रेस की थर्ड एसी इकोनॉमी क्लास में 9, 10 व 11 नवम्बर को वेटिंग 77 पहुंच गई है। लखनऊ मेल में 215 वेटिंग, थर्ड एसी में 94 वेटिंग पहुंच गई। अयोध्या एक्सप्रेस स्लीपर में वेटिंग 129, थर्ड एसी में 68 वेटिंग है। गोमती एक्सप्रेस की चेयरकार में 73 वेटिंग, काशी विश्वनाथ में 130, थर्ड एसी में 61 वेटिंग है। हमसफर के थर्ड एसी में 200 वेटिंग है। मुम्बई से लखनऊ पुष्पक के स्लीपर में 9, 10 व 11 नवम्बर को 224, 322, 315 वेटिंग है और थर्ड एसी में 152, 205, 193 वेटिंग है। एलटीटी गोरखपुर के स्लीपर में 119, 149, 132 व थर्ड एसी में रिग्रेट चल रहा है। कुशीनगर में 115, 145, 148, थर्ड एसी में 77, 100 रिग्रेट है। अवध एक्सप्रेस स्लीपर में 223, 240, 216 व थर्ड एसी में 75, 100 व 56 वेटिंग है।

# संक्षिप्त समाचार

## राकेश करेंगे रोहतक-मेहम-हांसी रेल लाइन का निरीक्षण

**नई दिल्ली/लखनऊ।** जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि राकेश कुमार शर्मा, मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तरी क्षेत्र द्वारा दिनांक 28.09.2023 को दिल्ली मण्डल के गढ़ी (छोडकर) से हांसी (छोड़कर) कि.मी. 58.635 से लेकर 68.212 (9.577 कि.मी.) तक रोहतक-मेहम-हांसी नई रेल लाइन का ट्रॉली निरीक्षण व उच्च गति परीक्षण किया जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त खण्ड में रेलवे लाइन से दूर रहें और रेलवे लाइन पार न करें । रेलवे लाइन पार करना दण्डनीय अपराध है और रेलवे अधिनियम के तरह अभियोजन के लिए उत्तरदायी हैं।

## मुख्यमंत्री योगी ने ईद-ए-मिलादुन नबी पर प्रदेशवासियों को दी हार्दिक बधाई



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-ए-मिलादुन नबी के मौके पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पर्व समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ाने के लिए नई प्रेरणा देगा।

## 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का शुभारम्भ आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भाषा विभाग द्वारा ''75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव'' मनाया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ उ0प्र0 संस्कृत संस्थान, नया हैदराबाद, लखनऊ के सभागार में दिनांक 28.09.2023 को किया जा रहा है। प्रथम सत्र का आयोजन पूर्वाह्न 11:30 बजे से एवं द्वितीय सत्र का आयोजन अपराह्न 4:00 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां, निदेशक, विनय श्रीवास्तव, उ0प्र0 संस्कृत संस्थान द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि तमिल के महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी के जन्म दिवस दिनांक 11 दिसम्बर भारतीय भाषा दिवस के रूप में घोषित है। इस भारतीय भाषा दिवस को इस वर्ष 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत शुभारम्भ कार्यक्रम में बहुभाषी संगोष्ठी (हिन्दी, तमिल, कन्नड़, मराठी, संस्कृत, उड़िया, पंजाबी, सिंधी, उर्दू) एवं बहुभाषीय कवि सम्मेलन (हिन्दी, तमिल, कन्नड़, मराठी, संस्कृत, उड़िया, पंजाबी, सिंधी, उर्दू) तथा रामायण पर आधारित नाटक का मंचन किया जा रहा है।

## यूपीनेडा एवं एनएचपीसी के मध्य समझौता पत्र हस्ताक्षरित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सोलर पॉलिसी-2022 के तहत जनपद अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत उ0प्र0 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, सड़कों एवं मार्गों का सोलर के माध्यम से ऊर्जीकरण किया जा रहा है। वर्तमान में अयोध्या के प्रमुख पार्कों में 2.5 किलोवाट क्षमता का सोलर ट्री स्थापित किये जाने हेतु यूपीनेडा एवं एन0एच0पी0सी0 (नेशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन) के मध्य आज समझौता पत्र हस्ताक्षरित किया गया। इस दौरान निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी ग्रेड-1, यूपीनेडा, आर0पी0 सिंह एवं वरिष्ठ परियोजना अधिकारी ग्रेड-1, यूपीनेडा, अजय कुमार-1 तथा जनरल मैनेजर, एन0एच0पी0सी0 आर0पी0 सिंह एवं उनके सदस्य उपस्थित रहें।

# निपुण लक्ष्य को समय से पूर्ण किये जाएंः अपर मुख्य सचिव

**अपर मुख्य सचिव ने बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की**



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन और बेहतर ढंग से किया जाये इसमें किसी प्रकार ढिलाई नहीं की जायें। निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करायी जाये और निपुण लक्ष्य को समय से ही पूरा किया जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये। अर्न्तजनपदीय के अन्तर्गत स्थानान्तरित शिक्षक/शिक्षिकाओं का वेतन व एरियर का भुगतान की नियमानुसार कार्यवाही करते हुए किया जाये। परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को दी रही शिक्षा को और बेहतर ढंग से प्रदान किया जाये, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाये।

अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार आज योजना भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों में सभी निर्धारित मानक बिन्दुओ पर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए विद्यालयों के संतृप्तीकरण का कार्य कराया जाये तथा विद्यालयों एवं शौचालयों की साफ-सफाई व अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाये। उन्होंने विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के तहत अविद्युतीकृत विद्यालयों में विद्युत व्यवस्था कराये जाने, गुणवत्ता शिक्षा के तहत निपुण लक्ष्य ऐप पर आंकलन की प्रगति, शिक्षक संकुल, एस.आर.जी. एवं ए.आर.पी. द्वारा निपुण विद्यालय बनाये जाने के कार्ययोजना एवं प्रगति, जनपद के विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के संचालन एवं विद्यालयों में लगाये गये 'हमारे शिक्षक' बोर्ड को अद्यतन किये जाने की समीक्षा की।

अपर मुख्य सचिव ने बालिका शिक्षा के तहत बालिकाओं का शत-प्रतिशत नामांकन एवं आधार वेरिफिकेशन, शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के चयन की प्रगति, कक्षा-9 की बालिकाओं का रजिस्ट्रेशन कराने की प्रगति, विद्यालयों के उच्चीकरण हेतु निर्माण कार्यों की प्रगति तथा समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को डी.बी.टी. के माध्यम से स्टाइपेण्ड एवं एस्कॉर्ट एलाउंस बच्चों को दिये जाने तथा समर्थ एप पर दिव्यांग बच्चों के पहचान एवं नामांकन में वृद्धि की समीक्षा की।

# शैक्षणिक यात्रा का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लखनऊ। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के द्वारा एक शैक्षणिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका को डॉ0 सनोबर हैदर ने छात्रों को ऐतिहासिक कोंस्टेंशिआ (ला मार्टिनियर विद्यालय), लखनऊ का भ्रमण कराया, जिसे मेजर जनरल क्लॉड मार्टिन के द्वारा लगभग 200 वर्ष पूर्व स्थापित किया गया था ,जो कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक केंद्र भी था । डॉ0 सनोबर हैदर ने छात्रों को इस शैक्षणिक यात्रा के महत्व एवं छात्रों में अन्वेषण एवं अनुसंधान की भावना जागृत करने की बात कही एवं वाणिज्य विभाग की डॉ0 मधुमिता गुप्ता ने भी छात्रों को विरासत संरक्षण के बारे में जागरूक किया।

## उत्तर प्रदेश महादेव, भगवान राम, कृष्ण और बुद्ध की पावन धराः मंत्री जयवीर

**लखनऊ।** विश्व पर्यटन दिवस पर उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रेडियो जयघोष को दिये अपने साक्षात्कार में संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश महादेव, भगवान राम, कृष्ण और बुद्ध की पावन धरा है। उन्होंने यह भी बताया कि बेहतर सुविधाओं के कारण उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक पर्यटक आयें हैं। रेडियो जयघोष की आरजे समरीन को दिये साक्षात्कार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वैश्विक पर्यटन दिवस का भी यही संदेश है कि लोग भ्रमण करें और आपस में मित्रवत रहें।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सभागार में हुई बैठक



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सभागार में आज बैठक की गयी।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन की कार्यवाही के अन्तर्गत एक वृहद सर्वे कराया जाना है। इसके अनुसार शहरी क्षेत्रों में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज तथा उच्च गगनचुम्बी इमारतों में भूतल पर स्थित कॉमन फैसिलेटशन एरिया/कम्युनिटी हाल्स/स्कूल इत्यादि में एक रूम का चयन पोलिंग स्टेशन के रूप में कर लिया जाए। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मतदाताओं हेतु भी पोलिंग स्टेशन का चयन किया जाना अपेक्षित है। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के सम्भाजन की कार्यवाही को दृष्टिगत रखते हुए आयोग द्वारा अर्हता 01 जनवरी, 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के घोषित कार्यक्रम के अनुसार 17 अक्टूबर, 2023 को होने वाले आलेख्य प्रकाशन की तिथि को आयोग द्वारा संशोधित किए जाने के बारे में चर्चा की गयी। सीईओ ने समस्त मान्यता राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों से अनुरोध किया है कि वे प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों हेतु बूथ लेवल एजेण्ट्स तत्काल नियुक्त कर दें, जिससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान को सुचारू रूप से चलाया जा सके।

# बारह रबीउल अव्वल की पूर्व संध्या पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी का हुआ आयोजन

- शायरों ने अपने कलाम बारगाहे रिसालत में पेश किये



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** बारह रबीउल अव्वल की पूर्व संध्या पर बुधवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर जलसों और जश्न ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। जलसों और जश्न ईद मिलादुन्नबी में उलमा और जाकिरों ने रसूले अकरम की सीरत और अजमत बयान करते हुए उन्हें सारी इंसानियत के लिए रहमत बताते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर नातिया मुशायरों का भी आयोजन किया गया, जिसमें शायरों ने अपने कलाम बारगाहे रिसालत में पेश किये। वहीं मस्जिदों और मुस्लिम इलाकों में खूबसूरत रोशनी से सजावट की गयी थी और जगह-जगह सबील लगा कर लोगों को पानी-शर्बत आदि वितरित किया गया। चौक मण्डी में मरकजी मिलाद कमेटी चौक की ओर से आयोजित जश्ने खैरुल बशर को सम्बोधित करते हुए इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि नबी की विलादत पूरी दुनिया के लिए रहमत है। आपके आने से नया सूरज रोशन हुआ, जो लोग अपने मालिक-खालिक को भूल चुके थे आपकी दावत ने उन्होंने अपने मालिक और खालिक को पहचाना। हराम-हलाल, जायज-नाजायज, सच-झूठ और हक व बातिल के फर्क को समझा।

मौलाना ने कहा कि रसूल की मोहब्बत केवल नारों और दावों से नहीं बल्कि अपनी जिन्दगी में सुन्नते रसूल की पाबंदी करने से होगी। आल इंडिया सुन्नी बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद मुश्ताक और मौलाना आफताब आलम खैराबादी ने भी जलसे को खिताब करते हुए कहा कि इस्लामी शरीयत की हिफाजत हर मुसलमान की पहली जिम्मेदारी है। यह शरीयत कुरान और हदीसे नबवी पर कायम है। इस पर अमल करना मुसलमान होने की निशानी है। जलसे का संचालन रफत शैदा सिद्दीकी ने किया। जलसे में मोहम्मद उस्मान की अध्यक्षता में नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। लालबाग स्थित अमीरुद् दौला इस्लामिया कॉलेज में जफरयाब जीलानी मेमोरियल सोसाइटी की ओर से जश्ने रहमतुल लिल आलमीन का आयोजन चौधरी शरफुद्दीन की अध्यक्षता में किया गया। जश्न का आगाज कारी मोहम्मद जुबैर खां ने तिलावते कलामे पाक से किया।

**निकाला जाएगा जुलूस मदहे सहाबा और जुलूसे मोहम्मदी**

**लखनऊ।** बारह रबीउल अव्वल के मौके पर गुरुवार को जुलूस मदहे सहाबा और जुलूसे मोहम्मदी निकाला जाएगा। मजलिस तहफ्फुजे नामूसे सहाबा की ओर से अमीनाबाद स्थित झण्डे वाला पार्क से सुबह 9 बजे जुलूस मदहे सहाबा मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली सहित अन्य उलमा के नेतृत्व में निकलेगा, जबकि चौक स्थित शाहमीना शाह की मजार से आल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में दोपहर 12:30 बजे जुलूसे मोहम्मदी निकाला जाएगा। जुलूस मदहे सहाबा को लेकर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि जुलूस को लेकर ईदगाह में तैयारियां पूरी हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जुलूस में मुसलमानों को अधिक से अधिक शामिल होकर रसूल और सहाबा के प्रति अपनी मोहब्बद और अकीदत का इजहार करना चाहिए।

# विद्युत उपभोक्ताओं को वाट्सएप ग्रुप व चैनल से जोड़ा जायेगा



- उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहाः ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु वाट्सएप ग्रुप एवं चैनल चालू किया जायेगा। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार उपभोक्ताओं के हित में और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है, जिससे कि वे अपनी समस्याओं का हल एवं सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार सरकार बनने के बाद से लगातार करोड़ो विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा एवं समस्याओं के लिये अनेक प्रयास किये गये। इस समय भी बिजली विभाग द्वारा ''आपके द्वार'' एवं 'फोन घुमाओं' अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना में विभाग के अधिकारी उपभोक्ता के घर-घर जाकर विद्युत सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं और उनकी समस्याओं को हल कर रहे हैं। इसी तरह फोन घुमाओं अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली बिल ससमय जमा करने आदि के बारे में प्रेरित किया जा रहा है। उपभोक्ता हमारे लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उपभोक्ता देवो भवः की नीति के तहत उनकी सभी समस्याओं का हल उसे फ्रेन्डली माहौल में मिले। इसके लिए पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों द्वारा ऐसा प्रयास पहली बार सफलतापूर्वक किया जा रहा है। अभी तक उपभोक्ताओं से ट्विटर, फेसबुक, पोर्टल, ऐप आदि के माध्यम से सम्पर्क किया जा रहा है। लेकिन वाट्सएप सम्पर्क का एक सशक्त माध्यम है। इसलिये ऊर्जा विभाग वाट्सएप के माध्यम से भी उपभोक्ताओं से सम्पर्क में रहे, इस पर कार्य करने के लिये निर्देश दिये गये है।